नवरात्र का 5वां दिन

पूजन मंत्र - सिंहासनगता नित्यं, पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी, स्कंदमाता यशस्विनी।।


माँ स्कंदमाता

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com • रायपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024 • पृष्ठ-12 • वर्ष-08, अंक-230 • मूल्य ₹3.00


## क्विक न्यूज़

### महापौर एजाज ढेबर के यहां एसीबी का छापा



**रायपुर।** शराब घोटाला के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दूसरे दिन भी छापेमारी की। ईओडब्ल्यू की टीम ने अनवर ढेबर के भाई और रायपुर महापौर एजाज ढेबर के साथ ही अख्तर ढेबर और जुनैद ढेबर के घर पर भी दबिश दी। इसके साथ ही जांच एजेंसियों ने अनवर ढेबर के होटल वेनिंगटन में भी छापा मारा। इसके साथ ही कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किए गए हैं।

### सौम्य चौरसिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित



**रायपुर।** कोयला घोटाला केस में सेंट्रल जेल में बंद निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर 12 अप्रैल को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने 16 अप्रैल तक फैसला सुरक्षित रखा है। गौरतलब है कि सौम्या ने बच्चों की परवरिश को लेकर ग्राउंड बनाया था। बता दें ईडी की स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज करने के बाद निचली कोर्ट में जमानत याचिका लगाई गई है।


### भारतीयों को ईरान और इज़रायल की यात्रा नहीं करने का परामर्श

**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे मौजूदा स्थिति को देखते हुए ईरान और इजरायल की यात्रा नहीं करें और जो लोग वहां पहले से ही हैं, वे अत्यधिक सावधानी रखें। विदेश मंत्रालय ने जारी परामर्श में कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इज़रायल की यात्रा न करें। मंत्रालय ने कहा कि वे सभी जो वर्तमान में ईरान या इज़रायल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वहां भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को न्यूनतम तक सीमित रखें।

# शाह ने कहा-तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये तैयार यूपी

**पायनियर संवाददाता ◂ मुरादाबाद**
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में उत्तर प्रदेश की विशेष योगदान रहा है और इस बार भी राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह राज्य मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये पूरी तरह कमर कस चुका है। मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सर्वेश सिंह तथा संभल के परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी। शाह ने कहा कि पहले की सरकारों में कानून व्यवस्था लचर थी जबकि योगी के शासनकाल में माफिया और गुंडे पलायन कर रहे हैं। वह यहां पश्चिम उत्तर प्रदेश में 2013 में आये थे,उस समय यहां भय, दंगे,गौ तस्करी और गुंडों का राज, पलायन चलता था। 2014 से पहले



यहां गौ तस्करी होती थी, हिंदू पलायन करने के लिए मज़बूर हो रहे थे। उन्होने कहा आपने समाजवादी पार्टी को हटाया तो अमन-चैन कायम हो गया। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्तर प्रदेश में चार एयरपोर्ट,छह एक्सप्रेस वे बन चुके हैं, बाकी छह निर्माणाधीन हैं। सिक्स लेन तैयार हो रही हैं। यहां अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का काम शुरू हुआ और विकास आगे बढ़ा। सरकार 80 लाख ग्रामीणों तक बिजली पहुंचाने का काम कर रही है। मोदी सरकार ने तीन करोड़ से अधिक ग़रीबों का पांच लाख तक का इलाज मुफ़्त करने का काम किया है। इसके अलावा दो करोड़ शौचालय 10 साल में बने।जिसका लाभ लगभग 14 करोड़ लाभार्थियों को मिल रहा है। चार करोड़ से ज़्यादा जरुरतमंदों को गैस सिलेंडर दिया है। उन्होने कहा मोदी सरकार ने एक लाख गरीब बहनों को लखपति बनाया है। कभी राहुल बाबा हमारा मज़ाक उड़ाते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे पर तिथि नहीं बताएंगे। 2019 में एक बार फिर आपने मोदी सरकार बनवाई। पांच साल में कोर्ट का फैसला आने पर भूमि पूजन भी हुआ और 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी हो गई। राम मंदिर विरोध के बावजूद विपक्षी दलों को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया लेकिन वो इसमें सम्मिलित नहीं हुए। क्योंकि उन्हें वोट-बैंक खिसकने का ड़र सता रहा था।

## केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने सीएम विष्णु देव साय से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर साय ने पुष्प गुच्छ भेंट कर रामदास आठवले का स्वागत किया और छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार द्वारा 100 दिन में किये गए जनहित, विकास के कार्यों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर सारगर्भित की। मुलाकात के बाद साय ने आठवले की तारीफ में कहा कि एक सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी केंद्र में मंत्री रामदास आठवले से मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय मुलाकात हुई। अपनी बेजोड़ भाषण शैली और वाक्पटुता से जन-जन में लोकप्रिय आठवले से विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है कांग्रेस 'पांच न्याय 25 गारंटी'

**एजेंसी ◂ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी घोषणापत्र 'पांच न्याय 25 गारंटी' की आठ करोड़ प्रतियां घर-घर तक पहुंचा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ' पांच न्याय 25 गारंटी' घोषणा पत्र का वितरण आठ करोड़ घरों तक किया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा घर-घर वितरित की जा रही आठ करोड़ प्रतियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने देश भर में कम से कम एक करोड़ लोगों को डिजिटल रूप से भी अपनी 'पांच न्याय 25 गारंटी' को भेजा है। रमेश ने कहा कि देश में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का जबरदस्त स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अभी तक चुनावी घोषणा पत्र के लिए मात्र एक समिति का गठन कर पायी जबकि कांग्रेस अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें जो रिस्पांस मिला है वह अभूतपूर्व है। ऐसे समय में जब भाजपा ने अभी तक सिर्फ़ एक घोषणापत्र समिति का गठन किया है, हम अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रहे हैं।

# पहले चरण के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की आयोग ने

**एजेंसी ◂ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग ने आम चुनाव-24 के पहले चरण की तैयारियों की चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा की है । आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू ने देश भर में 350 से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक में बातचीत की। कुल सात चरणों में कराये जा रहे इस संसदीय चुनाव के पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल को कराये जायेंगे। पहले चरण में 21 राज्यों के 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों मतदान होगा। निष्पक्ष एवं स्वयंत्र तरीके से चुनाव सुनिश्चित कराने के लिये चुनाव आयोग ने पहले चरण के चुनाव के लिये 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

# भूपेश ने कहा-संविधान बदलने की साजिश और मुंह से निवाला छीनने का खेल खेल रही भाजपा

**पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com



भूपेश बघेल ने भाजपा को महंगाई बेरोजगारी देने वाली सरकार करार देते हुए कहा कि लगातार आम जनता के साथ 10 वर्षों से भाजपा अन्याय ही रही है। जनहित की एक भी योजना नहीं होने के कारण भाजपा अन्याय की पर्याय बन चुकी है। भाजपा अबकी बार 400 का नारा देकर एक बड़ी साजिश देश के साथ करने की मंशा में है। 400 पार होने पर उनके द्वारा देश के संविधान जिसमें आम जनता को मौलिक अधिकार प्राप्त हैं उन अधिकारों से भी वंचित करने का तानाबाना बुनने का खेल खेल रही है। और तो और केंद्रीय योजनाएं राजनांदगांव में आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतमाला परियोजना रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस वे में 2022 से जमीनों का चिन्हांकन होने के बाद मुआवजा राशि केंद्र सरकार ने प्रदान नहीं की है। किसान अपनी जमीन की खरीदी बिक्री भी नहीं कर पा रहे हैं। बीमारी शादी सहित अन्य जरूरी कार्य में भी क्षेत्र के किसान पैसे अभाव में हलाकन एवं परेशान है। उसके बाद भी राजनांदगांव के निष्क्रिय सांसद ने ना तो किसानों की सुध ली और ना ही कोई पहल की जिससे जनता को राहत मिले। भूपेश ने कहा कि अब तो भाजपा की सरकार आम जनता को मिलने वाली राशन में भी कटौती कर मुंह से निवाला छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में थी तो हम प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल के मान से देकर जनता को अन्न उपलब्ध करा रहे थे वहीं भाजपा अब प्रति कार्ड 35 किलो देकर खाद्यान्न में भी कटौती कर दी है। साथ ही साथ महतारी वंदन योजना के नाम पर 3 महीने का राशि भी भाजपा ने न देकर महतारियों के साथ अन्याय करने का काम किया है।

## बीआरएस नेता कविता 15 अप्रैल तक सीबीआई हिरासत में


**पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को 15 अप्रैल तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया। राजधानी के राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से पांच दिनों की हिरासत के अनुरोध पर विचार के बाद यह आदेश पारित किया। सीबीआई ने अदालत के समक्ष हिरासत की गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि कविता का आबकारी नीति कथित घोटाले में बड़ी भूमिका रही है। जांच आगे बढ़ाने के लिए आरोपी की पांच दिनों की हिरासत जरूरी है। अदालत ने सीबीआई गुहार पर विचार कर तीन दिनों की हिरासत की अवधि मंजूर की। सीबीआई ने विशेष अदालत की अनुमति के बाद कविता से जेल में पूछताछ के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को आबकारी नीति-2021-22 बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोधन का मुकदमा दर्ज किया था।

## विशेषाधिकार प्राप्त परिवार को विधि के शासन के प्रति जवाबदेह बनाया गया : धनखड़

**वार्ता ◂ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नेकहा कि विशेषाधिकार प्राप्त परिवार को अनिवार्य रूप से विधि के शासन के प्रति जवाबदेह बनाया गया है और इसका विरोध होना तय है। धनखड़ ने यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में प्रो. रमन मित्तल और डॉ. सीमा सिंह की पुस्तक द लॉ एंड स्पिरिचुअलिटी: रीकनेक्टिंग द बॉन्ड का विमोचन करने के बाद कहा कि कुछ लोग, पालन-पोषण या किसी अन्य कारण से बहुत अलग तरह से व्यवहार करने के आदी होते हैं। उन्हें कानून से छूट का आश्वासन दिया जाता है। धनखड़ ने सवाल किया कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। सभी कानून के प्रति उत्तरदायी हैं। यदि किसी को कानून के प्रति उत्तरदायी बनाया जाता है तो उसे सड़क पर उतर कर विरोध नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, हर कोई कानून के प्रति उत्तरदायी है, कानून के प्रति जवाबदेह है।

## नौजवानो और किसानो को भाजपा ने दिया धोखा : अखिलेश

**वार्ता ◂ पीलीभीत**
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सत्तारुढ़ दल ने झूठ बोल कर किसानो और नौजवान को धोखा दिया है और इसलिये उसकी 400 सीटों पर हार निश्चित है। पीलीभीत से अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज करते हुये यादव ने पार्टी प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि निश्चित हार को देखते हुये यूपी से लेकर दिल्ली तक भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। खासकर पीलीभीत का नाम सुन कर भाजपा नेताओं के चेहरे पीले पड़ जाते हैं। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया।

# देश का संविधान किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता खत्म : पीएम मोदी

**एजेंसी ◂ बाड़मेर**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान को गीता, रामायण, कुरान, बाइबल एवं देश का सब कुछ बताते हुए कहा हैं कि देश का संविधान किसी भी हालत में खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। मोदी बाड़मेर में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के बयान इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा संविधान बदलने का प्रयास पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारा संविधान गीता, रामायण, कुरान एवं बाइबल तथा देश का सब कुछ हैं और इसके निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर खुद आ जाये तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, आज वह मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मोदी ही है जिसने देश में संविधान दिवस मनाना शुरु किया जबकि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था जो यह बाबा साहब का अपमान हैं। उन्होंने बाबा साहब का अपमान करने वालों से सावधान रहने की जरुरत बताते हुए कहा कि कांग्रेस सुन ले कि इस बार 400 पार की बात जनता ने इसलिए की हैं कि इससे कांग्रेस को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन वाले इतनी नफरत से भरे हुए है कि इनके घोषणा पत्र में भी यह नजर आने लगा है और इसमें बंटवारे एवं मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोग कहते हैं कि उनकी सरकार आने पर वे भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत के पडौसी देशों के पास परमाणु हथियार हो और ऐसी स्थिति में हमारे देश के परमाणु हथियार समाप्त करना किस सोच को दर्शाता हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस से पूछना चाहते है कि उसके साथी इंडिया गठबंधन के लोग किस इशारे पर काम कर रहे है और यह कैसा गठबंधन हैं जो भारत को शक्तिहीन करना चहता है। यह गठबंधन परमाणु समाप्त करना चाहता है। उन्होंने जनता से पूछा क्या देश में परमाणु हथियार समाप्त कर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी देश को शक्तिशाली बनाना चाहता हैं जबकि ये लोग इसे कमजोर करने का ऐलान कर रहे हैं। ऐसे सोचने वालो को सजा मिलनी चाहिए।

### राष्ट्र की रक्षा और सेवा का मूल्य रूपयों से नहीं सम्मान से होता है

# दुनिया ने माना भारत तेजी से बढ़ती शक्ति : राजनाथ

**वार्ता ◂ गौचर (चमोली)**
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया ने स्वीकार किया है कि भारत विश्व की तेजी से बढती शक्ति है। सिंह ने लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में यहां जनसभा को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा कि आज भारत के हर निर्णय पर दुनिया के देशों की नजर टिकी रहती है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव बढा है। सिंह ने उत्तराखंड के लोगों में राष्ट्र की रक्षा, सैन्य सेवा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राज्य वीरों की भूमि है। उन्होंने यहाँ की धरती को देवभूमि बताते हुये कहा कि पूरी दुनिया उत्तराखंड को देव भूमि और आध्यात्म की भूमि मानकर सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की वन रैंक वन पेंशन की मांग लम्बे अर्से से की जा रही थी। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर कार्य सम्भालते ही सबसे पहले सेना में 'वन रैंक वन पेंशन' की मांग को पूरा किया। रक्षा मंत्री सिंह ने 'वन रैंक, वन पेंशन' पर आ रहे खर्च के आंकड़े में बताते हुये कहा कि राष्ट्र की रक्षा और सेवा का मूल्य रूपयों से नहीं सम्मान से होता है। जो भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय से किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से विशेष स्नेह है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री तथा यमुनोत्री की भव्यता के लिए प्रधानमंत्री की योजना के अनुसार, निर्माण कार्य हो रहे हैं। सिंह ने कहा कि मैं किसी प्रधानमंत्री की आलोचना नही करता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि वह केन्द्र सरकार की ओर से जनता के हित के लिए 100 रुपये भेजते हैं, परंतु लाभार्थी तक केवल 14 पैसा पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार की व्यवस्था को समाप्त कर शत-प्रतिशत धन लाभार्थी के खाते में पहुंचाने की व्यवस्था की। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के 10 वर्ष के कार्य काल में किसी भी मंत्री और भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगना स्पष्ट करता है कि मोदी की सरकार पारदर्शी तथा भ्रष्टाचार विहीन तरीके से कार्य करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री जन धन खातों पर कहा कि जनता के कल्याण और हित के लिए केन्द्र का एक एक पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में पहुँच रहा है। उन्होंने तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने की बात करते हुए कहा कि देश में भाजपा की प्रचंड जीत के साथ उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर जनता का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशियों को वोट के रूप में मिलेगा।



### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 13 अप्रैल को दंतेवाड़ा में

**रायपुर।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दंतेवाड़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे। राजनाथ सिंह गीदम के जावंगा में भाजपा की चुनावी सभा विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करेंगे।

## दिल्ली में राष्ट्रपति शासन असंवैधानिक और जनादेश के खिलाफ होगा : पासी

**एजेंसी ◂ चंडीगढ़**
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता बिक्रम जीत पासी ने कहा कि दिल्ली में आप सरकार को गिराने और वहां राष्ट्रपति शासन लगाना असंवैधानिक और दिल्ली के लोगों के जनादेश के खिलाफ होगा। पासी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र के लिये सबसे बड़ा खतरा भाजपा से है जो दिल्ली और पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिशें रची जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई बलिदानों के बाद हमने यह आजादी हासिल की है। हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। डॉ. बी आर अम्बेडकर ने यह सुनिश्चित करने के लिये एक संविधान लिखा कि सभी के अधिकारों की रक्षा की जाये। निर्वाचित विधायकों को अपना मुख्यमंत्री चुनने का अधिकार है। मुख्यमंत्री अपने मंत्रिपरिषद और सरकार को चुनते हैं और जनता द्वारा चुना गया मुख्यमंत्री जनता की सेवा करता है, लेकिन, दुर्भाग्य से केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार देश में गैर-भाजपा निर्वाचित सरकारों को लगातार परेशान कर रही है। चाहे दिल्ली हो या पंजाब, वह चुनी हुई आप सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है और राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रच रही है। प्रवक्ता ने कहा कि यह दिल्ली के लोगों का उच्च बहुमत वाला जनादेश था, लेकिन भाजपा हमारे लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वह ऐसी सरकार को हटाना चाहती है, जो जनता के कल्याण के लिये काम कर रही है। इसी तरह पंजाब में भी भाजपा के राज्यपाल द्वारा आप सरकार को लगातार परेशान किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही हैं। पच्चीस अगस्त 2023 को राज्यपाल ने एक पत्र में खुले तौर पर राष्ट्रपति शासन लगाने की धमकी दी थी, सिर्फ इसलिये कि मान सरकार पंजाब और उसके लोगों की भलाई के लिये फैसले ले रही थी।

# भारत ने किया तालिबान के फैसले का स्वागत

**एजेंसी ◂ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



भारत ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के संपत्ति के अधिकार बहाल करने के निर्णय का स्वागत किया है और इसे सकारात्मक बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने ऐसी रिपोर्टें देखीं हैं। यदि तालिबान शासन ने अफगानिस्तान में हिन्दुओं एवं सिखों की संपत्ति के अधिकार को बहाल किया है तो यह एक सकारात्मक बात है। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसले हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों को जमीनें वापस लौटाने का फैसला लिया है। तालिबान अधिकारियों ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। अफगानिस्तान की तालिबान शासन के इस फैसले को भारते लिए एक कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। म्यांमार में उत्तर प्रदेश के दो युवाओं का अपहरण होने की घटना के बारे में एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि दोनों युवकों को रिहा करा के स्वदेश लाया जा चुका है। भारतीय मिशन ने स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ युवकों को सुरक्षित लौटाने में भूमिका निभायी है। म्यांमार में सुरक्षा स्थिति पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि म्यांमार में सुरक्षा स्थिति अनिश्चित है और लगातार बिगड़ रही है। यह लड़ाई विशेष रूप से राखिन प्रांत और अन्य क्षेत्रों में चल रही है। सितवे में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों को यांगून में भेजा गया है। कुछ समय पहले, हमने हमारे नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया था ताकि वे उचित सावधानी बरतें।

# फल के लालच में पेड़ पर चढ़ी मादा भालू अपने शावकों के साथ गिरी शावक घायल, अस्पताल में चल रहा उपचार

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

शहर के उदय नगर में भालू के हमले से एक महिला के घायल होने की जानकारी मिली है तो वहीं दूसरी ओर एक शावक की पेड़ से गिरकर जख्मी होने की जानकारी वन विभाग द्वारा दी गई है। ज्ञात हो कि गर्मी शुरू होते ही भालू शहर के आसपास की ओर पानी व भोजन की तलाश में घूमते नजर आते है जिसके चलते कई बार बड़ी घटना भी हो जाती है। माकड़ी-कोरर मार्ग पर मुड़डोंगरी के जंगल में भालुओं का पसंदीदा फल चार जिसके बीज को बस्तर काजू भी कहा जाता है जिसको खाने पेड़ पर मादा भालू अपने दो शावकों के साथ चढ़ी थी। मादा भालू पेड़ से अपने दोनों शावकों सहित नीचे गिर गई जिसमें एक शावक पत्थर के ऊपर गिर गया जिससे उसे गंभीर चोटें आयी हैं। जख्मी भालू के शावक का रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम के द्वारा जिला पशु चिकित्सालय लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।



अंदरूनी चोटें आने के कारण शावक भालू की हालत गम्भीर है वहीं वह दर्द से कराह रहा था। जिसे दवाई देकर सुलाया गया है। शुक्रवार को दोपहर मुरडोंगरी के जंगल में भालू के जख्मी होने की सूचना वन विभाग को मिली। जिसके बाद वन विभाग की टीम घायल भालू का रेस्क्यू करने मौके पर पहुंची। मौके पर देखा गया कि करीब दो से माह का भालू का शावक गंभीर रूप से घायल पड़ा था। मादा भालू और उसके एक और शावक साथ होने के चलते वन अमला को बड़ी सावधानी बरतनी पड़ी। जैसे-तैसे जख्मी भालू के शावक को पिंजरे में कैद कर जिला पशु चिकित्सालय अलबेलापारा पहुंचाया गया। उपचार कर रही पशु चिकित्सक प्रीति कोड़ोपी ने बताया कि भालू को मेडिसिन दिया गया है, सुधार नहीं होने पर बाहर रेफर किया जायेगा। वन परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान ने बताया कि घायल शावक के हालत में उपचार के बाद सुधार हुआ है। शहर में सुबह भालू ने एक महिला पर हमला कर दिया। शहर के उदयनगर में शुक्रवार की सुबह घर के सामने छिपकर बैठे भालू ने महिला पर हमला बोल दिया। भालू के हमले से महिला के पेट में चार जगह चोटें आयी हैं। बताया गया कि उदयनगर में महिला अंजू चौहान उम्र 65 वर्ष सुबह अपने घर के गेट को जैसे ही खोल रही थी तभी वहां छिपकर बैठे भालू ने उस पर पंजे से हमला कर दिया। आसपास शोर होने पर भालू वहां से भाग गया। जिसके चलते महिला को ज्यादा चोटें नहीं आयी हैं।

# शहरी उद्यानों का रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम ने लिया जायजा



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने देवेंद्र नगर गार्डन, डीडी नगर गार्डन, संकल्प वाटिका एवं उत्तम वाटिका का निरीक्षण कर कार्यों का लिया जायजा नगर निगम कमिश्नर और स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा के निर्देश पर आज रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम के द्वारा शहर के विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण भ्रमण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया और बचे हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए ताकि यहां रहवासियों के लिए सुबह मॉर्निंग वॉक और व्यायाम के लिए सुंदर एवं सुसज्जित गार्डन का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। साथ ही स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा अमृत मिशन के तहत बन रहे बैरन बाजार टैंक का भी जायजा लिया और यहां पर लोगों के घर तक पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है इसका भी नगर निगम स्मार्ट सिटी की टीम ने देखा और प्रगतिरत कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती, डिप्टी मैनेजर संजय अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर योगेंद्र साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाला सौतेला पिता व मां गिरफ्तार

एजेंसी < लोनी
www.dailypioneer.com

दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा क्षेत्र में गाजियाबाद जिले के लोनी इलाके में रहने वाली महज दस साल की बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले सौतेले पिता और मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सौतेले पिता ने बेटी के अलावा 13 साल के बेटे के साथ भी अप्राकृतिक यौनाचार किया था। दोनों बच्चों को सौतेले पिता का इतना डर था कि दिल्ली के थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में अलग कहानी बताई। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि 10 साल की बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के मामले में पुलिस ने सौतेले पिता और बच्ची की मां को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची अपने सौतेले पिता के उत्पीड़न से इतना डर गई थी कि वह अपने घर का पता भी सही से नहीं बता पा रही थी। एक पुलिसकर्मी ने जब बच्ची को विश्वास में लिया और उसकी सुरक्षा का आश्वासन दिया, तो बच्ची ने चौंकाने वाली बात कही। बच्ची ने बताया कि कोरोना काल में उनके पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद मां बच्चों को लेकर फिरोजाबाद में मायके चली गई थी। करीब एक साल पहले मां बेटी और बेटे को लेकर दिल्ली-यूपी बॉर्डर इलाके में आई थी। मां की दिल्ली निवासी व्यक्ति से जान-पहचान थी। दोनों ने शादी कर ली थी। सौतेला पिता बेटी और बेटे के साथ गलत काम करने लगा। पहले बेटी के साथ दुष्कर्म किया फिर बेटे के साथ कुकर्म किया। दोनों बच्चों ने मां को इस बारे में जानकारी दी, लेकिन मां ने दोनों को धमका दिया और इलाज कराने की बात कही। दोनों अपने सौतेले पिता और मां से परेशान हो गए थे। कुछ समय बाद बेटा एक चाय की दुकान में काम करने लगा। बेटे ने पिता के कारण घर आना छोड़ दिया था। सौतेले पिता के उत्पीड़न से परेशान होकर बेटी बीते 20 जनवरी को खुद ही घर छोड़कर चली गई थी। बच्चे के घर छोड़कर जाने पर मां ने उसे तलाश भी नहीं किया। बच्ची दिल्ली पुलिस के हाथ लगी।

# सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 3767 शिकायतें दर्ज

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर निगरानी के लिए बनाये गए 'सी-विजिल' एप पर अब तक तीन हजार 767 शिकायतें दर्ज की गईं है जिनमें से सही पाई गई 1709 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार यह एप शिकायत-समाधान का बेहतरीन जरिया बन रहा है। इन शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में कार्रवाई हो रही है। गुप्ता ने बताया कि प्राप्त शिकायतों की सम्बंधित रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा जांच के




बाद सही पाए जाने पर उन पर कार्रवाई कर निस्तारण किया गया है। एक शिकायत अभी जांच दल और रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर निर्णय के लिए लंबित है। शेष शिकायतें ड्रॉप कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सी-विजिल पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की सबसे ज्यादा 306 शिकायतें जोधपुर जिले से तथा 298 शिकायतें टोंक से प्राप्त हुई हैं। इनमें से क्रमशः 170 और 222 शिकायतें सही पाए जाने पर इन सभी का तय समय में निस्तारण कर दिया गया है। सी-विजिल एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि अवैध पोस्टर-बैनर लगाने की सर्वाधिक 1,784 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 1,314 के सही पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई कर दी गई है। एप पर प्राप्त शिकायत के सत्यापन में तस्वीर या वीडियो के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध होने के कारण इसके माध्यम से त्वरित निस्तारण संभव हो पा रहा है।

# बीएसएफमहानिदेशक ने की बल की संचालन तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर बल की संचालन तैयारियों की समीक्षा की। अग्रवाल ने कठोर मौसम और मुश्किल इलाके के बावजूद बल की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की। बीएसएफ कश्मीर ने 'एक्स' पर कहा, बीएसएफमहानिदेशक नितिन अग्रवाल ने नियंत्रण रेखा के पास श्रीनगर सेक्टर के अग्रिम क्षेत्र का दौरा किया और तैनात इकाई की संचालन तैयारियों की समीक्षा की। महानिदेशक ने जवानों को प्रेरित भी किया तथा कठोर मौसम की स्थिति और मुश्किल इलाके के बावजूद प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान बीएसएफके महानिरीक्षक (कश्मीर फ्रंटियर) अशोक यादव अग्रवाल के साथ थे। यादव ने हाल ही में कहा था कि आगामी आम चुनाव जैसे महत्वपूर्ण मौकों के दौरान घुसपैठ की आशंका बढ़ जाएगी। उन्होंने हालांकि यह भी कहा था कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने में सक्षम हैं। पिछले सप्ताह बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने सीमा पार से इस वर्ष की पहली घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया था। सेना ने एक दिन बाद बताया था कि उरी में घुसपैठ की कोशिश का उद्देश्य कश्मीर में शांति और चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना था।

# ममता ने भाजपा नेता अमित मालवीय पर किया कड़ा प्रहार

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी नेता अमित मालवीय पर उस बयान को लेकर कड़ा प्रहार किया जिसमें उन्होंने दावा किया कि पूर्वी मेदिनीपुर से दो संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद पश्चिम बंगाल आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। बनर्जी ने कहा, एक भाजपा नेता (बाल) को यह कहते हुए सुना कि बंगाल सुरक्षित नहीं है। आरोपी दो घंटे तक यहां छिपे रहे और हमारी राज्य पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया के कारण दो घंटे के भीतर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। तृणमूल नेता ने सवालिया लहजे में कहा,उन राज्यों के बारे में क्या जहां आप सत्ता में हैं? उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, बिहार के बारे में क्या? बंगाल के लोग शांति से रहना चाहते हैं लेकिन भाजपा को यह पसंद नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी और पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट में दो मुख्य संदिग्धों एवं हमलावर मुसाविर हुसैन शाजीबंद और उसके साथी अब्दुल मथीन अहमद ताहा को कोलकाता से हिरासत में लिया। दोनों संभवतह कर्नाटक के शिवमोग्गा में आईएसआईएस की सेलों से संबंधित हैं। पश्चिम बंगाल, दुर्भाग्य से, इसके अंतर्गत आता है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर कहा, ममता बनर्जी के शासन में बंगाल दुर्भाग्य से आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गई हैं। तृणमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, बेंगलुरु-कैफे ब्लास्टरेस्ट के संबंध में बंगाल पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया। यहां तक कि एनआईए ने भी अपने बयान में इसे स्वीकार किया है। किसी भी विरोधी ताकतों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। लेकिन मुझे भाजपा और उनके नेताओं से - ये गिरफ्तारियां कहा से की गई हैं-कोंताई? घोष ने कहा, हम सभी जानते हैं कि कौन-सा परिवार और भाजपा का मुख्य नेता कोंताई से अवैध गतिविधियां चलाता है।

## पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल भाजपा में शामिल

**बाड़मेर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी हैं और शुक्रवार को पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल फिर भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा से पहले इसी मंच पर जसोल ने फिर से भाजपा का




दामन थाम लिया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी ललित के पंवार एवं महंत निर्मलदास भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ज्वाईनिंग कमेटी के संयोजक डा अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर जसोल, पंवार एवं महंत निर्मलदास को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर कैलाश चौधरी सहित भाजपा के अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। उल्लेखनीय हैं जसोल बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं शिव विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं।

## 103 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा 103 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त की गई हैं। राजन ने बताया कि 16 मार्च से 10 अप्रैल तक 13 करोड़ 77 लाख 63 हजार 629 रुपये नगद राशि सहित 103 करोड़ 33 लाख 19 हजार 639 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्रियां जब्त की गयी हैं। इसमें 15 लाख 74 हजार 970 लीटर मदिरा भी शामिल है, जिसका आनुमानित बाजार मूल्य 24 करोड़ 64 लाख 13 हजार 47 रुपये है। उन्होंने बताया कि इसी तरह 19 करोड़ 41 लाख 46 हजार 215 रुपये मूल्य के 14 हजार 780 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 9 करोड़ 40 लाख 40 हजार 623 रुपये मूल्य की 437 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। इसके साथ ही 36 करोड़ 9 लाख 56 हजार 125 रुपये मूल्य की रेडीमेड गारमेंट्स जैसी अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं।

# गांधीनगर-इंदौर शांति एक्सप्रेस अहमदाबाद से चलेगी

वार्ता < अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गांधीनगर-इंदौर शांति एक्सप्रेस 15 अप्रैल से गांधीनगर के स्थान पर अहमदाबाद से चलेगी। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद-साबरमती के बीच देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है, अहमदाबाद से साबरमती के बीच साबरमती नदी के ऊपर बनाए जा रहे ब्रिज के कार्य ने अब जोर पकड़ लिया है। इस सिलसिले में अहमदाबाद और साबरमती के बीच रेलवे की एक लाइन अस्थाई तौर पर बंद रहेगी। जिसके कारण ट्रेन संख्या 19309/19310 गांधीनगर कैपिटल-इंदौर शांति एक्सप्रेस ट्रेन गांधीनगर और अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है। अगली सूचना तक 15 अप्रैल से ट्रेन



संख्या 19309 गांधीनगर कैपिटल-इंदौर शांति एक्सप्रेस गांधीनगर कैपिटल के स्थान पर अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी तथा गांधीनगर कैपिटल-अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। आगामी 14 अप्रैल से अगली सूचना तक ट्रेन संख्या 19310 इंदौर-गांधीनगर कैपिटल शांति एक्सप्रेस अहमदाबाद स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा अहमदाबाद-गांधीनगर कैपिटल के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

## मीरवाइज ने जतायी प्रमुख धार्मिक आयोजनों पर रोक पर निराशा

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कश्मीर की स्थिति के बारे में अधिकारियों के आशावादी सार्वजनिक बयानों और धार्मिक स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने वाले उनके कार्यो के बीच विरोधाभास की आलोचना की।
मीरवाइज ने श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार की सामूहिक प्रार्थना को संबोधित करते हुए पिछले एक सप्ताह में जामिया मस्जिद में जुमातुल विदा, शब-ए-कद्र और ईद की नमाज सहित प्रमुख धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन पर रोक लगाने के अधिकारियों के फैसले पर गहरी निराशा व्यक्त की। मुख्य मौलवी ने कश्मीर की स्थिति के बारे में अधिकारियों के आशावादी सार्वजनिक बयानों और धार्मिक स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने वाले उनके कार्यों के बीच विरोधाभास की आलोचना की। उन्होंने कहा, हर बार जब मस्जिद को बंद कर दिया जाता है और मुझे घर पर नजरबंद कर दिया जाता है, तो उनके दावे उजागर हो जाते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, हमारा लचीलापन और विश्वास अटूट है। हम निराश हैं, लेकिन निरुत्साहित नहीं हैं, हमें अल्लाह पर पूरा भरोसा है।

# सनातनी संस्कृति को बनाए रखने में करे सहयोग-देवनानी

एजेंसी < जोधपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का गुरुवार को जोधपुर पहुंचने पर सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाओं और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। देवनानी विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जोधपुर पहुंचे।



उन्होंने जोधपुर में लोगों को चेटीचंड,नव संवत्सर और नवरात्र पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री देवनानी ने कहा हम लोग मूलतः हिंदुस्तान के है। सनातनी है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज के लोगों ने सिंधु नदी के तट पर बैठ कर व्रत किये, तब भगवान झूलेलाल अवतरित हुए और सभी के कष्ट दूर हुए। देवनानी ने कहा समाज के सभी लोग सनातनी संस्कृति को बनाए रखने में सहयोग करें। सिंधी समाज के लोग स्वाभिमानी होते हैं। मेहनती होते हैं। जमीन से जुड़े होते हैं। छोटे से छोटे काम को करने में भी किसी प्रकार का संकोच नहीं करते हैं। जोधपुर में सिंधी समाज के विभिन्न संगठनों और संस्थाओं ने श्री देवनानी का अभिनंदन किया। जोधपुर की सिंधी सेंट्रल पंचायत ,सिंधी गुरु संगत दरबार, सिंधी पंचायत चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, सिंधी पंचायत प्रताप नगर, सिंधी पंचायत रातानाडा, सिंधी पंचायत शक्ति नगर, झूलेलाल मंडली सरदारपुरा, झूलेलाल युवा मंडल, सिंधी महिला मंडल ,सिंधी पंजाबी सदर समिति सहित लगभग डेढ़ दर्जन संस्थाओं ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया।

## रांची में 21 अप्रैल को 'इंडिया' गठबंधन की 'न्याय उलगुलान महारैली'

**रांची।** झारखंड के रांची में 21 अप्रैल को 'इंडिया' गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है,उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को झूठे मुकदमे में केंद्र सरकार द्वारा फंसाए जाने को लेकर न सिर्फ झारखंड का आदिवासी समाज उद्धेलित है बल्कि अन्य सामाजिक वर्गों के लोग भी केंद्र की इस कार्रवाई के विरोध में खड़े हैं। इंडिया द्वारा झारखंड में रैली की घोषणा मात्र से ही जनता में जोश है और इस न्याय उलगुलान को जनता स्वः स्फूर्त ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता इस रैली के माध्यम से पूरे देश के लिए संदेश देने का काम करेगी की- तानाशाहों के अहंकार पर जनता की मर्जी चलती है और झारखंड की सभी लोकसभा सीटों से विदाई की झलक रैली में शामिल होने वाले जन समूह से पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में जिस प्रकार किसानो, युवाओं, महिलाओं को उनके वाजीब हक से दूर रखकर उद्योगपतियों का साथ दिया गया उससे भी जनता के बीच भारी रोष से और यही रोष मोदी सरकार के विरुद्ध मतदान में तब्दील होगा और मोदी शाह के शासन का अन्याय काल समाप्त होगा।

# कोटा होकर सिकन्दराबाद-उदयपुर सिटी के मध्य विशेष रेलगाड़ी चलेगी

एजेंसी < कोटा
www.dailypioneer.com

रेल प्रशासन ने गर्मी के सीजन में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लियर करने के उद्देश्य से कोटा होकर सिकन्दराबाद-उदयपुर सिटी-सिकन्दराबाद के मध्य विशेष रेलगाड़ी को दो-दो फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे यात्रियों को सीजन में अग्रिम आरक्षण का लाभ एवं भीड़ से राहत मिल सके। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गाड़ी संख्या 07123 सिकन्दराबाद-उदयपुर सिटी विशेष रेलगाड़ी 16 अप्रैल एवं 23 अप्रैल को दो फेरे सिकन्दराबाद से मंगलवार को रात 11.50 बजे रवाना होकर गुरुवार को कोटा सुबह 4.55 बजे आगमन कर शाम 5.45 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 07124 उदयपुर सिटी-



सिकन्दराबाद स्पेशल 20 एवं 27 अप्रैल को 2 फेरे उदयपुर सिटी से शनिवार को शाम 4.05 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 3.50 बजे आगमन कर रविवार को सुबह 9.45 बजे सिकन्दराबाद पहुंचेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिकन्दराबाद-उदयपुर सिटी के मध्य बोलारम, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बासर, धर्माबाद, मुदखेड, नान्देड, पुर्णा जं., बसमत, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, ईटारसी, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, नागदा, शामगढ, कोटा, सवाईमाधोपुर, जयपुर, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाडा, मावली और राणाप्रतापनगर स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल गाड़ी में एक फर्स्ट कम सेकण्ड एसी, 2 सेकण्ड एसी, 6 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 1 पेंट्रीकार, 2 साधारण श्रेणी और 2 गार्ड डिब्बों सहित 24 डिब्बे होंगे।

## अहमदाबाद-दानापुर के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे अहमदाबाद और दानापुर के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलायेगी। मंडल रेल प्रवक्त ा ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिम रेलवे ने ग्रीष्मकालीन मौसम के दौरान यात्रियों की मांग व सुविधा को ध्यान में रखते अहमदाबाद और दानापुर के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 09417/09418 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल ( कुल 22 ट्रिप): ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल 15 अप्रैल से 24 जून तक प्रति सोमवार अहमदाबाद से प्रातः 0910 बजे रवाना होकर अगले दिन 2030 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09418 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल 16 अप्रैल से 25 जून तक प्रति मंगलवार दानापुर से रात्री 2350 बजे रवाना होकर तीसरे दिन 1110 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन नडियाद, छायापुरी, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर तथा आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

# शांति और सम्मान को बढ़ावा देना रमज़ान और ईद समारोह का सार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

धार्मिक पालन मानव अनुभव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इनमें से, रमज़ान और ईद आध्यात्मिक प्रतिबिंब, करुणा और सांप्रदायिक सदभाव के प्रतीक के रूप में सामने आते हैं। जैसे-जैसे हम इन पवित्र अवसरों के महत्व पर गौर करते हैं, यह स्पष्ट हो जाता है कि उनका सार न केवल व्यक्ति गत भक्ति में बल्कि शांति, सम्मान और भाईचारे की सामूहिक खोज में भी निहित है। इस्लामिक चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना रमजान, दुनिया भर के मुसलमानों के लिए गहरा महत्व रखता है। रमज़ान का पालन करने में सुबह से सूर्यास्त तक उपवास करना, भोजन, पेय और सांसारिक सुखों से परहेज करना, साथ ही पूजा, दान और आत्म-चिंतन के कार्यों में संलग्न होना शामिल है। हालांकि, अपने व्यक्ति गत पहलुओं से परे, रमज़ान सामुदायिक भावना, सहानुभूति और दूसरों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। रमज़ान के लोकाचार के केंद्र में पड़ोसी के अधिकारों का सम्मान करने की अवधारणा है। मुसलमानों को न केवल प्रोत्साहित किया जाता है बल्कि वे अपने पड़ोसियों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए बाध्य भी हैं, भले ही उनकी आस्था या पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इसमें देर रात की प्रार्थनाओं के दौरान मर्यादा बनाए रखना, पड़ोसियों को न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करना और भोजन और प्रावधानों को साझा करने के माध्यम से दयालुता के कार्य करना शामिल है। इन सिद्धांतों को अपनाकर, व्यक्ति समावेशी समुदायों के निर्माण में योगदान करते हैं जहां आपसी सम्मान और समझ पनपती है। पैगंबर मुहम्मद, शांति उन पर हो, के समय में एक उल्लेखनीय घटना थी जिसमें एक गैर-मुस्लिम पड़ोसी शामिल था जो रोजाना उन पर कचरा फेंकता था। इस विपरीत परिस्थिति का सामना करने के बावजूद, पैगंबर मुहम्मद ने अपना संयम और धैर्य बनाए रखा। हालाँकि, एक दिन, जब पड़ोसी ने हमेशा की तरह कचरा नहीं फेंका, तो पैगंबर मुहम्मद चिंतित हो गए और उसका हालचाल पूछने के लिए उसके पास जाने का फैसला किया। उसकी चिंता और दयालुता के भाव से आश्चर्यचकित होकर, वह बहुत प्रभावित हुई। उस पल, उन्हें पैगंबर मुहम्मद के असली चरित्र का एहसास हुआ, जिन्होंने उनकी शत्रुता का जवाब करुणा और सद्भावना से दिया था। उसकी ईमानदारी और सहानुभूति से प्रभावित होकर, पड़ोसी बहुत प्रभावित हुआ और अपने कार्यों पर विचार करने लगा। यह घटना विपरीत परिस्थितियों में भी पैगंबर मुहम्मद के अनुकरणीय आचरण का एक शक्ति शाली उदाहरण के रूप में कार्य करती है। आक्रोश पालने या बदला लेने के बजाय, उसने दयालुता और करुणा के साथ जवाब देना चुना।

# समान काम समान वेतन की मांग को लेकर इंटक द्वारा सीजीएम को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com




श्रमिकों के हितों को लेकर सदैव ही मुखर रहने वाली श्रम संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए.के. सिंह के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण, मूलभूत सुविधाओं में उन्नयन आदि मांगो को लेकर एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाईक को कॉन्ट्रैक्ट लेबर रेगुलेशन एंड अबोलिशन एक्ट 1970 का उल्लंघन न करते हुए देते हुए, ऐसे ठेका श्रमिक जिन्हें उन कार्यों के लिए नियोजित किया गया है, जिन्हें हमेशा से नियमित श्रमिकों द्वारा किया जाता रहा है, जैसे- प्लांट, खनन, ऑटो शॉप, वेल्डिंग, प्लांटों के मेंटनेंस, शूट एवं कार्मिक, वित्त, सामग्री, सिविल सहित प्रायः सभी विभागों में लिपिकीय कार्य, पैरामेडिकल, केमिकल, एस.ए.पी., सैम्पलिंग कार्य, विद्युत अनुरक्षण कार्य आदि, ऐसे ठेका श्रमिकों को कार्य के प्रकार एवं प्रवीणता के आधार पर नियमितीकरण किये जाने की मांग करते हुए मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 1947 की धारा 22 (1) (बी) के तहत 14 दिवस का नोटिस देते हुए यह मांग की गई कि, बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स में नियमित श्रेणी के कार्यों में नियोजित सभी ठेका श्रमिकों को एनएमडीसी में नियमित सेवा में लिया जाये। उपरोक्त मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिये जाने पर हमारा श्रम संघ सीधी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जवाबदारी प्रबंधन की होगी। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव, संगठन सचिव राकेश लाल, कोषाध्यक्ष ओम कुमार साहू, वेणुधर, अरविंद गुप्ता, नथेला राम नेताम, सुनील कुमार, के पवन कुमार, तरुण कुमार, सतीश साहू, पुष्पलता साहू, सुधा बाघ, केसर, रजनी, प्रीति, प्रिया, रीना यादव, रेखा, सूरमा दास सहित यूनियन के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित थे। विदित हो कि विगत दिनों प्रदेश इंटक की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश के तारतम्य में ठेका श्रमिकों के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए सभी इकाइयों को निर्देशित किया गया है, कि वे ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण, मूलभूत सुविधाओं, समान काम समान वेतन आदि मांगों के लिए प्रतिबद्धता के साथ उनके अधिकारों की प्राप्ति तक निरंतर आंदोलनरत रहें। इस अवसर पर दिनांक 01 जनवरी 2022 से लंबित पुनरीक्षित वेतनमान समझौता की बैठक आहूत करने सम्बन्धी जो जानकारी प्राप्त हो रही है, उसके सन्दर्भ में श्रमिकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए एवं समस्त इकाइयों के वेज सब कमेटी के सदस्यों की सहमति बन जाने पर 19 एवं 20 अप्रैल को एनएमडीसी मुख्यालय में वेज सब कमेटी की बैठक आहूत करने के प्रस्ताव सम्बन्धी निदेशक (कार्मिक) के नाम का ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा गया।

# वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले गौरव का कलेक्टर और एसपी ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी वाय अक्षय कुमार द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों का सम्मान किया। जिसमें उन्होंने दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2023-24 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले गौतम कुमार अलेन्द्र और ओपन राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त करने वाले प्रकर्ष राव पत्की का सम्मान किया गया। साथ ही दोनों का प्रोत्साहन करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु शुभकानाएं देते हुए जिले में इन खेलों को आगे बढ़ाने और युवाओं को भी इन खेलों के प्रति जागरूक कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु तैयार करने के लिए चर्चा की। उल्लेखनीय हैं कि, दिल्ली में आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले गौतम कुमार कोंडागांव जिले में शिक्षा विभाग में व्यायाम शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। गौतम ने प्रतियोगिता में 66 किलोग्राम वर्ग में कुल 630 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरव द्वारा पूर्व में भी पॉवर लिफ्टिंग में 2 स्वर्ण पदक एवं 1 रजत पदक प्राप्त कर चुके है। इसके अतिरिक्त स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग में पिछले वर्ष नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं स्ट्रांग मैन का खिताब हासिल किया था। भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने वाले प्रकर्ष राव पत्की भी जिले के दहिकोंगा स्थित शासकीय विद्यालय में व्यायाम शिक्षक के रूप में कार्यरत है। प्रकर्ष राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सफल होकर अब अपने राज्य का 8 से 12 मई के मध्य उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में पुरुष टीम का काता वर्ग में प्रतिनिधित्व करेंगे।

# चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने मतदाताओं को किया गया अपील



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा सीट के लिए आगामी 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगें। उक्त निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवम नगरीय निकाय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत शुक्रवार को किरन्दुल वार्ड क्रमांक 01,02,03 व 04 में मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान करने हेतु अपील करने के साथ संकल्प दिलाया गया। साथ ही मतदाताओं की सूची चस्पा व पर्ची वितरण किया गया। मौके पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी पी आर कोर्राम, बीएलओ डोमन लाल साहू,नारायण सिंह नेताम, गोपाल सरकार, रागिनी सिंह, अनिता मंडावी, लक्ष्मी उपस्थित थे।

## वोट चौपाल में नववधुओं, वृद्धजनों तथा प्रथम मतदाताओं को किया गया सम्मानित

**दंतेवाड़ा।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु समस्त मतदान केन्द्रों में स्वीप गतिविधि के तहत च्वोट चौपालच्च् का आयोजन किया गया था। इसके अतंर्गत संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ, सुपरवाईजर, पटवारी, पटेल, कोटवार, महिला स्व सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा नववधुओं, वृद्धजनों तथा प्रथम मतदाताओं को सम्मानित करने और उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाना है। इस क्रम में ग्राम बालपेट में स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर 03 वृद्धजनों, 03 नववधुओं और प्रथम मतदाताओं के रूप में भी 03 युवा मतदाताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें अपने आसपास के लोगों को भी 19 अप्रैल को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शपथ भी दिलाई गयी।

# प्रथम चरण के मतदान के लिए ईवीएम कमिशनिंग का कार्य हुआ सम्पन्न





पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा के कोंडागांव विधान सभा अंतर्गत आनेवाले मतदान केंद्रों में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 10 एवं 11 अप्रैल को शहीद गुण्डाधुर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में किया जा रहा था, जो पूर्ण हो गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में कमिशनिंग कार्य हेतु सेक्टर अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सहायकों की ड्यूटी लगाई गई थी। सीलिंग के कुल 26 महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखते हुए सभी ईवीएम का चरणबद्ध ढंग तरीके से भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कमीशनिंग का कार्य किया गया है। ईवीएम कमिशनिंग में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कमिशनिंग कार्य किया गया है। ईवीएम की कमीशनिंग हेतु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ईवीएम कमीशनिंग कार्य के पश्चात प्रत्याशियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए स्ट्रॉन्ग रूम की सीलिंग करायी गई। स्ट्रांग रूम की सुरक्षाबल अभिरक्षा में स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही स्ट्रांग रूम एवं उसके परिसर में सीसीटीवी के माध्यम से पैनी नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में 24 घंटे सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। ज्ञात हो कि, कमिशनिंग की गई ईवीएम मशीनों का प्रयोग प्रथम चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होने वाले बस्तर लोकसभा के मतदान के लिए किया जाएगा।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक रूप से चला मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर बीजापुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के द्वारा अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने, व्यापक स्तर पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें, क्रिकेट, प्रतियोगिता महिला एवं पुरूष, निबंध, स्लोगन, रंगोली, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से जन-जागरूकता लाने मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने। प्रत्येक वोट के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुरूस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत महिला वर्ग में प्रथम स्थान बीजापुर कालेज-11, द्वितीय स्थान भैरमगढ़, पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान आवापल्ली, द्वितीय स्थान बीजापुर ने प्राप्त किया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भोपालपनम के कुमारी डिम्पी पटेल, द्वितीय स्थान कुमारी कल्पना भैरमगढ़, तृतीय स्थान पर बीजापुर की संगीता कुड़ियम रही।

# चुनाव से 8 दिन पूर्व कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, जिला महामंत्री पंच, सरपंच सहित दो सौ कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव,कैबिनेट व प्रभारी मंत्री केदार कश्यप,लोकसभा प्रभारी महेश जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी किरंदुल पहुंचे और भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ से मुलाकात किया और सभी नेताओ की उपस्थिति में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व जनकल्याणकारी योजनाओ से प्रभावित होकर कांग्रेस के जिला महामंत्री तपन दास,कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी,सेवानिवृत्त शिक्षिका शशिकला गिरमे समेत 200 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया।किरण देव, केदार कश्यप, महेश जैन एवं चैतराम अटामी ने सभी का भाजपा का गमछा पहना कर स्वागत किया।कैबिनेट व प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा का मुहर लगाकर और भाजपा की रीती निति से प्रभावित होकर आप जितने भी लोगो ने भाजपा प्रवेश किया सबका स्वागत है अभिनन्दन है और फिर से बस्तर में कमल खिलाकर अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ भाजपा को जिताना है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश सरकार की उपलब्धिया गिनाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं और ये 100 दिन कांग्रेस के भूपेश सरकार के 05 वर्ष पर भारी है।मात्र 3 महीने में मोदी की गारंटी में जो हमारी पार्टी का जो वादा था छत्तीसगढ़ की जनता से, अधिकांश विष्णु सरकार ने पूरा किया है।18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति हुई हैं। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा महामंत्री संजीव दास मंडल के प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान डीएमएफ सदस्य दिनानाथ ठाकुर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता जिला मंत्री भावना सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष रिंकू राजवंशी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निमाई पाल महामंत्री सुखदेव पोयम महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शालिनी कर्मा बनमाली हरिजन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने भरा महिलाओं में जोश...



पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फूलोदेवी नेताम आज महिलाओं को लोकसभा चुनाव के लिए चार्ज करने दंतेवाड़ा पहुँची। सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुँच फूलो ने दर्शन किया साथ ही फरसपाल पहुँच पूर्व विधायक देवती महेंद्र से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम पूछा। राजीव भवन में आयोजित सभा में महिलाओं प्रदेश अध्यक्ष का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। जिले के चारों विकासखंड से पहुँची महिलाओं ने फूलोदेवी नेताम का स्वागत किया। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने शुरुआती भाषण में कहा कि फूलो दीदी का दंतेवाड़ा आना ही हम सभी महिलाओं में जोश भरने के लिए काफी है। लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सबक सिखाने सभी महिलाओं ने कमर कस ली है, जल्द ही इसका देखने को मिलेगा। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि विकास की सिर्फ कांग्रेस के साथ कि जा सकती है।

## मतदान केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश

# सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन ने कोंडागांव के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने कोंडागांव जिले के चिखलपुटी, बनियागांव, दहिकोंगा एवं जोबा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदान दलों एवं मतदाताओं के लिए आधारभूत सुविधाओं का सुनिश्चित करने हेतु जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पहुंच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप मतदाताओं के लिए छायादार विश्राम स्थल, पेयजल, शौचालय की सुविधा सहित दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प इत्यादि की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु कहा। सामान्य प्रेक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु चिखलपुटी, बनियागांव, दहिकोंगा एवं जोबा का निरीक्षण कर मतदाताओं को सुगम मतदान करने हेतु प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं को देखा और सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम कोण्डागांव निकिता मरकाम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्र के चौथे दिवस की गई माता कुष्मांडा की पूजा



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल के आस्था के प्रमुख केंद्र बैलाडीला देवस्थान श्री राघव मन्दिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार चतुर्थी तिथि में माता के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा की गई। प्रधान पूजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि माँ कुष्मांडा का रूप बेहद शांत, सौम्य, मोहक है तथा भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

# कांग्रेस सरकार से गर्त में गई देश को नए आयाम पर स्थापित किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने : रुपकुमारी चौधरी

## मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया हैं, मोदी सपने नहीं हकीकत बुनते हैं : रंजना साहू





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी पुनः मोदी सरकार बनाने एवं अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर निरंतर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैंए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने धमतरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छाती, संबलपुर कुर्रा तेलीनसत्ती, धमतरी शहर के हटकेश्वर वार्ड एवं बठेना वार्ड में जनसभा को संबोधित करते हुए समर्थन मांगा। सभा को संबोधित करते हुए सांसद प्रत्याशी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश को गर्त में धकेलने काम किया, जब-जब कांग्रेस की सरकार बनी घोटाला और आपातकाल लागू हुआ, किंतु भारत रत्न परम श्रद्धेय स्व अटल बिहारी वाजपेई जी के शासनकाल सुशासन के रूप में जाना गया, जबकि केंद्र में मोदी जी की सरकार बनने के बाद समृद्ध भारत के रूप में नए आयाम पर स्थापित करने के लिए जाना जा रहा है, देश के माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने जनता के लिए अनेक योजनाएं लाए जिससे नए भारत का निर्माण हो रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया हैं मोदी जी सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, भाजपा प्रत्याशी को धमतरी विधानसभा सहित सभी क्षेत्रों से भारी मतों से विजयी बनाकर महासमुंद से जीत दिलाकर नारी शक्ति को सशक्त कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को और मजबूत बनाना है यह संकल्प हमें लेना होगा। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से धमतरी विधानसभा के चुनाव संचालक प्रकाश गोलछा, विधानसभा प्रभारी राजीव पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा, आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी यदू, भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, महामंत्री अमर राव, कोमल यादव, प्रीतम साहू, मिश्री पटेल, अखिलेश सोनकर, निलेश लूनिया, लक्ष्मी नारायण साहू डेनिस चंद्राकर, आनंद मेश्राम जय हिंदूजा, विजय मोटवानी,जिला मंत्री बिथिका विश्वास, रितिक यादव, श्यामलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन आज से हुआ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के ससंदीय क्षेत्र क्रमांक- 03 जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति वर्ग एवं 08 रायपुर सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। संसदीय क्षेत्र 03-जांजगीर चांपा अंतर्गत इस जिले के विधानसभा 43 बिलाईगढ़ (आंशिक) एवं 44 कसडोल पूर्णतः सम्मिलित है तथा रायपुर लोकसभा अंतर्गत विधानसभा 45-बलौदाबाजार,46 भाटापारा पूर्णतः सम्मिलित है। अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल 2024 (शनिवार), नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2024 (सोमवार), मतदान की तिथि 07 मई 2024 (मंगलवार), मतगणना की तिथि 04 जून 2024 (मंगलवार) है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-03 जांजगीर चांपा हेतु नाम निर्देशन पत्र कार्यालय कलेक्ट्रेट न्यायालय जांजगीर में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर, अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य प्राप्त किये जायेंगे। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 08-रायपुर हेतु नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट रायपुर में कलेक्टर न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश की तिथियों को छोड़कर, अधिसूचना अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य प्राप्त किये जायेंगे। सुविधा एप्लीकेशन (सुविधा डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन) के माध्यम से अभ्यर्थी अपना नामांकन फॉर्म एवं शपथ पत्र ऑनलाईन भी प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी को एक स्लॉट का चयन कर निर्धारित तिथि एवं समय पर भौतिक सत्यापन एवं नियत शुल्क भुगतान हेतु रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा। इस एप्लीकेशन का उपयोग कर रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए भी ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

# कांग्रेस के सह प्रभारी ने चुनावी चौपाल कर विधायक चातुरी नंद के साथ किया चुनाव प्रचार



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी डॉ चंदन यादव और क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद संग ग्राम बेलमुंडी, अतरझोला और चारभांठा पहुंचे और कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिताने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ जोरदार स्वागत सत्कार किया। चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ चंदन यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों को छलने का काम कर रही है। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से तंग है और तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार है। उन्होंने मोदी सरकार की गारंटी को फेल बताया। इसी तरह ग्रामीणों को विधायक चातुरी नंद ने भी संबोधित किया। उन्होंने नारी न्याय गारंटी के उद्देश्य को महिलाओं को बताते हुए कांग्रेस को वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिताने की अपील की। इस दौरान आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, छुहीपाली ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बलराम भोई, सरायपाली ब्लाक कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर अध्यक्ष आर एन आदित्य, पार्षद सुरेश भोई, इंटक जिलाध्यक्ष संतराम बारीक, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष चांदनी मानिकपुरी, इंटक जिलाध्यक्ष अध्यक्ष प्रभात पटेल, मनोरंजन भोई, तन्मय पंडा, श्रीराम मानिकपुरी, हेतराम पटेल, जनपद सदस्य क्षमानिधि साहू, बेलमुंडी सरपंच ताराचंद चौधरी,विशिकेश्न बाघ, परसू चौहान, प्रमोद ग्वाल, जयंत यादव, उदेराम प्रधान, बिरेंद्र चौधरी, अंतर विशाल, गजानंद सेठ, डोला बाघ,पद्मशंकर चौधरी, बसंत चौधरी, चंद्रभानु नायक, जयकृष्ण पटेल, तुलसी नायक समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 के तहत आने वाले गरियाबंद जिले में डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदाताओं तथा अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाताओं के मतदान के लिए स्थान, तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद में 15 से 17 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर्मी या अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो गरियाबंद जिले के मतदाता है, वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में 15 से 17 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर्मी या अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो गरियाबंद जिले के मतदाता है, वे अपने मतदान कर सकेंगे। कार्यालय रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन गरियाबंद में 15 से 17 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक पुलिस, वन एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारी मतदान कर सकेंगे। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद में 18 से 25 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर्मी या अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो गरियाबंद जिले के मतदाता है, वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाता संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद पोस्टल वोटिंग सेंटर में 18 से 20 अप्रैल तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

# एएसपी ने ली जिले के सायबर एवं समस्त सीसीटीएनएस ऑटरेटरों की मिटिंग

## सीसीटीएनएस ऑपरेटरों को ऑन लाईन एफआईआर फीड पेंडिंग की समीक्षा कर, अन्य एप्स के संबंध में भी दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक सायबर प्रभारी सहित सायबर एवं जिले के समस्त थानों में कार्यरत सीसीटीएनएस ऑपरेटर एवं सिस्टम एडमिन की बैठक ली गई। पुलिस मुख्यालय से साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में प्राप्त आवश्यक दिशा निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई । आईटी अधिनियम 2000 की धारा 69 (A) एवं 79 (3)(1) के तहत कार्यवाही के संबंध में, जेसीसीटी के माध्यम से प्राप्त जानकारी में आवश्यक कार्यवाही के संबंध में, एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही एनसीआरबी पोर्टल पर आमजनों द्वारा साइबर अपराध संबंधी शिकायत दर्ज करने के संबंध में।, महिला एवं बच्चों पर घटित साइबर अपराध शिकायतों का निराकरण, पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में, साइबर अपराध में संलिप्त मोबाईल नम्बरों के विच्छेदन के संबंध में, साइबर अपराध से संबंधित जानकारी प्रेषित करने, त्रिनयन एप्स के संबंध में भी जानकारी दिया गया एवं एप्स डाउनलोड कराया गया। जिले के विभिन्न थानों में कार्यरत सीसीटीएनएस ऑपरेटर एवं सिस्टम एडमिन की बैठक के माध्यम से सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट के माध्यम से फीड किए जा रहे समस्त प्रकार के डाटा, अपराधों की विवेचना, एफ आईआर , एवं सभी प्रकार की जांच कार्यवाहियों की समीक्षा भी की गई। सभी ऑपरेटर्स को शुद्ध एवं सही अनुसंधान कार्यवाही फीड करने की समझाइश दी गई। सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट के माध्यम से अपराधियों की खोज किस प्रकार की जाती है इसके बारे में भी समझाइश दी गई। प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग सुधारने हेतु सभी ऑपरेटरों का मनोबल बढ़ाया गया। सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट से संबंधित बारीकियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवम ऑपरेटरों का फीडबैक भी लिया गया। सभी ऑपरेटर्स को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि एफ्आईआर एंट्री किये जाने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उनके निराकरण के लिए तत्काल मुझे अवगत करायें एताकि उनका निराकरण समय पर किया जा सके। उक्त मिटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, डीएसपी भावेश साव, सायबर प्रभारी निरीण्सन्नी दुबे, स्टेनो अखिलेश शुक्ला, रीडर सउनि दिनेश चंदेल, सउनि प्रेमलाल सिन्हा, चुनाव सेल प्रभारी सउनि राकेश मिश्राए प्रआर डिगेश शर्मा, सीसीटीएनएस से प्रआर विपिन पांजिया आर विजय शर्मा सायबर से आपरेटर आर धीरज डडसेना, योगेश ध्रुव सहित जिले के सभी सीसीटीएनएस ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# हिन्दू संगठनों द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्र के साथ ही मंगलवार को हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2081 की शुरुआत हुई। शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हिन्दू संगठनों द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत होने के साथ जलपान भी कराया गया। इस दौरान प्रमुख आकर्षण का केंद्र ड्रोन के माध्यम से उड़ते हुए हनुमान जी, बनारस से आए कलाकारों द्वारा अघोरियों की वेशभूषा में महाकाल की बारात की झांकी एवं गुरूकुल आश्रम कोसरंगी के ब्रह्मचारियों द्वारा शौर्य प्रदर्शन रहा। जुलूस के साथ ही विशालकाय नंदी आकर्षण का केंद्र रहा। मंगलवार को नववर्ष पर निकाली गई शोभयात्रा की शुरूवात तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में पूजा के बाद हुई, जो ओवरब्रिज से बग्गा चौक, स्वामी चौक, नेहरू चौक होते हुए कचहरी चौक, बरोंडा चौक से माँ दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर में समापन हुआ। शोभयात्रा में हजारों की तदाद में शामिल लोगो द्वारा लगाए गए जय श्री राम के नारों से पूरा शहर गूंज गया। इस दौरान नगर के मुख्यमार्ग पर जमकर आतिशबाजी की गई। साथ ही शोभायात्रा में ध्वजवाहक, राउतनाचा, अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर का प्रतिरूप, जय सोनई रूपई बालक झांकी, भजन मंडली और कोसरंगी गुरूकुल के विद्यार्थियों द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। लेकिन, इस दौरान चौक चौराहों पर प्रदर्शन किए गए मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनारस से आ रहे कलाकारों द्वारा अघोरी की वेशभूषा में महाकाल की बारात और साथ ही ड्रोन की सहायता से आदमकद हनुमान जी उड़ते हुए देखना रहा।

# चाकू से प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

गुरुनानक वार्ड में चाकू से वार कर प्राण घातक हमला करने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार आरोपी द्वारा गाली गलौज करते हुए, अपने पास रखे चाकू से पेट में वारकर पहुंचाया गया, प्रार्थी को प्राणघातक चोंट अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश ठाकुर, एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शराब कोचियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, सटोरियों एवं अन्य अवैधानिक कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 11.04.2024 को थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा 10.04.2024 को रात्रि 09:30 बजे लगभग गुरुनानक वार्ड भाटापारा में बीड़ी मांगने की सामान्य बात को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी विनोद उर्फबकतावर सोनवानी के पेट में प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले आरोपी रोहित बाल्मीकि को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से प्रकरण में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 192/2024 धारा 294,506,307 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार करते हुए, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार करने एवं संपूर्ण प्रकरण की विवेचना में थाना भाटापारा शहर से एएसआई सुरेंद्र सिंह, आरक्षक उमेश वर्मा, विजय ठाकुर, दुर्गेश साहू, लोरिक शांडिल्य, रामस्नेही का विशेष योगदान रहा। आरोपी- रोहित बाल्मीकि पिता विजय बाल्मीकि उम्र 20 साल निवासी गुरुनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

# मुस्लिमजनों ने धूमधाम से मनाया ईद का त्यौहार

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



महीने भर तक रोजा रखकर खुदा की इबादत करने के बाद 11 अप्रैल को धूमधाम से ईद का त्यौहार मनाया गया। चांद की तस्दीक होने के साथ ही आज शहर में सभी ओर ईद की रौनक देखी गई। इस दौरान नये पोशाकों के साथ टोपी में नवनिहाल से लेकर बुजुर्ग तक सभी सजे धजे रहे। विशेषकर बच्चों में अधिक उत्साह देखा गया। सभी मुस्लिमजनों ने ईदगाह जाकर ईद की नमाज अदा की एवं मुल्क -ए-वतन हिन्दुस्तान, सुबए छत्तीसगढ़, महासमुंद जिला सहित सरायपाली के लिए आपसी भाईचारा, अमनोसुकुन व खुशहाली की दुआ मांगी। साथ ही अपने-अपने मरहूमों के कब्रों में फूल चढ़ाकर तथा गुलाब जल आदि छिड़क कर दुआ मांगी गई। पूरे एक माह तक रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करने के बाद सभी मुस्लिम जनों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाया। नए-नए पोशाकों से सजे बच्चों में सबसे अधिक उत्साह देखा गया। सुबह 9 बजे ईदगाह में सभी मुस्लिम जनों के द्वारा ईद की नमाज पढ़ी गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाज के बच्चे, बुजुर्ग नौजवान सभी शामिल हुए। मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी द्वारा ईद की नमाज के पश्चात सभी लोगों के लिए भाईचारा, तरक्की, रोजी रोजगार की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस त्यौहार को मनाने के लिए सुबह से ही मुस्लिमजनों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। ईद के इस पाक मौके पर ईदगाह में जाकर नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्र कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा व गुंजन अग्रवाल, रोमी सलूजा आदि जनप्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्यजनों ने भी मुस्लिम भाइयों को बधाई दी। चेम्बर ऑफकॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के द्वारा स्थानीय राम मंदिर के पास समस्त मुस्लिमजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। त्यौहार के दौरान शहर एवं शहर के बाहर पुलिस के द्वारा भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।

# धान में माहो, शीथ ब्लाइट और तना छेदक का प्रकोप

## अब बदरा का खतरा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



बादल और बारिश। धान की फसल में आएंगे बदरा दानें। इसके अलावा कीट प्रकोप को भी न्यौता मिल चुका है। यह सभी कारक, रबी सत्र में ली जा रही धान की फसल में पांच फीसदी गिरावट ला सकते हैं। मौसम का बदला स्वरूप धान की तैयार हो रही फसल के लिए खतरा बनता नजर आने लगा है। संकेत उस कीट के प्रवेश से मिल चुका है, जिसे माहो के नाम से जाना जाता है। कीटनाशक बेचने वाली दुकानों में पहुंचती शिकायतों के बाद कृषि विभाग बहुत जल्द फसल आकलन की योजना बना रहा है।

### प्रवेश माहो का

रबी सत्र में ली जा रही धान की फसल में अब माहो ने प्रवेश कर लिया है। साथ ही तना छेदक और शीथ ब्लाईट का भी फैलाव देखा जा रहा है। इन तीनों के पहले गलघोटूं, नुकसान पहुंचा चुका है। ऐसे में यह कीट हानि का प्रतिशत बढ़ा सकते हैं। बचाव के लिए किसान कीटनाशक दुकानों से जरूरी दवाएं खरीद रहे हैं। जहां आवश्यक मार्गदर्शन और हानि कम करने के उपाय बताए जा रहे हैं।

### आशंका बदरा की

बादल और बारिश। रबी फसल के लिए बेहद हानिकारक माने जाते हैं। परिपक्क होने की अवधि में पहुंच रही धान की फसल को अब तेज धूप की आवश्यकता है लेकिन बीते एक पखवाड़े से यह निरंतर नहीं है। ऐसे में दाने परिपक्व नहीं हो पाएंगे। यही वजह बदरा का प्रतिशत बढ़ा सकता है। उपाय सिर्फ एक, वह है तेज धूप का होना। जो कि फिलहाल दूर ही है।

### उत्पादन में कमी की आशंका

धान की तैयार हो रही फसल में जिस तेजी से कीट प्रकोप फैलाव ले रहा है, और बदरा दानों के आने के आशंका बलवती हो रही है, उससे कुल उत्पादन में 5त्न गिरावट के आसार बनते नजर आ रहे हैं। यह नुकसान तब और भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा जब फसल तैयार होकर किसानों तक पहुंचेगी। यह भी तय माना जा रहा है कि गुणवत्ता मानक स्तर पर नहीं पहुंच पाएगी।

### ब्लॉक में ऐसा है रकबा

भाटापारा विकासखंड में चालू रबी सत्र में लगभग 800 हेक्टेयर रकबे में धान की फसल ली गई है। यह रकबा बीते रबी सत्र जितना ही है। जिन किसानों ने समय रहते बोनी की थी, उनकी फसल कटाई के लिए तैयार है। विलंब से बोई गई फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

आशंका उत्पादन में कमी की चालू रबी सत्र में मौसम जैसा बना हुआ है, वह अब धान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाला बन चुका है। कीट प्रकोप तो होगा ही साथ ही बदरा की शिकायतों का आना देखा जा सकता है। इसे समग्र रूप से उत्पादन में कमी के रूप में देखा जा सकता है।

**-डॉ एस आर पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर**

# छत्तीसगढ़ में भी बरसे भगवान झूलेलाल की कृपा चेट्री चंड्र समारोह में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



सिंधी समाज भाटापारा द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर चेट्री चंड्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संत कंवर राम चौक भाटापारा में समाज द्वारा निकले जुलुश में सम्मिलित उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने उपस्थित सिंधी समाज के लोगों को चेट्री चंड्रा, चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नव वर्ष की बधाई दी एवं शुभकामनाएँ दी। अपनी प्रार्थना में शिवरतन शर्मा ने कहा कि भगवान झूलेलाल अर्थात हमारे जल देवता वरुण की कृपा से उपासक सिंधी समाज समृद्ध है, बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दे रहा है। भगवान झूलेलाल की कृपा, छत्तीसगढ़ पर बरसती रहे यही हमारी कामना है। उन्होंने कहा कि चेट्री चंड्रा समारोह में संगीतमय विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं, जिसके कारण युवा पीढ़ी भी बढ़ चढ़कर इन कार्यक्रमों में भाग लेती है। यह जरूरी है कि हम अपनी धर्म संस्कृति और संप्रदाय के प्रति सजग रहें और आने वाली पीढ़ी को भी इनमें से अलौकिक और पारंपरिक किरदारों की सीख दें। उक्त अवसर पर इंदरलाल थारानी, अनिल रोचलानी, राकेश मंधान, रूपचंद थारानी, रेहन्दा मल ग्रेहांणी, कमलेश कुकरेजा, धनेश माधवानी, रंजीत दवानी, धीरज निहलानी, दरवेश थारानी, सतीश तलरेजा, गुरमुख गंगवानी, कैलाश बलानी, नंदलाल हबलानी, हरीश निहलानी, राजेश थारानी, नंदलाल गिदवानी, चंद्रपाल बागवानी, कल्लू सचदेव, चेतन पंजवानी, सहित बड़ी संख्या मे सामाजिकजन उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार की तर्ज पर कोरबा लोकसभा से महंत परिवार का होगा सूपड़ा साफ

## पीएम मोदी को मिलेगा जनता का सीधा साथ, 400 पार के साथ फिर से बनेगी मोदी सरकार, राज्य की सभी 11 सीटों पर खिलेगा कमल : सरोज पांडेय

पायनियर संवाददाता < कोरिया/बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com






कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय द्वारा भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में की गई प्रेसवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि भूपेश बघेल की निकम्मी, घोटाले बाज और दहशत फैलाने वाली सरकार को 2023 विधानसभा चुनाव में जनता ने जो जवाब दिया और कांग्रेस को उखाड़ कर फेंक दिया। ठीक उसी तरह कोरबा लोकसभा की निठल्ली और निष्क्रिय लापता सांसद ज्योत्सना महंत को भी लोकसभा क्षेत्र की आम जनता नकार चुकी है और सुपड़ा साफ कर देने पर आमादा है। कोरबा लोकसभा में कई ऐसे मुद्दे और विकास संबंधी बातें मेरे लोकसभा स्तरीय दौरे के दौरान सामने निकलकर आई, लोगों ने मुझसे बताया जिससे ज्ञात हुआ कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लोग अब भी सर्वांगीण विकास से काफी दूर हैं। कस्बे और गांवों में समस्याओं का अंबार है। जिसका निदान बीते पांच वर्षों में यहां की कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत नही कर पाई। ज्योत्सना महंत के नकारेपन की वजह से क्षेत्र की जनता को केंद्र सरकार की योजनाएं का लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया। पांच साल सांसद रहते हुए ज्योत्सना महंत मात्र 17 बार ही कोरबा लोकसभा में आई। यहां तक कि वो केंद्र (दिल्ली) तक में मौजूद नहीं रहती थी इनका ज्यादातर समय मध्य प्रदेश के भोपाल में व्यतीत होता था। सरोज पांडेय ने कहा की मैं प्रेस वार्ता के माध्यम से बताना चाहती हूं कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत रहे और सांसद के रूप में ज्योत्सना महंत रही तो फिर कोरबा लोकसभा क्षेत्र विकास के साथ साथ केंद्र की योजनाओं से वंचित क्यू रहा। क्या उनके नेता हमेशा अपमान जनक अभद्र टिप्पणी करना ही असल राजनीति समझते हैं। जिस देश का आम जनमानस अपनी भावनाओं और भरोसे पर अपने मुख्य नेतृत्व के रूप में मोदी को प्रधानमंत्री चुना है उनके लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करके महंत परिवार खुद को आम जनता के बीच गिरा लिया है उन्होंने अपनी घटिया और विकृत मानसिकता का परिचय दिया है। जिसका जवाब क्षेत्र की जनता देगी। और अबकी बार 400 पार के साथ फिर से मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुनेगी। उन्होंने कहा की देश की आम जनता के स्नेह और आशीर्वाद के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने भारत देश पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए ख्याति बिखेर रहा है और विकसित भारत संकल्प अभियान 2047 की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उसी को जोर देते हुए देश की जनता एक बार फिर से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को अपने स्नेह की बदौलत प्रधानमंत्री बनाने जा रही है और इस राष्ट्र के गौरव को शीर्ष पर स्थापित करने, देश के चौमुखी विकास सहित विकसित भारत के भागीदार बनने जा रहे है। सरोज पांडेय ने कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने खुद के कार्यकर्ता हो आम जनमानस हो या फिर पत्रकार सबको प्रताड़ित और भयभीत करने का काम किया है। कोयला, शराब घोटाला, शिक्षित युवाओं से पीएससी में ठगी करने वाली भ्रष्टाचार में डूबी भूपेश सरकार को जनता उनके मुंह पर जवाब दी और कांग्रेस जमींदोज को जालीदोज कर दी। वहीं कांग्रेस पार्टी के द्वारा बाहरी प्रत्याशी होने के सवाल पर सरोज पांडेय ने कहा की जब सोनिया गांधी बाहर से आकर चुनाव लड़ सकती हैं, राहुल गांधी दिल्ली में रहकर अमेठी और वायनाड में चुनाव लड़ सकते हैं तो फिर मेरा चुनाव लड़ना इनको इतना भारी क्यों पड़ रहा है। यह देश और लोकसभा का चुनाव है। जो कांग्रेसी मुझे बाहरी कह रहे है वो कांग्रेस पार्टी से सांसद रही ज्योत्सना महंत की निठल्ली नकारा नीतियों की बात क्यू नही करते जिनके द्वारा राज्यसभा में अपनी लोकसभा क्षेत्र के विकास की बातों को कभी नहीं रखा गया। हालांकि निठल्ली, निष्क्रिय और भ्रष्टाचारी कांग्रेस की नीतियों को जनता बहुत करीब से जानती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को सराहती है और लगातार जनता का अपार स्नेह और साथ उन्हें मिल रहा है। पांडेय ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कोरबा लोकसभा सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतेगी और फिर से मोदी सरकार बनेगी। फिर वो शिक्षा का स्तर हो, आवास हो, रोजगार हो या फिर जिले स्तर पर एम्स के तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधा हो सभी पर पूरजोर युद्ध स्तर पर विकास होंगे और देश की जनता, देश की नारी शक्ति, मात्र शक्ति सभी सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत होंगे रोजगार के नए संसाधनों का सृजन होगा, उद्योग स्थापित किए जायेंगे साथ ही कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी जिला मुख्यालय में संसदीय कार्यालय स्थापित किए जायेंगे, जहां पर हमारे प्रतिनिधि होंगे जिससे जिलों की समस्याएं मुझ तक पहुंचेगी साथ ही मैं सरोज पांडेय आपकी सांसद के रूप में महीने में दो बार आपके बीच उपस्थित भी रहूंगी। यहां की जनता केंद्र सरकार की योजनाओं से सदैव लाभान्वित होती रहेगी और मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि जनता अपने पूर्ण बहुमत के साथ हमारा साथ देगी। सरोज पांडेय ने कहा की क्षेत्र के विधायक और पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े के सभी जनहित और कोरिया के विकास की मांगों को पूरी प्राथमिकता मिलेगी और चुनाव संपन्न पश्चात 3 माह के भीतर कोरबा लोकसभा क्षेत्र सहित कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 30 लाख के विकास कार्यों से संसदीय क्षेत्र के विकास की शुरुआत करेंगी। साथ ही नए जिलों का व्यवस्थित कार्य संचालन करने के साथ कोरिया को संभाग बनाने की पहल पर किया जाएगा अमल। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय, जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, शैलेश शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, बैकुंठपुर नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, जिला संवाद प्रमुख विमल कांत गुप्ता सहित जिले के सम्मानित पत्रकार गण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जर्जर सांस्कृतिक भवन देख आयुक्त ने कहा खतरा है, उपयोग बंद करे



पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

रिसाली बस्ती के जर्जर सांस्कृतिक भवन को देख आयुक्त मोनिका वर्मा ने विधिवत कंडम घोषित करने कहा। उन्होंने कहा कि भवन को सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए। रिसाली निगम आयुक्त ने अवकाश के दिन रिसाली निगम क्षेत्र का भ्रमण की। वार्डो का निरीक्षण करते आयुक्त 30 वर्ष पुराने रिसाली बस्ती के सांस्कृतिक भवन का निरीक्षण की। भवन बेहद जर्जर हो चुका है। छत का प्लास्टर गिरने लगा है। दीवार पर लगा प्लास्टर झड़ने लगा है। इसे देख निगम आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग को कंडम घोषित कर दीवार पर सूचना लिखने निर्देश दिए। साथ ही रिसाली के सांस्कृतिक कार्यक्रमआयोजन करने वाली मंडली को पत्र लिख भवन कंडम होने और उपयोग नहीं करने की सूचना देने कहा।

**तालाब पाटना गलत**

आयुक्त वीआईपी नगर तालाब का निरीक्षण की। इस तालाब को पाटे जाने की नागरिकों ने शिकायत की है। दरअसल यह तालाब प्राइवेट है। आयुक्त ने कहा कि तालाब का उपयोग सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है। तालाब के भीतर किसी तरह का अतिक्रमण या उसे पाटकर खरीदी बिक्री नहीं किया जा सकता। उन्होंने तालाब के पानी को सुखाने डाले जा रहे मिट्टी पर रोक लगाने निर्देश दिए।

**मुक्तिधाम में बनेगा शेड**

आयुक्त रिसाली मुक्तिधाम पहुंची।उन्होंने यहां लकड़ी और अंतिम संस्कार के लिए अलग अलग शेड बनाने कहा। परिसर में लगे अजवाइन, सिंदुर, कपूर, लौंग, लाल चंदन, अंगूर आदि पौध को देख अच्छे से देखभाल करने के निर्देश भी दिए।

**बच्चों के साथ खेली आयुक्त**

निरीक्षण के दौरान रिसाली बस्ती स्कूल में बने मतदान केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान आयुक्त परिसर में संचालित आंगन बाड़ी को देखने पहुंची। 4 बच्चे बुनियादी शिक्षा ले रहे थे। आयुक्त बच्चों के साथ खेल खेल में न केवल बच्चों का नाम पूछी, बल्कि पौष्टिक आहार के रूप में दिए जाने वाली सामग्री का नाम भी पूछी।

# सतनामी समाज सम्मेलन में 150 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

## विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने का क्रम लगातार जारी है। गुरुवार को बसना में आयोजित सतनामी समाज सम्मेलन में लगभग 500 लोग शामिल हुए। जिसमें नगर पंचायत बसना के तीन बार के पार्षद एवं वर्तमान में एल्डरमैन रमेश सूर्या, पार्षद गौतम धृतलहरें एवं पूर्व पार्षद राकेश भारती सहित बसना विधानसभा के 150 लोगों ने भाजपा की रीति नीति व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशहित व दुर दृष्टि सोच एवं स्थानीय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के जनसेवा कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने सभी को भाजपा गमछा पहनाकर पार्टी में सदस्यता दिलाये। सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक ने लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते मोदी सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बताये और कहा कि लगातार भाजपा परिवार में लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो रहे हैं इससे ये साबित होता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिये है। भाजपा में छोटे बड़े का भेद भाव नहीं होता, इसमें हर कार्यकर्ता अपने आप में भाजपा परिवार का प्रमुख सदस्य होता है, सम्मेलन में शामिल सभी 500 लोगों ने एक स्वर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अबकी बार 400 पार को पूरा करने के साथ छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों पर कमल खिलाकर नरेन्द्र मोदी के झोली में डालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतनामी समाज के प्रतिष्ठित संत लाभोदास संत ऋतु, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी विकास बघेल, विधायक जनसंपर्क कार्यालय पिथौरा प्रभारी छबिलाल रात्रे, अभय धृतलहरें, लोकनाथ खुंटे खोलबाहरा निराला, धनुष लहरे, चंद्रभान खुटे, गुन प्रसाद धृतलहरे, बोधन बघेल, खमेश्वर रात्रे, गोपाल सत्यवंशी, समाज के पदाधिकारीगण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुरानी भिलाई पुलिस ने सूरत से किया गिरफ्तार

**भिलाई-3।** पुरानी भिलाई पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने पुरानी भिलाई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने 5 अप्रैल 2024 को गुम इंसान क्रमांक 14/24 को अपराध क्रमांक 141/2024 धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर जांच कार्रवाई में लिया। अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी पीड़ी चंद्रा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पाया गया की आरोपी गोकुल ठाकुर पीड़िता को नाबालिग जानते हुए बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने घर अंदर शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया। 5/4/24 के एक सप्ताह पूर्व अपने मोटर सायकल में जामुल, शिवपुरी गार्डन घुमाने ले गया और 5/4/24 को पीड़िता को रायपुर बंजारी मंदिर घुमाने ले जाने के बहाने रायपुर ले जाकर वहां से ट्रेन से नागपुर और नागपुर से सूरत (गुजरात) ले गया। पुलिस ने आरोपी को सूरत से पकड़ा है वही पीड़िता को सकुशल बरामद किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 363 कायम कर आरोपी गोकुल ठाकुर को तत्काल पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को धारा 363, 366, 376, भादवी 4 पाक्सो के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# विकसित भारत के लिए मोदी मात्र एक विकल्प : रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा कार्यालय के सभा कक्ष में विधानसभा रामानुजगंज स्तरीय आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के संयुक्त महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि यह चुनाव विकसित भारत राष्ट्र निर्माण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, वहीं प्रदेश में मोदी की गारंटी विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार महिलाओं को महतारी वंदन योजना के मध्यम से सशक्त करने का काम किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हमारे देश एवं प्रदेश के किसान खुशहाल हैं। इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्त करने हेतु युवा मर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को कार्य एवं दायित्व सौंप दिया गया है। अब उनको युवा मोर्चा बूथ के नव मतदाताओं को संपर्क कर मत प्रतिशत को बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका होनी चाहिए। जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विगत 10 वर्षो से पूरे देश भर में जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे कई योजनाएं संचालित की जा रही है जिसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। आयोजित बैठक में पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## नेताम ने प्रेस वार्ता को किया संबोधित

उक्त कार्यक्रम के बाद राम विचार नेताम ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहां की लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेसियों का मानसिक संतुलन बिगड़ते जा रहा है जिसके कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं, जो इन्हें नहीं करना चाहिए। लोकतंत्र में अपनी बात को रखने के लिए सभी को आजादी प्राप्त है किंतु अमानवीय शब्दों का प्रयोग करना उचित प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कवासी लखमा वैसे भी झीरम कांड समेत कई मामलों में संदिग्ध रहे हैं और बस्तर संभाग में नक्सलियों से साठ गांठ कर राजनीति कर रहे हैं। कवासी लखमा पर नक्सलियों को सहयोग करने के लिए कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। वहीं कवासी लखमा का बयान सुरक्षा जवानों के मनोबल को तोड़ने वाला प्रतीत होता है इसलिए इन पर आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए।

# आजू राम साहू पूर्व जनपद सभापति का मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में घर वापसी



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन के ग्राम पंचायत करदा निवासी आजू राम साहू समाजसेवी, पूर्व जनपद पंचायत बलौदाबाजार सभापति ने कसडोल नगर में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, राजश्व मंत्री टंक राम वर्मा एवं लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पुनः भाजपा का दामन थामते हुए घर वापसी किये हैं। जिससे उनके चाहने वालों में हर्ष का माहौल है, इसके साथ ही उनके चाहने वालों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि साहू के भाजपा में आने से संगठन को नई उर्जा एवं उनके अनुभव का भरपूर फायदा मिलेगा। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को भी उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं भाजपा प्रवेश करने वाले नेताओं के लिए मंच के माध्यम से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुबह का भुला शाम को घर वापस लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते हैं ठीक वैसे ही हमारे भाजपा के पूर्व कार्यकर्ताओ ने व्यक्तिगत कारणों से अन्य पार्टियों में कुछ समय के लिए भले ही चले गए थे लेकिन उनका मन विचार हमेशा भाजपा पार्टी के रीति नीति से अलग नहीं रहा, जिसका प्रमाण हम सभी ने देखे हैं।

# शर्मनाकः डीएवी स्कूल ने आदिवासी क्षेत्र के बच्चों का रिजल्ट फीस के कारण रोका, एसडीएम के निर्देश की प्रबंधन ने की अवहेलना

## बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों से पीपुल्स फंड के नाम पर एक मोटी रकम फीस के नाम लेती है : मुश्ताक अहमद

पायनियर संवाददाता < बोलोद
www.dailypioneer.com



भारतीय मजदूर संघ के नेता और सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद से गैर बीएसपी बच्चों की फीस के लिए लिए दो सत्रों से सत्र 2022-23 में 2 करोड 18 लाख एवं सत्र 2023-24 में 2 करोड 70 लाख रुपए का भुगतान डीएवी स्कूल प्रबंधन को कर चुकी हैं और जिसकी लिखित जानकारी सूचना के अधिकार में बीएसपी के अधिकारियों द्वारा स्वयं दिया भी गया हैं। मगर उसके बाद भी उस पैसो का लाभ क्षेत्र की गरीब आदिवासियों के बच्चों को अभी तक नहीं मिला है, जो कि जांच का विषय है। उसी विषय को लेकर एसडीएम आरके सोनकर ने एक बैठक आयोजित की थी। जिसमें शिकायतकर्ता संघ, बीएसपी प्रबंधन, डीएवी स्कूल प्रबंधन, ब्लाक शिक्षा अधिकारी शामिल हुए थे और ऐसी मंशा थी कि महीनों से चल रहें इस समस्या का समाधान निकाला जाये। किंतु हर बार की तरह इस बैठक में भी बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे। जो इस पर कोई ठोस निर्णय ले सकें। ऐसे कार्मिक विभाग के अधिकारी को भेजा गया था जो किसी भी प्रकार का निर्णय लेने में सक्षम नहीं है। सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए बीएसपी प्रबंधन अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा था। जो कि बहुत ही निराशाजनक है कि जनहित के मुद्दों पर ईस तरह जिम्मेदार अधिकारीयों का बैठक में उपस्थित न होना और क्षेत्र के गरीब आदिवासी बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए जानबूझकर पीछे हटना और साथ ही कलेक्टर के प्रतिनिधि एसडीएम की आदेश को ना मानना बीएसपी प्रबंधन की आदिवासी बच्चों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। ब्लाक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में बीआरसी डौंडी बैठक में उपस्थित हुए थे। डीएवी स्कूल की तरफ से भी प्रतिनिधिमंडल उपस्थित हुआ था। बैठक प्रारंभ होने से पहले ही बीएसपी प्रबंधन के वह अधिकारी जो निर्णय लेने में सक्षम नहीं थे, वह बैठक छोड़कर जा चुके थे जोकि यह स्पष्ट करता है कि बीएसपी प्रबंधन क्षेत्र के लोगों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है। वह सिर्फ और सिर्फ हमारा शोषण और भ्रष्टाचार करने में लगा हुआ है।

### आदिवासियों क्षेत्र के बच्चों का रिजल्ट फीस के कारण रोका गया

मुश्ताक अहमद ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन की अनुपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई और एसडीएम आरके सोनकर ने डीएवी स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया कि चूंकि फीस का मामला मेरे समक्ष विचाराधीन है और इस पर बातचीत चल रही है और आचार संहिता लागू होने के कारण सभी व्यस्त हैं। इसीलिए सबसे पहले डीएवी स्कूल सभी बच्चों का रिजल्ट तत्काल उन्हें दें। जिन्हें बीएसपी प्रबंधन के दबाव में रोककर रखा गया है। क्योंकि डीएवी स्कूल अन्य निजी स्कूलों से बिल्कुल भी अलग है। डीएवी स्कूल बीएसपी प्रबंधन के द्वारा संचालित किया जाता है और स्कूल चलाने का सारा खर्च, शिक्षकों का वेतन, उनके लिए मकान, चिकित्सा सभी तरह की सुविधा बीएसपी प्रबंधन उपलब्ध कराता है। डीएवी स्कूल का सिर्फ नाम है, बाकी सारे काम बीएसपी प्रबंधन द्वारा किया जाता है। इसीलिए फीस के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार भी बीएसपी प्रबंधन का है। डीएवी स्कूल प्रबंधन के एलएलसी के अध्यक्ष भी बीएसपी प्रबंधन के मुख्य महाप्रबंधक खदान है। इसीलिए अन्य निजी स्कूलों से अलग डीएवी स्कूल 100 प्रतिशत अनुदान प्राप्त स्कूल है और उसके बाद भी क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र के बच्चों का रिजल्ट फीस के कारण रोककर रखा गया है, जो कि बहुत ही शर्मनाक है। चाहे तो इस समस्या का समाधान एक दिन में हो सकता है। मगर बीएसपी प्रबंधन समाधान करना ही नहीं चाहतीं हैं। बीएसपी प्रबंधन तो डीएवी स्कूल को दिए गए सीएसआर मद से करोड़ों रुपए का कोई लिखित जानकारी देने से भी बच रही है। जिससे ऐसा लगता है कि सीएसआर मद की राशि का बंदरबांट कर लिया गया है। तभी बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारी बैठक में आने में टालमटोल कर रहे हैं।

एसडीएम के बोलने के बाद भी आज तक जिन बच्चों ने फीस नहीं जमा किया है, बीएसपी प्रबंधन उनका रिजल्ट रोककर रखीं हैं। बीएसपी के अधिकारी एसडीएम का बात को भी नहीं मान रहे हैं। जो कि इनकी हठधर्मिता को दर्शाता है। बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों से पीपुल्स फंड के नाम पर एक मोटी रकम फीस के नाम लेती है और इस फंड के लिए अलग से बैंक खाता भी खोला गया और यह बताया गया है कि इस फंड के पैसों का उपयोग बच्चों के बेनीफीट के लिए किया जाता है और जब संघ ने इस फंड की पूरी जानकारी मांग की गई। इस फ्ंड की राशि का उपयोग जबसे स्कूल खुला है कहां किया गया है, तो बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन कोई जवाब नहीं दे रहीं हैं, और एक तरफ

### पालकों पर बनाया जा रहा दबाव

कलेक्टर बालोद ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि जिन निजी स्कूलों में शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है जहां आवश्यकता से अधिक फीस लिया जा रहा है उसका सही तरीके से जानकारी पालकों को नहीं दिया जा रहा है, उन स्कूलों की जांच किया जावे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जावें और जरूरत पड़ने पर मान्यता रद्द करने की भी कार्यवाही की जावें। मुश्ताक अहमद ने कहा कि निजी स्कूलों का आंडिट प्रतिवर्ष सार्वजनिक किया जाना चाहिए। जिससे पता चले कि स्कूल जो कि मान्यता लेने के समय शपथपत्र देते हैं कि नो प्रॉफिट नो लॉस में स्कूल का संचालन करेंगे। मगर मान्यता मिलते ही शिक्षा का व्यासीकरण कर दिया जा रहा है। कापी, पुस्तक, मोजा, टाई सभी चीजें स्कूल स्वयं बेच रहा है और पालकों पर दबाव बनाया जाता है, खरीदने के लिए। जो कि कही से भी सही नहीं है और कलेक्टर को इस पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों का शोषण करने वाले बीएसपी प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले उसके लिए उसके लिए कार्य करें न कि बच्चों के रिजल्ट को रोककर उनको मानसिक रूप से प्रताड़ित करें। इस बैठक में मुख्य रूप से संघ की ओर से मुश्ताक अहमद, एमपी सिंग, लखनलाल चौधरी, डौंडी बीआरसी एसएन शर्मा, डीएवी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य और दल्लीराजहरा एसडीएम आरके सोनकर उपस्थित थे।

# जलियांवाला बाग हत्याकांड की 125वीं बरसी आज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आज 13 अप्रैल 2024 को जालियांवाला बाग हत्याकाण्ड की 125 वीं बरसी है। तिरंगा वंदन मंच के संयोजक मुकेश शाह ने इस नृशंस हत्याकाण्ड में शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि इस हत्याकाण्ड के चश्मदीद 20 वर्षीय एक बालक उधम सिंह ने ब्रिटिश सरकार की इस कायराना और जघन्य हत्याकाण्ड का बदला लेने का फैसला कर लिया था और 21 साल बाद उन्होंने इस गोलीकाण्ड का आदेश देने वाले तत्कालीन गवर्नर जनरल माइकल डायर को 13 मार्च 1940 को लंदन में एक कार्यक्रम में गोली मारी थी। इसके बाद पूरे भारत में क्रांति की लहर ने और ज्यादा बड़ा रूप ले लिया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और तेज हो गई। 31 जुलाई 1940 को शहीद उधम सिंह को लंदन के पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई। आजादी के बाद भारतवासियों की मांग पर आज तक ब्रिटिश सरकार ने आधिकारिक तौर पर इस नृशंस हत्याकाण्ड के लिए माफी नहीं मांगी है। इस हेतु पंजाब विधानसभा में एक प्रस्ताव भी पास किया गया था कि ब्रिटिश सरकार इस घटना के लिए माफी मांगे। तिरंगा वंदन मंच के संयोजक मुकेश शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व में एक पत्र लिखकर मांग किया था कि वे ब्रिटिश सरकार पर जालियांवाला बाग हत्याकाण्ड के लिए आधिकारिक माफी मांगने हेतु आवश्यक दबाव बनाएं। शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि वे स्वतंत्रता आंदोलन की ज्योति को हवा देकर युवा आंदोलनकारियों के प्रेरणा स्त्रोत बने शहीद उधम सिंह की एक आदमकद प्रतिमा नया रायपुर में स्थापित करें। साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा में इस हत्याकाण्ड हेतु ब्रिटिश सरकार द्वारा माफी मांगने की मांग का एक प्रस्ताव पास कराएं।

# राजरानी खन्ना का निधन



**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माताजी 85 वर्षीय राजरानी खन्ना का दुखद निधन 12.04.2024 शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार शाम 4:00 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे स्व. भगत राम खन्ना की धर्मपत्नी, भीमसेन, सेनापति, राजेन्द्र, राजेश, सीमा, ममता की माताजी एवं संजीव सभ्रवाल व तंजीव अरोरा की सास थी।



## कंगना और अध्ययन के ब्रेकअप पर बोले शेखर सुमन



एक्टर शेखर सुमन 'हरीमंडी' सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। उन्होंने अपने इंटरव्यू में कंगना रनोट और बेटे अध्ययन सुमन के ब्रेकअप पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि कंगना और अध्ययन का ब्रेकअप बहुत हार्ट ब्रेकिंग था। शेखर उनके ब्रेकअप के लिए किस्मत को दोष देते हैं। उनका कहना है कि भले ही किसी का रिश्ता टूट गया हो। जब आप उस रिश्ते में थे तो खुश थे, इसलिए अपने पिछले रिश्ते को हमेशा प्यार से ही देखना चाहिए। शेखर ने इंटरव्यू में कहा- अब दोनों के बीच किसी तरह के गिले-शिकवे नहीं हैं। हम सभी जिंदगी में कई पड़ाव से गुजरते हैं। बहुत बार ऐसा होता है कि आज जो हमें ठीक लग रहा है। वो कल गलत लगने लगे। कोई नहीं चाहता कि किसी का रिश्ता खराब हो, ब्रेकअप हो और फिर आगे बढ़ना पड़े। हर कपल यही चाहता है कि उनका रिश्ता हमेशा आगे बढ़े।

अध्ययन ने बताया था कि उन्हें इस बारे में पब्लिकली बयान देने का कोई भी पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने इसके बारे में वैसे ही बात की जैसे कोई और इंसान करता। मैंने उस समय बात की थी, जब लोग कहानी में मेरे पक्ष के बारे में जानते भी नहीं थे।

### पब्लिसिटी का भूखा नहीं हूं

अध्ययन ने आगे कहा था- अगर मैं पब्लिसिटी का भूखा होता, तो मैंने इसके बारे में 2009 में ही बात की होती। जब मैं रिलेशनशिप में था। मैं इस बारे में भला 2017 में क्यों बोलता। सच कहूं तो यह कहने से कुछ भी फर्क नहीं पड़ता। आपको काम आपके अफेयर्स की वजह से नहीं बल्कि आपके टैलेंट की वजह से मिलता है।

अध्ययन बोले- जब मैंने लोगों के सामने अपनी बात रखी, तो लोगों ने क्या कुछ नहीं कहा। धीरे-धीरे लोगों को कहानी में मेरा पक्ष भी समझ आने लगा, तब कुछ लोगों ने मुझसे माफी भी मांगी। भले ही मुझे लोगों के ताने सुनने पड़े, लेकिन मुझे इसका बिल्कुल भी अफसोस नहीं है।



# प्रिटी गर्ल बन-बनकर बोर हो गई थी

मंजरी फडनीस इन दिनों अपनी फिल्म द यूपी फाइल्स को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने कहा- मैं द यूपी फाइल्स में महिला पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में हूं जैसा पहले कभी नहीं दिखा। उन्होंने कहा मैं प्रिटी गर्ल बन-बनकर बोर हो गई थी। बीते दिनों अदाकारा ने जीवन के उतार-चढ़ाव पर भी ढेर सारी बातें कीं।

### हम ऐक्टर अच्छे किरदारों को लेकर थोड़े लालची होते हैं

मैं द यूपी फाइल्स में महिला पुलिस इंस्पेक्टर का किरदार निभा रही हूं। इससे पहले मुझे किसी ने फीमेल कॉप के रूप में नहीं देखा है। दरअसल, हम ऐक्टर अच्छे किरदारों को लेकर थोड़े लालची होते हैं क्योंकि इनके जरिए कुछ अलग करने को मिलता है। इसमें मुझे बहुत गुंजाइश दिखी। यह मेरे लिए चुनौती थी क्योंकि ऐसा रोल पहले कभी किया नहीं था। यह बहुत सशक्त किरदार है, जिसमें मैं विमिन एंड चाइल्ड सिक्यॉरिटी विंग की हेड बनी हूं। फिल्म में मेरा मुख्यमंत्री के साथ एक मोनोलॉग है, जो इमोशनली बहुत स्ट्रॉन्ग है।

### बॉलिवुड में चुनिंदा फिल्में मिलीं पर काम करना नहीं छोड़ा

बॉलिवुड में मुझे चुनिंदा काम मिला, लेकिन मैंने काम करना नहीं छोड़ा। दूसरी फिल्म इंडस्ट्रीज में लगातार काम करती रही। इसकी पहली वजह यह है कि मुझे इससे प्यार है। असल में, यह बहुत जटिल इंडस्ट्री है। हर किसी को फाइनेंशल सपोर्ट चाहिए। यही एक तरीका था, जिससे मैं इस इंडस्ट्री में रह सकूं। एक ये होता है कि आपने ये क्यों चूज किया, वो क्यों चूज किया। दूसरा यह होता है कि आपके पास क्या आया, उसमें से आपने क्या चूज किया। मेरे पास जितना काम आया, उनमें से ही मैंने काम किया क्योंकि मुझे उन पर भरोसा था। चाहे वो छोटी फिल्में हों, जिसने भी देखी, उसे अच्छी लगी।

### ओटीटी में खुलकर खेलने का मौका मिलता

फिल्मों में काम करने के दौरान बहुत सारे फैक्टर्स काम करते हैं। बहुत सी चीजों को देखा जाता, लेकिन ओटीटी में खुलकर खेलने का मौका मिलता है। मैं ओटीटी को पूरी तरह से फिल्मों के प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देख रही हूं। मेरे करियर में ऐसा पल भी आया, जब लगा कि अब इंडस्ट्री छोड़कर जाना पड़ेगा। मैंने सोच लिया था कि अगर कोई अच्छा और बड़ा प्रोजेक्ट नहीं मिला तो मैं काम नहीं करूंगी। एक दिन मैंने पापा को फोन किया कि अगर इस दो महीने में कुछ नहीं आया तो मैं फाइनैंशली टूट जाऊंगी। मैं उस वक्त सच में दुखी थी। पापा ने कहा कि कुछ नहीं। वापस आओ और पढ़ाई करके साइकॉलजिस्ट बन जाओ। वह वेट कर रहे हैं कि मैं कब मुंबई छोड़कर आ जाऊं। वो नहीं चाहते थे कि मैं ऐक्टर बनूं, लेकिन उन्होंने तब भी मुझे हमेशा सपोर्ट किया। उसके एक महीने में फिल्म बारोट हाउस मिल गई। वहां से ओटीटी में शुरुआत हुई। उसमें मुझे बहुत इंटेंस रोल मिला क्योंकि उससे पहले मेरा ये पहलू किसी ने देखा नहीं था। मैं प्रिटी गर्ल बन-बनकर बोर हो गई थी इसीलिए मैंने दो साल काम नहीं किया। मैं अपने निर्देशक को धन्यवाद कहना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे मौका दिया। उन्होंने बिना ऑडिशन लिए मुझ पर भरोसा किया। मैंने उनके साथ दो और फिल्में की हैं, जो आने वाली हैं। उन्होंने मुझे पुश दिया। उसके बाद से मुझे लग रहा है कि एक ऐक्टर के तौर पर मेरे पास जो काम आ रहा है, वह बहुत लेयर्ड, चैलेंजिंग, कॉम्प्लैक्स है।

## बड़े मियां छोटे मियां से मैदान के क्लैश पर बोलीं प्रियामणि

अजय देवगन की फिल्म मैदान और अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां एक ही दिन रिलीज हो रही है। हाल में बातचीत के दौरान मैदान में अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभा रही एक्ट्रेस प्रियामणि ने दोनों फिल्मों के क्लैश पर बात की। मैदान की तुलना शाहरुख खान की फिल्म चक दे इंडिया से भी किए जाने पर प्रियामणि ने बताया कि दोनों फिल्मों में अंतर है। फिल्म आर्टिकल 370 के बाद प्रियामणि की मैदान दूसरी फिल्म रिलीज हो रही है। वहीं, सालार पार्ट वन सीजफायरके बाद पृथ्वीराज सुकुमारन बड़े मियां छोटे मियां के जरिए जबरदस्त वापसी कर रहे हैं। साउथ की कई फिल्मों में प्रियामणि और पृथ्वीराज सुकुमारन स्क्रीन शेयर कर चुके हैं। अब प्रियामणि और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्में एक-दूसरे को बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देने जा रही है। प्रियामणि कहती हैं कि उनके और पृथ्वीराज के बीच फिल्म की टक्कर को लेकर कोई बात है। दोनों फिल्मों का सब्जेक्ट बहुत अलग है। उन्होंने कहा कि वे पृथ्वीराज को विलेन की भूमिका में देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। प्रियामणि ने कहा- पृथ्वीराज ने बड़े मियां छोटे मियां में दमदार काम किया है। फिल्म मैदान स्पोर्ट्स बायोग्राफी फिल्म है, जो फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है। दोनों फिल्मों में कोई समानता नहीं है। इस फिल्म में साल 1952 से 1962 के बीच के उस दौर को दिखाया जाएगा, जिसे भारतीय फुटबॉल टीम का गोल्डन दौर कहा जाता है।



## अवंतिका वंदनपु को मिला साउथ एशियन पर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार

कॉमेडी फिल्म मीन गर्ल्स में अपनी भूमिका के लिए चर्चित भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री अवंतिका वंदनापु को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा साउथ एशियन पर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार मिलने पर वंदनापु ने कहा कि उनकी यात्रा अभी बस शुरू हुई है। अभिनेत्री को अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय मनोरंजन उद्योग में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और प्रभाव के लिए यह पुरस्कार दिया गया। वंदनापु ने कहा, हार्वर्ड विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा सम्मानित किया जाना अविश्वसनीय रूप से प्रेरक है। यह पुरस्कार न केवल मेरे प्रयासों को स्वीकार करता है, बल्कि सीमाओं से आगे वैश्विक मीडिया में भारतीय प्रतिनिधित्व की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। एक भारतीय, तेलुगु भाषी परिवार में पैदा हुई अभिनेत्री ने मीन गर्ल्स, स्पिन और सीनियर इयर्स सहित हॉलीवुड की कई परियोजनाओं में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने देश-विदेश में अटूट समर्थन और स्नेह के लिए दर्शकों का आभार जताया। अभिनेत्री ने कहा, यह सम्मान मुझे उन कहानियों में गहराई से उतरने के लिए प्रेरित करता है, जो रूढ़िवादिता को चुनौती देती हैं, विविधता को अपनाती हैं और लोगों के साथ गहरे संबंध बनाती हैं। उन्होंने कहा, मेरी यात्रा अभी शुरू हुई है, और यह सम्मान मेरे काम के माध्यम से सकारात्मक योगदान जारी रखने के मेरे दृढ़ संकल्प को और मजबूत करेगा। अभिनेत्री ने कहा, मैं भविष्य के लिए उत्सुक हूं और अधिक भारतीय आवाजों को वैश्विक मंच पर गूंजने और फलने-फूलने का मार्ग प्रशस्त करने की आकांक्षा रखती हूं।





## रियल हीरो की लाइफ को पर्दे पर उतारेंगे हरमन बावेजा

बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता हरमन बावेजा ने इख्वान नाम की फिल्म बनाने का फैसला किया है। यह फिल्म बावेजा स्टूडियो के बैनर तले बनाई जाएगी। हरमन बावेजा निर्मित यह फिल्म कश्मीर के पहले अशोक चक्र पुरस्कार विजेता दिवंगत लांस नायक नजीर वानी के जीवन पर आधारित होगी। यह फिल्म एक बायोपिक होगी। इस फिल्म में पूरी तरह से वानी की देशभक्ति को दिखाया जाएगा। साहस और बहादुरी की कहानी है इख्वान। फिल्म इख्वान में देश के प्रति साहस और बहादुरी की कहानी को दर्शाया जाएगा। यह कहानी है दिवंगत लांस नायक नजीर वानी की जिन्होंने देश की रक्षा करते वक्त हजारों जोखिम उठाते हुए देश के लिए अपनी जान को कुर्बानी कर दिया। नवंबर 2018 में बाटागुंड गांव में आतंकियों से लड़ते हुए उन्होंने देश के लिए अपनी जान गवाई थी।

हरमन बावेजा के मन की बात फिल्म को लेकर हरमन बावेजा ने कहा, मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मैं दिवंगत लांस नायक नजीर वानी की दिल छू लेने वाली कहानी को सिल्वर स्क्रिन पर लेकर आ रहा हूं। उनके साहस और बहादुरी की कहानी को सभी को एक बार जरूर देखना चाहिए। यह फिल्म उनकी पत्नी और भारतीय सेना के अलावा उन सभी सुरक्षाकर्मियों के लिए है जो इस देश की रक्षा करते हैं। इस फिल्म को दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। इख्वान के अलावा हरमन बावेजा के पास कैप्टन इंडिया नाम की फिल्म भी है। इस फिल्म के अभिनेता कार्तिक आर्यन हैं। इसके अलावा बावेजा स्टूडियो मिसेस नाम की फिल्म भी लेकर आ रहा है।

## अनिल कपूर निभाएंगे रॉ चीफ की भूमिका!



अभिनेता अनिल कपूर जल्द ही एकदम नए तरह के किरदार में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल कपूर रॉ चीफ की भूमिका निभा सकते हैं। इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। ये फिल्म वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा होगी। फिल्म में अनिल कपूर के अलावा आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। एक चर्चा यह भी है कि अनिल कपूर ने वाईआरएफ के साथ एक लंबे समझौते पर साइन किया है।



## हेरा फेरी 4 और हाउसफुल 5 पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही अक्षय की पाइपलाइन में कई और बड़ी फिल्में भी हैं, जिसके एलान मात्र ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया हुआ है। इनमें सफल फ्रैंचाइजी की कुछ बहुप्रतीक्षित फिल्में वेलकम 3, हाउसफुल 5 और हेरा फेरी 4 शामिल हैं। तमाम रिपोर्ट्स के बाद अब खुद अक्षय ने इन आगामी फिल्मों पर बड़ा अपडेट साझा किया है। बॉलीवुड में कॉमेडी फिल्मों की कमी के बारे में बात करते हुए अक्षय ने एक इंटरव्यू में कहा कि जल्द ही कॉमेडी फिल्मों की धूम होगी। अभिनेता ने कहा, कॉमेडी फिल्में अब आएंगी। इस साल और अगले साल के भीतर काफी कॉमेडी फिल्में रिलीज होंगी। मैं खुद दो या तीन फिल्में कर रहा हूं। जब अक्षय से उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया, मैं हाउसफुल पर काम कर रहा हूं और शायद मैं हेरा फेरी भी करूंगा। अक्षय कुमार ने कॉमेडी फिल्मों में चुटकुलों का बुरा मानने वाले लोगों के मुद्दे पर भी बात की। अभिनेता ने कहा, मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। मैं सिर्फ एक किरदार निभा रहा हूं। जानकारी हो कि हेरा फेरी 4 शूटिंग शुरू होते ही कानूनी मुसीबत में फंस गई। टी-सीरीज ने म्यूजिक राइट्स और डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर मेकर्स को कानूनी नोटिस भेजा था। एक रिपोर्ट के अनुसार, टी-सीरीज ने हेरा फेरी 4 के निर्माताओं के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जिसमें फिल्म सीरीज के हर गाने के सभी ऑडियो और विजुअल अधिकारों के स्वामित्व का दावा किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि प्रोडक्शन कंपनी खुद को सभी मोड, माध्यमों और प्रारूपों पर फ्रेंचाइजी फिल्म के सभी संगीत और ऑडियो विजुअल सॉन्ग राइट्स के सभी कॉपीराइट का एकमात्र और विशेष अधिकार धारक मानती है।

## महाराजा बन सिनेमाघरों में हुक्म चलाएंगे विजय सेतुपति!

साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महाराजा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता के फैंस भी बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए विजय सेतुपति लंबे समय बाद एक गंभीर और मुख्य भूमिका निभाने के लिए लौटे हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी है, क्योंकि यह विजय की 50वीं फिल्म है। वहीं अब इसकी रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म!

कुछ समय पहले फिल्म से विजय सेतुपति का पहला लुक जारी हुआ था, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराजा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खबरें आ रही हैं कि फिल्म निर्माताओं ने 16 मई को रिलीज की तारीख तय की है। हालांकि, इस खबर पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की प्रतिक्रिया का इंतजार है। कुरंगु बोम्मई के लिए जाने जाने वाले निथिलन समीनाथन ने महाराजा को लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर एक जबर्दस्त एक्शन ड्रामा का वादा करता है, जिसमें विजय सेतुपति को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है



# महादेव भवन के पीछे धड़ल्ले से की गई अवैध प्लाटिंग, स्थानीय प्रशासन खामोश

**नगरीय निकाय और राजस्व मंत्री के आदेशों का खुलेआम उलंघन, विभागीय मंत्रियों के निर्देश की अनदेखी कर रहे अधिकारी**




पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बालोद में शहर के अंदर भूमाफिया सारे नियम कायदों को ताक पर रख अवैध प्लाटिंग कर स्थानीय प्रशासन को चुनौती दे रहें हैं। नगरीय निकाय एवं राजस्व मंत्री के निर्देशों का खुलेआम उलंघन देखा जा रहा हैं। भूमाफिया जमीन के छोटे छोटे टुकड़े कर धड़ल्ले से प्लाटिंग का अवैध व्यापार कर रहे है। सारे नियम कायदों को ताक पर रख अवैध प्लाटिंग का खेल जोरो शोरो से शुरू हैं। जिला मुख्यालय बालोद में शहर के अंदर गंजपारा में स्तिथ महादेव भवन के पीछे अवैध प्लाटिंग की गई हैं। भूमाफिया स्थानीय प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहे हैं। मुरुम से रास्ता बना, छोटे छोटे सीमेंट के पोल को लगाया गया हैं। कालोनाईजर एक्ट नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग की गई हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित भूमाफिया द्वारा करीबन 15 डिसमिल भूखंड का सौदा भी कर दिया गया हैं। बता दे कि नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के कड़े निर्देश के बाद तत्कालिक सीएमओ सुनील अग्रहरि द्वारा 18 जनवरी 2024 को निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग करने वालो को नोटिस जारी किया था, वही कुछ चिन्हांकित जगहों पर बुलडोजर भी चलाया गया है। नोटिस देकर खानापूर्ति की कार्यवाही कर पालिका के जिम्मेदारों ने सुर्खियां बटोरी थी। लेकिन भूमाफियाओ के हौसले इतने बुलंद है कि पालिका और राजस्व को वे मुंह चिढ़ा रहें हैं। स्तिथि जस की तस हो गई हैं। वही राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने बालोद प्रवास के दौरान अवैध प्लाटिंग को चिन्हांकित कर उसपर कड़ी कार्यवाही के निर्देश राजस्व विभाग को दिए थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के महज कुछ दिनों बाद ही अवैध कार्यों में बुलडोजर चलने लगा था। जिले में भी अवैध रूप से संचालित चखना दुकानो में जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलवाया था। जनवरी माह में कृषि भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग व अतिक्रमण पर निकाय प्रशासन ने बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की थी। लेकिन भूमाफिया फिर से पूरी सक्रियता के साथ अवैध प्लाटिंग का गोरखधंधा जोरो से कर रहे हैं।

### अवैध रूप से बस रही कालोनियां

दरअसल जिला मुख्यालय के भीतर और आस-पास के करीब दर्जनों गांवों में कृषि भूमि को टुकड़ों में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। कॉलोनी बसाई जा रही है। गौरतलब हो कि करीब एक दशक से अधिक समय से खेती की जमीन का भू-उपयोग बदल आवासीय प्लाट काटने वाले पर कड़ी कार्रवाई न होने से इस धंधे को पंख लग गया है। किसानों की भूमि कम दामों में खरीद-फरोख्त कर प्रापर्टी डीलर मालामाल हो रहे। बिना नक्शा पास कराए ही कॉलोनियां बसने लगी है। राजस्व विभाग से लेकर नगरीय निकाय के अधिकारियों तक अवैध प्लाटिंग की ऐसी दर्जनों से अधिक शिकायतें पहुंची हैं, जिन पर अब तक कार्रवाई महज नोटिस तक सीमित है। चौंकाने वाली बात यह है कि अवैध प्लाटिंग की पुरानी शिकायतों पर भी संबंधित अमला कार्रवाई करने से बच रहा है।

### सोशल मीडिया पर अवैध प्लाटिंग के सौदे का बना ट्रेंड

बालोद जिले में अवैध प्लॉटिंग का सौदा करने के लिए सोशल मीडिया का जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है। ऑनलाइन प्लॉटों का प्रचार प्रसार करने के लिए सोशल मीडिया पर प्लॉटिंग के फोटो और वीडियो बड़ी संख्या में अपलोड किए जा रहे हैं। प्लॉटिंग के फोटो वीडियो देखकर कई लोग उपलब्ध फोन नंबर पर फोन करते हैं। फिर उन्हें आधी अधूरी जानकारी देकर झांसे का शिकार बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अवैध प्लॉटिंग के प्रचार प्रसार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का न होना समझ से परे है। इंटरनेट मीडिया में ले आउट पास है या नहीं, इसकी लोगों को स्पष्ट रूप से जानकारी नही दी जा रही है।

### ऐसे चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

जिले में सारे नियम कायदों को ताक पर रख अवैध प्लाटिंग के कामों को अंजाम दिया जा रहा है। कॉलोनाइजर एक्ट गाईडलाईन का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। और यह सब स्थानीय प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा हैं। गाइडलाइन से ज्यादा कीमत पर जमीन बेची जा रही है। कृषि योग्य जमीन को भू-माफिया बेच रहे हैं। जमीन की रजिस्ट्री कलेक्टर दर के अनुसार तो करवाई जा रही है, लेकिन बाकी अन्य राशि नकद ली जा रही है। गाइडलाइन से ऊपर ली जाने वाली नगद राशि का कागजी दस्तावेज में कोई उल्लेख नहीं किया जा रहा।

### नई सरकार से उम्मीद

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही अवैध कार्यों में लिप्त लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है। मोदी की गारंटी वाली सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त एवं अवैध कार्यों को बंद करने के दावे किए हैं। जिससे अब भाजपा की विष्णु देव सरकार से उम्मीद बंध गई हैं। जिला प्रशासन को चाहिए कि सरकार के मंशाओं पर खरा उतर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती के साथ बुलडोजर चलाने की कार्यवाही करे।

पिछले बार नोटिस दिया गया था, और पालिका, राजस्व और नगरनिवेश कि सयुंक्त टीम के द्वारा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर भी चलाया गया था, अतिक्रमण हटाया गया था, हमारे यहां वैध कालोनाईजर कोई नही है, अवैध अनलीगल तरीके से प्लाटिंग की जा रही है, एक बार नोटिस सभी को और दी जाएगी, और जरूरत पड़े तो बुलडोजर की भी कार्यवाही की जाएगी, साथ ही नए स्थानों में भी अवैध प्लाटिंग की सूची मंगाई जाएगी, उन्हें चिन्हांकित कर उस पर भी कार्यवाही की जाएगी।

**सौरभ शर्मा, सीएमओ, नगर पालिका, बालोद**

## चेट्रीचंड्र जयंती सादगीपूर्ण तरीके से विशाल शोभायात्रा निकाल कर मनाया



पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

पूज्य सिंधी पंचायत कुम्हारी में चेट्रीचंड्र जयंती पर्व पर सिंधी समाज ने सादगीपूर्ण तरीके से विशाल शोभायात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी ने उपस्थित होकर समस्त सिंधी भाइयों को चेट्री चंड्र जयंती की शुभकामनाएं और हार्दिक बधाइयां दी। अतिथि विजय बघेल का समाज प्रमुखों ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रसादी बांटी गई और भण्डार प्रसादी वितरण किया। सांसद विजय बघेल ने सिंधी समाज के साथ में प्रसादी ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजू बजाज, टिकम दास अडवाणी, कैलाश डोडवानी, प्रकाश तलरेजा, संतोष रमानी, रवि सचदेव, ओमप्रकाश वाधवानी, डॉ.मोहन वाधवानी, मनोज वर्मा सांसद प्रतिनिधि, अवधेश शुक्ला, रामाधार शर्मा, राजेश सिन्हा, राजू निषाद मण्डल अध्यक्ष कुम्हारी, राज शर्मा, प्रवीण राव सहित सैंकड़ों महिलाएं एवं सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अधिसूचना का प्रकाशन के साथ नामांकन शुरू

### नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना जारी किया गया। इसी के साथ अधिसूचना का प्रकाशन कार्यालय के सूचना पटल के साथ ही सभी एआरओ कार्यालय, नगरीय निकायों एवं जनपद कार्यालयों व ग्राम पंचायतों में चस्पा करा दी गई है। इससे पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मंदिर में देवी मां की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम मुकेश रावटे एवं महेश सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शनिवार 20 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 22 अप्रैल 2024 अपराह्न 3 बजे तक है।

## चंदनू बाजार में हमर पुलिस हमर बजार के तहत अपराधों के संबंध में किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 10.04.2024 को हमर पुलिस हमर बजार के माध्यम से थाना चंदनू स्टाफ के द्वारा चंदनू के हॉट/ बाजार, ग्राम में आस-पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं यातायात सड़क संकेत तथा किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बेमेतरा पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार के माध्यम से चौपाल लगाकर लगातार हॉट/ बाजार एवं गांव-गांव में जाकर जागरूक किया जा रहा है।

## अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक

### अनिवार्य दस सेवाओं के मतदाता डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र दिव्या पोटाई ने कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में डाक मतपत्र नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक अनिवार्य सेवा श्रेणी के तहत् स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, जनसंपर्क, डाक विभाग एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकृत डाक मतपत्र नोडल अधिकारी उपस्थित थे। दिव्या पोटाई ने बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के अधिसूचना के तहत् अनिवार्य दस सेवाओं के मतदाता डाक मतपत्र से मतदान कर सकते है। अत्यावश्यक सेवा स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, दूरसंचार (बीएसएनएल) दूरदर्शन, आकाशवाणी, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित और भारतीय खाद्य निगम, डाक एवं टेलीग्राम विभाग को अधिसूचित किया गया है। आयोग के निर्देश के परिपालन में संबंधित विभाग के लिए नोडल नियुक्त किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा के लिए तीन दिवस निर्धारित किए जायेंगे। इन सुविधा केंद्रों के माध्यम से अनिवार्य सेवा के मतदाता डाक मतपत्र से निर्धारित तिथि एवं समय में मतदान कर सकते है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र पोटाई ने बताया कि जिले में अत्यावश्यक सेवा कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी तथा जो कि मतदान दिवस के दिन अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे और वोटिंग से वंचित हो सकते हैं उनके द्वारा 12 घ में आवेदन भरकर जिला डाक मतपत्र शाखा में मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति व मतदान दिवस के दिन कार्य में होने के प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि संबंधित विभाग इसकी जानकारी तत्काल निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## मतदान केन्द्र पर अंकित होने लगी विशिष्टियां

**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में पहचान एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पीले रंग के पृष्ठ (बेक ग्राउंड) पर काले रंग से विशिष्टियां अंकित अंकित की जाने की शुरुआत हो गयी है। जिसमें निम्न विशिष्टियां अंकित हो रही है - लोकसभा निर्वाचन-2024, लोकसभा क्षेत्र का क्रमांक एवं नाम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र का क्रमांक एवं नाम, मतदान केन्द्र में सम्मिलित क्षेत्र, मतदान तिथि, मतदान का समय अंकित करना होगा। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई समय-सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिये।

## कठिया के लक्ष्मी ने अपने विवाह पर लगाए पौधे



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के सहयोग से ग्राम कठिया (रांका) में एक अनोखी शादी की पहल किया गया। बीरू राम साहू ने अपनी बेटी लक्ष्मी साहू के विवाह के पावन अवसर पर कन्यादान के पूर्व बादाम के पेड़ का वृक्षारोपण कर उसे अपनी बेटी की तरह देखभाल करने का संकल्प किया। विवाहिता लक्ष्मी साहू ने बताया कि पर्यावरण प्रेमी संगठन के द्वारा विवाह, जन्मदिन, गृह प्रवेश आदि मांगलिक अवसरों पर जो वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है, वह बहुत ही सराहनी व नेक कार्य है। बहन लक्ष्मी साहू ने आगे बताया कि यह जो पेड़ है मेरे विवाह की साक्षी है और जब भी मैं अपने मायके आऊंगी तो उस पेड़ को देखकर के मुझे अपनी विवाह की परिवार, समाज, रिश्तेदारों की याद दिलाती रहेगी। विवाहित लक्ष्मी साहू पिता बीरू साहू ने समस्त परिवार की तरफ से संगठन को बादाम का पेड़ प्रदान किया गया। जिसको उसके पुत्र गणेश सेठ एवं संगठन के सदस्यों द्वारा कठिया के हाई स्कूल मैदान में सुरक्षित घेरे के साथ लगाया गया। पर्यावरण प्रेमी संगठन के द्वारा लगातार क्षेत्र को हरा भरा करने का प्रयास किया जा रहा। वृक्षारोपण में संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिव गणेश साहू सदस्यगण ओमप्रकाश साहू, रामकृष्ण सेन, सुनील बल्लू, खोमन चंद्राकर, अक्षय साहू, धनेश साहू, चम्मन निषाद, सहित साहू परिवार के सदस्यगण बीरु साहू, दुर्गा साहू, गणेश साहू, आरती साहू, लक्ष्मी, सीता अशोक, अनीता जोहन साहू एवं समस्त साहू परिवार उपस्थित रहे। संगठन की तरफ से नव विवाहिता को विवाह एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किया गया।

## जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में मानसी एवं रेशमी का चयन



**बेमेतरा।** शासन के निर्देशानुसार विद्यालय स्तर पर प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे संस्था की छात्राओं ने विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों मे अपनी सहभागिता प्रदान की। रंगोली, चित्रकला, निबंध, कविता, तात्कालिक भाषण कश प्रतियोगिता हुई, इनके आधर पर 15 अप्रैल को नवोदय विद्यालय में होने वाले जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव के लिए संस्था की कक्षा 10 वीं से मानसी साहू एवं 11 वीं से रेशमी वर्मा का चयन किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेई, व्याख्याता योगेन्द्र वर्मा, नजीर अली, सुनील झा, पी राजपूत, प्रमोद राजपूत, संतोष मिश्रा, प्रवीण मनहरे उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका व्याख्याता नरेंद्र देवांगन, ऋचा मिश्रा, एवं सोमा घोष ने निभाई।

## अंतर जिला दो चोर को दुर्ग पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 4 मोटर सायकल कीमती तकरीबन 2.5 लाख की बरामद

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार वाहन चोरी की घटनाएं घटित हो रही थी जिसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी करने हेतु निर्देष प्राप्त हुये थे, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक हरिश पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, थाना प्रभारी भिलाई भठ्ठी निरीक्षक विपिन रंगारी, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक केशव कोशले के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थानों की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि बचत चौक सेक्टर 01 के आसपास दो लड़के मोटर सायकल बेचने के लिए लोगों से ग्राहक के संबंध में बातचीत कर रहे है कि सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर ओवर ब्रीज के नीचे राहुल महानंद निवासी रेशने आवास सुपेला एवं जगनेश कुमार बाबू निवासी बलांगीर उड़िसा को पकड़ा गया प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करते रहे किन्तु सतत् तथ्यात्मक पूछताछ करने पर दोनों साथ मिलकर तकरीबन 01 माह पूर्व पी.जी. हास्टल नेहरू नगर पष्चिम से एक एचएफ डिलक्स मो.सा. को चोरी करना, करीब 15-20 दिन पूर्व सेक्टर 02 रेल्वे ट्रेक के किनारे खड़ी एक एचएफ डिलक्स मो.सा.को चोरी करना, करीब 01 सप्ताह पूर्व अटल आवास जामुल से 01 एक्टिवा वाहन चोरी करना एवं 04-05 दिन पूर्व प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 02 रायपुर से एक सुपर स्पेल्डर मो.सा. को चोरी करना जिसे अपने घर के पास झाड़ियों में छिपाकर रखना बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करना बताये जिससे आरोपियों की निशान देही पर चोरी उक्त दुपाहिया वाहनों को बरामद कर जब्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही संबधित थानों से की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई भठ्ठी से उप निरीक्षक एसएन सिंह, प्रआर पुरूषोतम साहू एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग से सउनि सउनि शमित मिश्रा, प्रआर सगीर खान, संतोष मिश्रा आरक्षक रिंकू सोनी, राकेष अन्ना, राकेष चौधरी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कुम्हारी द्वारा पालिका क्षेत्र के पूरे नगर में गौ माताओं के लिए की गई गौ कुंड स्थापना



पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कुम्हारी द्वारा पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत नगर में हनुमान चालीसा का पाठ करने के उपरांत गौ माता के लिए गौ कुंड प्रमुख स्थान में रखा गया। जिसमें प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष मनीष, बजरंग दल जिलाध्यक्ष सयोजक सौरभ देवांगन सुनील पटेल, हरिदास वैष्णव, अश्वनी साहू, प्रवीण राव, राजू निषाद, गिरीश सोनी, प्रणव श्रीवास्तव, हरीश सोनी, सुजीत यादव, भूपेंद्र मानिकपुरी, विकास सोनकर गोविन्द बघेल, दीपक सिंह, अनुराग गुप्ता, बॉबी यादव, सूरज यादव, संदीप सोनी, अश्वनी देशलहरे, राकेश शर्मा, सुनील सोनी, जेपी सिंह, अमित नंदश्वर, प्रकाश जैन, उमाकांत साहू, राहुल रघुनाथ देशमुख, गोविन्द देवांगन, सौरभ पाण्डेय, निखिल डोडवानी, गौरव पटेल, मनी साहू व अन्य लोग सम्मिलित रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा ने कुम्हारी खदान दुर्घटना में मारे गए मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित किया

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




विगत 9 अप्रैल को रात्रि 8:15 के लगभग कुम्हारी नगर के इतिहास की सबसे बड़ी एवं बहुत ही दुखद घटना कुम्हारी खदान में हुई भीषण दुर्घटना में कुम्हारी के दो महिलाओं सहित कुल दुर्ग जिले के 12 लोगों की इस घटना में मृत्यु हो गई, घटनास्थल पर नगरवासियों, समाज सेवी एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा यथासंभव हर प्रकार का सहयोग किया गया, यह घटना कुम्हारी नगर के इतिहास की सबसे बड़ी एवं बहुत ही दुखद घटना थी, पूरा नगर सहम सा गया, घटना की सूचना मिलते ही दुर्ग लोकसभा बीजेपी सांसद प्रत्याशी विजय बघेल ने तत्काल अपेक्स हॉस्पिटल, कुम्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को उचित इलाज के लिए एम्स सहित विभिन्न हॉस्पिटलों को दिशा निर्देश दिए और इस घटना पर अपनी शोक संवेदना प्रकट की, दुर्घटना के अगले दिन घटनास्थल पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने भी इस घटना की जांच का आदेश दिए और अपनी शोक संवेदना प्रकट की, प्रशासन एवं केडिया कंपनी के अधिकारियों को इस प्रकार की घटना के रोकथाम के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिए, कुम्हारी खदान में हुई दुखद घटना में मारे गए मृतको को श्रद्धांजलि देने एवं चुनाव हेतु बूथ स्तर पर कार्यों को विभाजन हेतु विगत दिवस को अति आवश्यक बैठक सांसद कार्यालय में शाम 4:00 बजे रखी गई इस दौरान भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा जिला, महामंत्री प्रेमलाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, जिला मंत्री संतोष मौर्य एवं भिलाई निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह उपस्थित थे, कुम्हारी मंडल के द्वारा बैठक आयोजित कर सभी मृत्यु जनों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी, एवं सभी शोकाकुल परिवार को इस दुखों को सहने की सम्बल प्रदान करें ऐसी भगवान से प्रार्थना की गई व घटना में घायल सभी सकुशल अपने घर लौटे यह कामना की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष पी. एन. दुबे, प्रदेश महिला मोर्चा मीडिया सहप्रभारी आयुषी पाण्डेय, प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य गोल्डी गोस्वामी, प्रदेश भाजपा वाहन व्यवस्था प्रभारी मिथिलेश यादव, मंडल महामंत्री द्वय लोकेश साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व एल्डरमैन फिंगेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि शासकीय हाई स्कूल राम कुमार सोनी, जिला महिला मोर्चा मंत्री रीता पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष छबि यादव, मंडल उपाध्यक्ष दीपक चतुर्वेदी, उधोराम साहू, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष उमाकांत साहू, विकास सोनकर, पूर्व पार्षद रेशम लाल बंजारे, भावना बंजारे, होमेन्द्र साहू, पुनेंद्र साहू, सुनील सिंह, बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र, महेश सिंह, दीपक बैस, प्रवीण राव, कुमार, राम प्रकाश गुप्ता, अजय कुर्रे, जीवन लाल खुटेल, दिनेश कुमार शुक्ला इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदान जागरूकता के तहत सक्ती में हुआ कार्यक्रम कलेक्टर के मार्गदर्शन में चल रहा स्वीप कार्यक्रम जोरों से

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में सक्ती जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल को किया गया जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के तहत 12 अप्रैल को शाम 4:30 बजे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती से प्रारंभ करते हुए जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती के मैदान में मानव श्रृंखला और दीप प्रज्जवलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के सुव्यस्थित आयोजन के लिए अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम और स्वीप नोडल अधिकारी बीपी भारद्वाज के निर्देशन में आयोजित करने सहित विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे थे, कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन कराए जाने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे


**स्वीप कार्यक्रम के तहत चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन :** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 प्रयोजनार्थ ''सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप)'' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेश चंद्रा से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेरपारा सक्ती, शासकीय हाई स्कूल करही सहित जिले के अन्य विभिन्न स्कूलों में चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया

**जनपद पंचायत सक्ती में स्वीप कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा व शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन :** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप गतिविधि के तहत जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत असोंदा में कलश यात्रा व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सक्ती जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति पवार तथा जनपद पंचायत अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अन्नपूर्णा कसेर ने स्वयं भी सिर पर कलश उठाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। जिले में आयोजित हो रहे विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बड़ी संख्या में जिले के नागरिक जुड़ रहे है और मताधिकार के लिए जागरुक हो रहे है, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती प्रीति पवार से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत असोंदा में आयोजित कलश यात्रा में लगभग 700 महिलाए सम्मिलित हुई।

# मां मनका दाई की महिमा निराली

## मां के पावन चरण कमल में मत्था टेक भक्तों की होती हैं सारे मनोकामना पूर्ण





पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ति जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर स्थित भोथिया तहसील ग्राम पंचायत भोथिया मे विराजित मां मनका दाई महिमा अत्यंत ही निराली है, मां की महिमा का गुणगान पुरे ग्रामीण सुबह-शाम नित्य प्रतिदिन करते हैं, जो भक्त सच्चे भक्ति भाव से मां मईनका दाई के चरणों में जाकर अपनी मनोकामना मांगते हैं उस भक्त की मनोकामना मां पुर्ण करती है। चैत्र नवरात्र पर मां मईनका दाई मंदिर भोथिया मे इस वर्ष 828 मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित हुए हैं, मां मईनका दाई विकास समिति ने बताया की 702 तेल ज्योति एवं 126 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित हुए हैं, नवरात्र के प्रथम दिन से ही मां दरबार मे श्रद्धालुओं की भीड़ प्रारंभ हो गई है। नवरात्र पर्व मे मां मईनका दाई का फुल, चुनरी, साड़ी माला से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर में प्रत्येक दिन जस गीत, भजन कीर्तन एवं आरती से विशेष पूजा किया जा रहा है। विदित हो कि नवरात्र प्रारंभ होते ही गांवों में भक्तिमय हो जाता है। आदिशक्ति मां मईनका दाई के दर्शन करने सैकडो किलोमीटर दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे है। ज्ञात हो कि मां मईनका दाई मंदिर मे श्रद्धालु अपना मनोकामना लेकर पहुंचते हैं और मनोवांछित फल मां कि कृपा से प्राप्त करते हैं। मंदिर परिसर के अंदर में हनुमान जी, शनि देव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, नाग देवी मूर्तियां स्थापित है। जिले एवं भोथिया तहसील में मां मईनका दाई मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां मईनका दाई विकास समिति द्वारा नवरात्र पर्व मे मंदिर परिसर में विराट मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है जो श्रद्धालु में अपार उत्साह देखा जा रहा है।

# गोमती हॉस्पिटल में हुआ बवासीर का अत्याधुनिक पद्धति से सफल ऑपरेशन, एमएस डॉक्टर राहुल अग्रवाल द्वारा की गई सर्जरी

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में स्थित प्रतिष्ठित अत्याधुनिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने वाले गोमती हॉस्पिटल में 11 अप्रैल को बवासीर का ऑपरेशन नवीन पद्धति से किया गया, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध प्रसिद्ध एम एस सर्जन डॉक्टर राहुल अग्रवाल ने उपरोक्त ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया तो वहीं अब तक का यह पहला ऐसा ऑपरेशन है, जिसके लिए क्षेत्र के लोगों को दूर दराज चिकित्सा संस्थानों में ऑपरेशन के लिए जाना पड़ता था, किंतु अब यह सुविधा शक्ति के गोमती हॉस्पिटल में उपलब्ध हो गई है, तथा डॉक्टर राहुल अग्रवाल के इस सफलतापूर्वक ऑपरेशन पर संबंधित मरीज के परिवार जनों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिकित्सक गणों का आभार व्यक्त किया है, इस अवसर पर गोमती हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर संजय अग्रवाल भी मौजूद रहे, तथा डॉक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गोमती हॉस्पिटल में दिन प्रतिदिन आने वाले मरीजों के लिए बेहतर चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, तथा इस अस्पताल में जहां सोनोग्राफी की सुविधा है, तो वहीं 24 घंटे एंबुलेंस एवं मरीज को संपूर्ण चिकित्सा उपचार उपलब्ध करवाई जा रही है, वहीं डॉक्टर संजय अग्रवाल ने इस अवसर पर डॉ राहुल अग्रवाल का भी सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने पर आभार व्यक्त किया तथा डॉक्टर राहुल अग्रवाल एमएस सर्जन है एवं वे शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश अग्रवाल के सुपुत्र हैं, तथा वे पूर्व में छत्तीसगढ़ के विभिन्न बड़े अस्पतालों में भी अपनी सेवाए दे चुके हैं तथा वर्तमान में डॉ राहुल अग्रवाल जिला चिकित्सालय शक्ति में छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष नियुक्ति के तहत पदस्थ किए गए हैं।

# सुने घर में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में बिर्रा पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी विनोद कश्यप साकिन सिलाद्वेही थाना बिर्रा जिला जांजगीर चांपा का 05.04.24 को थाना बिर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 03.04.24 को घर में ताला बंद करके अपने परिवार सहित शादी में गए थे शादी समारोह से 05.04.24 को करीब 11:00 बजे दिन में घर वापस आए तो गेट का दरवाजा खोलकर देखे तो छत के उपर घर में लगे सीमेंट के रोशन दान को तोड़ कर घर के अंदर घुस कर किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर के आलमारी में रखे सोना, चांदी, अंगुठी, लॉकेट, कान का झुमका व नगदी पैसा कुल किमती 90,000/ रु का किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया हैं कि रिपोर्ट पर थाना बिर्रा में अपराध कमांक 60/24 धारा 457, 380 कायम कर विवेचना में लिया गया हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आसपास क्षेत्रों में अज्ञात चोर एवं चोरी गए माल मशरूका का पता तलाश किया गया तथा पुराने चालान हुए आरोपी से पूछताछ किया गया इसी क्रम में पता चला कि ग्राम बिर्रा का आरोपी जवादास वैष्णव चोरी किया हैं पूर्व में भी आरोपी जवादास वैष्णव का चोरी के मामले में चालान हुआ है आरोपी जवादास वैष्ण को पता तलाश किया गया तथा आरोपी को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया जिसके कब्जे से चोरी किए सोने का अंगुठी सोने का अंगुठी, कान का लॉकेट, कान का झुमका तथा गले का मंगल सूत्र को जप्त किया गया हैं तथा घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल को जप्त किया गया हैं आरोपी जवादास वैष्णव चोरी करना स्वीकार किया हैं। विवेचना दौरान आरोपी जावादास वैष्णव के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 12.04.2024 को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उनि. कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, सउनि फुलेश्वर सिंह सिदार, प्र.आर. गौतम गोविंद पाण्डेय, आरक्षक दीपक तिवारी, भूपेंद्र कुंवर, सनोहर जगत रघुवीर यादव, वैभव केशरवानी का सराहनीय योगदान रहा।

# भीषण गर्मी में स्काउटस एवं गाइडस के छात्रों ने शरबत एवं ठंडा पानी राहगीरों को किया वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




भारत स्काउट्स/ गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के आदेशानुसार ज़िला कलेक्टर एवी तोपनो व विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सिदार के निर्देशानुसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड रंजिता राज, जिला संगठन आयुक्त स्कॉउट छबि लाल राठौर के नेतृत्व में विकासखंड स्तर पर हंसल एकेडमी के संचालक सुरेश साहू, एवं तारा साहू के जन सहयोग से जैजैपुर मैन रोड में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। जिसमें कन्याशाला की प्रधान पाठक महेश कुमारी मनहर, देवेन्द्र खांडे, खगेश भारद्वाज, देवेन्द्र श्रीवास (सेजेस), शासकीय सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल जैजैपुर के स्काउटर मोहन सिंह कठौते, गाइडर के वैष्णवी साहू, एवं स्काउटर्स/ गाइडर्स द्वारा सेवाकार्य किया गया, जिसमें राहगीरों को ठण्डे पानी सहित, शरबत, वितरित किया गया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण साक्षात् भगवान : पं. मनोज पाण्डेय

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com





कोसा कांसा और कंचन की नगरी चांपा के स्व. जीवनलाल साव सामुदायिक भवन में केसरवानी परिवार द्वारा स्व. देवकुमारी केसरवानी के वार्षिक श्राद्ध निमित्त श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित है। जहां तीसरे दिन के कथा का विस्तार करते हुए श्रद्धेय ब्यासपीठ पंडित मनोज पाण्डेय ने कहा कि श्रीकृष्णजी का ही स्वरूप है, अज्ञान के अंधकार में मंटक रहे जीवों के कल्याण के लिए दीप स्वरूप इस ग्रंथ को प्रकट किया गया। 18 पुराणों में भागवत जी का स्थान सर्वोपरी है। ये सभी पुराणों का सार है। परीक्षित जी मां के गर्भ मे थे तो उन पर ब्रहमास्त्र का प्रयोग हुआ। भगवान श्रीकृण जी ने रजा की। जब परीक्षित राजा बने और बाड में ब्राहमण के गले में मरा सांप डाला तो 7 दिन में मरने का शाप मिला। संत के शाप और सांप के काटने से मृत्यु होने पर जीव को नर्क में जाना पड़ता है। परन्तु भगवान की कथा का श्रवन कर परीक्षित मुक्त हो गये। परीक्षित जीव है। तक्षक काल है। जीव रूपों परीक्षित काल रूपी तजक से बचना चाहे तो भगवान की कथा का आश्रय ले। भीष्म पितामह जी के देहत्याग का वर्णन बहुत ही अद्भुत है। जीव अंतिम समय में भगवान का नाम भी स्मरण कर ले तो कल्याण हो जाता है। भीष्म तो भगवान का प्रत्यक्ष दर्शन, प्रणाम, स्तुति कर शरीर त्यागे। और मृत्यु के समय मुहुर्त भी अति उत्तम था। उत्तरायण, माघमास, शुक्ल पक्ष और अष्टमी तिथि । लेकिन सभी जीवों के लिए इस प्रकार का संयोग दुर्लम है। भीष्म उत्तरायण में जाने का रहस्य इस प्रकार है। वर्ष में 6 माह उत्तरायण और 6 माह दक्षिणायन रहता है। उत्तरायण में मरना श्रेष्ठ माना गया है। जीवन के जिस काल खण्ड में जीव पापमय जीवन जीये वो दक्षिणायन है, और पुण्यमय जीवन जिए वो उत्तरायण है। हम सब सदैव सजग रहें कि हमारे जीवन में कभी दक्षिणायन का प्रवेश ही न हो फिर कभी भी मृत्यु हो जीव का कल्याण हो जायेगा।

उत्तरायन शब्द का संधि विग्रह न कर समास विग्रह करें तो उत्तरा के गर्भ में अयन किया जिसने वह उत्तरायण है। परीक्षित को अश्वत्थामा के ब्रम्हास्त्र से बचाने भगवान उत्तरा के गर्भ में गये तो वे ही उत्तरायण हो गए, भीष्म ने सभी अर्थों भगवान को पा लिया।

## पुराणिक ब्रदर्स कंसल्टेंट कंपनी की शिकायत हुई उप मुख्यमंत्री अरुण साव से

# 26 साल की उम्र में 22 साल का कार्य अनुभव, अरबों रुपए की जल जीवन मिशन की योजना में हुआ भारी भ्रष्टाचार

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य में अमृत मिशन के कार्य के लिए दिए गए टेंडरों में कांग्रेस के शासन काल में मनमाने तरीके से किए गए भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत मुख्य सचिव एवं डायरेक्टर अमृत मिशन को की गई, लेकिन शिकायत पर कार्यवाही के नाम पर केवल हिला हवाला होता रहा, अब वर्तमान बीजेपी सरकार में विभाग के मंत्री और साथ ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को मय दस्तावेज शिकायत पत्र शिकायतकर्ता मनीष पनवार द्वारा सौंपा गया है, जिस पर अतिशीघ्र कार्यवाही करने की बात उप मुख्यमंत्री द्वारा कही गई है, ज्ञात हो कि पीएमसी कार्यों हेतु पूरे राज्य के लिए टेंडर प्रक्रिया के तहत जिस एजेंसी का चयन किया जाएगा। वह अमृत मिशन के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की पीएमसी के रूप में देखभाल करेगी। ऐसा अमृत मिशन के कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है। किंतु सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार कागजी सबूतों के आधार पर सुडा के अधिकारियों एवं नगरीय निकाय के कुछ अधिकारियों के भ्रष्टाचार की वजह से कुछ नगरीय निकायों के लिए पृथक से टेंडर की प्रक्रिया की गई जिसमें अपने चहेते खास एजेंसी मेंसर्स पुराणिक ब्रदर्स कंसल्टेंट से मोटी रकम लेकर फायदा पहुंचाने का कार्य किया गया, जिसमें पौराणिक ब्रदर्स पीएमसी को कार्यों हेतु योग्य न होने के बावजूद करोड़ का कार्यदेश दिया गया, जिससे शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया गया, इतना ही नहीं जब पीएमसी के कार्यों हेतु पूरे राज्य के लिए मेंसर्स शाह टेक्निकल सर्विसेज एमटीसी का चयन टेंडर प्रक्रिया के तहत किया गया तो एसटीडी से भी सुडा के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार करने हेतु समझौता किया, जिसमें कुछ नगरीय निकाय जैसे कि रायपुर, कुम्हारी जगदलपुर, कोरबा, भिलाई चरौदा एवं बिरगांव इत्यादि जगहों में पृथक से टेंडर किया गया, जिसमें एमसीसी के इंजीनियर स्टाफ को नहीं रखने हेतु भारी भरकम राशि चार्ज की गई, और उन सभी जगह पर पृथक से टेंडर करके मनमाने तरीके से मेसर्स पौराणिक ब्रदर्स को करोड़ों का कार्य सौंपा गया इस कार्य में फर्जी तरीके से अनुभव प्रमाण पत्र लगाए गए यह सारे दस्तावेज हमारे पास मौजूद हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि किस पैमाने पर छत्तीसगढ़ में मनमाने तरीके से अमृत मिशन के कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया है, जानकारी मांगे जाने पर नगरी निकायों द्वारा आधे अधूरे कागज दिए जाते रहे। जबकि भिलाई चरोदा नगर निगम द्वारा सूचना हेतु पत्र लेने से भी इनकार किया गया इससे प्रतीत होता है कि किस तरह यहां भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। इस सारे भ्रष्टाचार की जांच हेतु विभागीय मंत्री सहित मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को भी लिखित पत्र दिया गया है जिस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, अमृत मिशन कार्य के लिए मेसर्स शाह टेक्निकल कंसलटेंट का टेंडर प्रक्रिया के द्वारा चयन किया गया जो कि राज्य में अमृत मिशन के तहत चल रहे सभी कार्यों की देखरेख के लिए नियुक्त किए गए थे। जब मेसर्स एसटीसी का चयन किया गया था तब पृथक से करोड़ों का टेंडर क्यों किया गया? तथा करोड़ों रुपए का चुना शासन को क्यों लगाया गया। राज्य द्वारा चयनित पीएमसी मेसर्स एमसीसी को अवार्ड की गई लागत में सभी कार्यों का देखभाल देखरेख किया जाना है किंतु सुडा के अधिकारियों एवं निगम के अधिकारियों की मिली भगत से सात आठ निकायों में अलग से टेंडर किया गया तथा सभी कार्यों को पौराणिक ब्रदर को दिया गया।

### 26 वर्ष की उम्र और 22 साल का वर्किंग अनुभव

मेसर्स पौराणिक ब्रदर्स द्वारा मोहम्मद शादाब कुरैशी को कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर अपना कर्मचारी बताया गया है जिसकी उम्र 26 साल है और उसका अनुभव 22 साल का दिखाया गया है कुरैशी का जन्म 1 जुलाई 1997 का है और उसे प्रोजेक्ट में 22 वर्ष का एक्सपीरियंस दिखाया गया है ऐसे तमाम दस्तावेज मौजूद है जिससे पता चलता है की किस तरह अधिकारियों को मिलीभगत पौराणिक ब्रदर्स से है और कमीशन का कैसा खेल छत्तीसगढ़ में चल रहा। तमाम नियम कानून को दरकिनार करके अपने चहेतों को काम देना ये कोई नई बात नही पर इस काम का सीधा संबंध केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना से है जिसके हुए इस व्यापक भ्रष्टाचार पर कार्यवाही तो होनी ही है फिर चाहे कुछ देर से ही सही है, पुराणिक ब्रदर्स को ब्लैक लिस्टेड किया जाना चाहिए। मनीष पनवार, शिकायतकर्ता, मनीष ने बताया कि मेरे द्वारा उच्च स्तर पर पुराणिक ब्रदर्स के खिलाफ़शिकायत की गई है सारी शिकायतों के विषय के पूरे दस्तावेज़ मेरे पास उपलब्ध है उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर भी मैंने शिकायत पत्र दिया है जिस पर जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। ऐसे भ्रष्ट कंपनी को तत्काल कार्यवाही करते हुए ब्लैक लिस्टेड करना चाहिए।

# तत्कालीन कलेक्टर के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अवमानना की याचिका दायर

## रामकुमार सिन्हा ने किया है याचिका प्रस्तुत, कर्तव्य पथ कांटों भरा हो जनसेवा की प्रण संघर्ष के लिए देता है साहस

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला ही नहीं बल्कि समूचे भारत में ऐसे विरले जनप्रतिनिधि होंगे जो जनता के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासनिक विभागों, सड़क से संसद और अदालतों तक अपनी पंचवर्षीय बाधाओं से आगे बढ़ते हुए संघर्ष करें। कबीरधाम जिला अपनी प्राकृतिक सम्पन्नता और ऐतिहासिक विरासत से समूचे भारत में प्रसिद्ध है तो जनसेवा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित राजनेताओं की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। ऐसे ही जनपद सदस्य दम्पत्ति है शिवरानी रामकुमार सिन्हा। जो कि कबीरधाम जिले के अंतिम छोर में बसे विधानसभा पंडरिया के अंतर्गत ग्राम नवागांव के निवासी है। जिनकी जीवन शैली जितनी सादगी पूर्ण है ठीक उतने ही कठिन संघर्ष उनकी पहचान है। तत्कालीन जिला कलेक्टर रमेश कुमार के खिलाफ छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय बिलासपुर में न्यायालय के आदेश की अवहेलना के लिए अवमानना का याचिका प्रस्तुत हुआ है। जिसे उच्च न्यायालय ने स्वीकार करते हुए उभय पक्षों को तलब किया है। प्रकरण यह है कि वर्तमान जनपद सदस्य दम्पत्ति रामकुमार सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी शिवरानी रामकुमार सिन्हा क्रमश जनपद सदस्य निर्वाचित होते रहे हैं। क्षेत्र में दोनों दम्पत्ति कि ऐसे लोकप्रियता है कि हर बार जनपद सदस्य का चुनाव जीत जाते हैं। किसी कार्यकाल शिवरानी सिन्हा तो अगली कार्यकाल रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य निर्वाचित होते रहते हैं। वर्ष 2007 के आसपास शिवरानी रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य थी। इसी समय उन्होंने अपने क्षेत्र के जन समस्यों कि निराकरण एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष शुरू कर दिया था। तत्कालिक सरपंच ग्राम पंचायत तमरुवा के द्वारा गोठान समतलीकरण नहीं कराये जाने एवं शासकीय राशि कि दुरूपयोग के लिए ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किया गया। जिसकी जाँच एवं कार्यवाही के लिए जनपद सदस्य ने मुखर आवाज उठाया एवं जनपद की सामान्य सभा और अनेकों शासन के विभाग स्तर पर संघर्ष किया लेकिन कोई न्याय नहीं मिला बल्कि उस समय के सत्ता सरकार के द्वारा उल्टा जनपद सदस्य को पद से पृथक करने कि कार्यवाही कर दिया गया। उन्होंने संघर्ष नहीं



छोड़ा पंचायत संचनालय में केश दायर किया और अंत में जीत सत्य कि हुई शिवरानी रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य के पद पर पुनः काबिज हो गई। अगले चुनाव में उनके पति रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य बने और सभापति बन गये उनके द्वारा जनता के समस्यों के संघर्ष को आगे बढ़ा इस तरह कार्यवाही बढ़ती रही। उक्त ग्राम पंचायत तमरुवा के प्रकरण में कठिन संघर्ष के दौर में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा के प्रकरण क्रमांक 502 ब 121 वर्ष 2009-10 में पारित आदेश अनुसार गोठान समतलीकरण तमरुवा में पूर्व सरपंच से 2 लाख कि वसूली स्पस्ट है। कुछ कार्यों का स्पष्ट मूल्यांकन नहीं हुआ है। इस प्रकार उक्त प्रकरण में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तमरुवा के सभी कार्यों का मूल्यांकन करावें जो राशि पूर्व सरपंच को बनती है। उसे तत्काल प्रदाय करें व गोठान समतलीकरण तमरुवा 2 लाख कि राशि वसूली हेतु पृथक से धारा 92 में कार्यवाही करें। लेकिन अनुविभागीय न्यायालय के आदेश का पालन जनपद पंचायत द्वारा नहीं किया गया। जिसकी निरंतर शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा, जिला कलेक्टर कबीरधाम से रामकुमार सिन्हा द्वारा किया गया। जिला प्रशासन कि घोर उपेक्षा एवं कार्यवाही नहीं होने पर उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में रिट याचिका क्रमांक 1808/2018 में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा के प्रकरण क्रमांक 502 ब 121 वर्ष 2009-10 में पारित आदेश का पालन नहीं करने पर कार्यवाही किया जाना का आदेश प्राप्त हुआ। फिर भी उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रिट याचिका में पारित आदेश का परिपालन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। जिसकी घोर उपेक्षा से दुखी होकर न्यायालय में पुनः शरण लिया गया। जिसमें उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा इसे माननीय न्यायालय की अवमानना मानते हुए प्रकरण दर्ज कर उभय पक्षों को तलब किया गया है। उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में कोट नं. 620 ऑफ 2020 07/12/2023 के तहत रामकुमार सिन्हा विरुद्ध रमेश कुमार शर्मा कलेक्टर को पार्टी बनाया गया है। जनपद सदस्य दम्पत्ति रामकुमार सिन्हा एवं शिवरानी रामकुमार सिन्हा लगातार कबीरधाम जिले के आम नागरिकों के कल्याण एवं जन समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। अभी वर्तमान में शिवरानी रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य हैं। दोनों दम्पत्ति अभी तक 2-2 बार जनपद सदस्य निरंतर रह चुके हैं। रामकुमार सिन्हा कानूनी संघर्ष एवं जमीनी संघर्ष के कद्दावर नेता माने जाते हैं। सत्ता किसी भी दल की हो उनकी जमीनी संघर्ष सदैव जारी रहती है। लगातार उक्त प्रकरण में कई वर्षों तक संघर्ष या दिखाता है कि अपने क्षेत्र के विकास, जनता के हितों कि रक्षा के लिए पंचवर्षीय कार्यकाल कोई बाधा नहीं होती यदि क्षेत्र कि जनता की सेवा करने का जज्बा दिल में है तो कठिन से भी कठिन लड़ाई एवं संघर्ष को किया जा सकता है। रामकुमार सिन्हा कहते हैं कि कबीरधाम जिले जनता के हर दुःख और तकलीफों के लिए वह सड़क से संसद तक और निचली अदालत से देश के सर्वोच्च अदालत तक संघर्ष करते रहेंगे। जनता के न्याय एवं अधिकारों को दिलाने के लिए समर्पित भाव से सेवा करते रहेंगे।

# एडवोकेट कमिश्नर ने आईडीबीआई बैंक के केस में की संपत्ति की कुर्की

## डीआरटी के आदेश पर हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वसूली अधिकरण जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर प्रिती देशाई के आदेश पर नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर महेश कुमार पाण्डेय द्वारा आईडीबीआई बैंक, सिविल लाईन शाखा के एनपीए खाता मेसर्स रौनक हेचरिज एवं अन्य (प्रो. रमनदिप सिंह साहनी) जमानतदार दलजीत सिंह साहनी के स्वामित्व की खसरा क्रमांक 628/2 कृषि भूमि, रकबा 0.405 हेक्टेयर, ग्राम-भिंमभौरी, पहन. -15, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर एवं खसरा क्रमांक 46/4 (0.202 हेक्टेयर) एवं 47/3 (0.142 हेक्टेयर) कुल परिवर्तित भूमि 37027 वर्गफुट, ग्राम भिंमभौरी, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित बंधक अचल सम्पत्ति को 10.04.2024 को कुर्क किया गया। कुर्की प्रक्रिया के दौरान अचल सम्पत्ति पर कुर्की वारंट चस्पा कर मुनादी करायी गई। कुर्की प्रक्रिया के दौरान स्थल पर आईडीबीआई बैंक के उप महा प्रबन्धक सुभ्रांशु शेखर शाहु, पटवारी राजेन्द्र मारकाण्डे एवं तिल्दा पुलिस बल उपस्थित रहे। एडवोकेट कमिश्नर महेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर में यह केस लगभग दो करोड़ एक लाख रुपए की वसूली हेतु रिकवरी सर्टिफिकेट निष्पादन के लिए यह कार्यवाही की गई। शीघ्र ही न्यायाधिकरण द्वारा संपत्ति की नीलामी कर बैंक की बकाया राशि की वसूली की जाएगी। महेश कुमार पाण्डेय ने आगे बताया कि यह कार्यवाही डीआरटी जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर के आदेश पर की गई है और जानबूझकर बैंक का पैसा न देने वाले डिफॉल्टर एवं जमानतदार पर डीआरटी के आदेश पर उनकी चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की और बिक्री सहित उनकी गिरफ्तारी और सिविल जेल की कार्यवाही की जाती है। जो डिफॉल्टर सक्षम होते हुये भी बैंक का पैसा नहीं लौटाते उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है। यह भी बताया गया कि जानबूझकर पैसा न चुकाने वाले डिफाल्टर और उनके जमानतदारों के खिलाफ ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा अब लगातार ऐसे ही कार्यवाही की जा रही है। यदि इस स्थिति से डिफॉल्टर बचना चाहते हैं तो बैंक से लिया गया ऋण समयानुसार जमा कराएं। कुर्की की निष्पादन प्रक्रिया में आईडीबीआई बैंक के उप महा प्रबंधक सुभ्रांशु शेखर साहु, सहायक महाप्रबन्धक दिलीप कुमार केशरी, प्रबन्धक ऋचा अग्रवाल, तहसीलदार ज्योति माशयारे, पटवारी राजेन्द्र मारकाण्डे का विशेष सहयोग रहा।

# रमण मन्दिर वार्ड में पेयजल समस्या की कमी हुई दूर

## अमृत मिशन की पाईप लाईन से पेयजल की सप्लाई प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रमण मन्दिर वार्ड के कुम्हार पारा और डबरा पारा के नलों में पानी की धार पतली आने की समस्या थी। जिसे अमृत मिशन की पाईप लाईन से जोड़कर दूर कर ली गई। रायपुर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र ने बताया कि निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त विनोद पांडे के साथ फिल्टर प्लांट तथा अमृत मिशन की टीम ने रमन मन्दिर वार्ड में पेयजल सप्लाई का घर-घर जाकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान चुना भट्ठी के नाले वाले क्षेत्र के आसपास नलों में पानी की धार पर्याप्त पायी गई। पेयजल की कमी की समस्या यहां के कुम्हार पारा और डबरा पारा में थी। यहां बोरवेल से सप्लाई किया जा रहा था। इन क्षेत्रों में नलों की धार कम आने की शिकायत थी। इस क्षेत्र में अमृत मिशन की पाईप लाईन बिछा दी गई थी। इस पाईप लाईन को जलागार से जोड़कर पेयजल सप्लाई शुरू किया गया। दूसरे क्षेत्रों में सुबह और 6 से 7 बजे तक पानी की सप्लाई की जाती है। इस क्षेत्र में अभी कुछ दिनों तक 8 से 9 बजे तक सुबह और शाम सप्लाई की जाएगी।

# विधायक ने सिद्धीदात्री मां वैष्णव देवी के लिये आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने भाजपा मण्डल गढफुल्झर अंतर्गत ग्राम कुदारीबाहरा में सिद्धीदात्री मां वैष्णव देवी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना किए, विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने फुलमाला पहनाकर बाजे गाजे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया, इस दौरान विधायक ने चौपाल लगाकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुऐ केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणजनों को विस्तार से बताया। इस अवसर महाराज सदन तिवारी, महाराज दुर्गा प्रसाद दुबे, ग्राम गौंटिया कुंजबिहारी साव, मण्डल अध्यक्ष माधव साव, विधायक जनसंपर्क कार्यालय गढफुल्झर प्रभारी हरजिंदर सिंह, महामंत्री जन्मजय साव, बूथ अध्यक्ष भावेश साव, महेश राम साव, गोपीचंद साव, वरुण साव, अमृत पटेल, गणेश राम साव, शांति लाल साव, दुर्गा प्रसाद साव, महेश राम चौहान, उग्रसेन कैवर्त्य, राधे साव, लाल बिहारी साव, रीसिकेश प्रधान, प्रकाश रावल, प्रवीण भोई, जयकुमार साहू, राजेश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# जनकपुर में आज विशाल आमसभा को सम्बोधित करेंगे मुख्यमंत्री

## विधायक रेणुका सिंह ने दी मुख्यमंत्री के दौरे की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को एकदिवसीय दौरे पर प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत के जनकपुर पहुंचेंगे। वे यहां लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चुनावी दौरे की जानकारी देते हुए पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का बाद विष्णुदेव साय का नवीन जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में यह पहला दौरा होगा। मुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रैल शनिवार को दोपहर 3 बजे भरतपुर ब्लाक के ब्लाक मुख्यालय जनकपुर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में पहुंचेंगे वे यहां एक विशाल आमसभा को सम्बोधित करेंगे। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विशाल आमसभा के दौरान कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में मतदान की अपील भी करेंगे। विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री की विशाल आमसभा को सफल बनावे।

# मतदाता जागरूकता के लिए निगम अधिकारियों और कमर्चारियों ने ली शपथ



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के अधिकारियों और कमर्चारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता करने की शपथ ली। निगम मुख्यालय भवन सहित निगम के सभी 10 जोनों, फिल्टर प्लांट और मोटर कर्मशाला में भी मतदान हेतु शपथ ली गई। साथ ही नागरिकों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। निगम मुख्यालय भवन में हुए कार्यक्रम में अपर आयुक्त द्वय राजेन्द्र कुमार गुप्ता, विनोद पांडे, स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही उपायुक्त कृष्णा खटीक समेत कर्मचारी शामिल हुए।

# क्वेकर की दिल को छू लेने वाली लॉन्ग फॉर्मेट वाली एड फिल्म ने दिया बेहतरीन संदेश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जब भी पोषण की बात आती है, तब भारत में ओट्स सेगमेंट की अग्रणी कंपनियों में से एक क्वेकर का नाम सबसे पहले सामने आता है। ब्रांड, अपनी 'बाउल ऑफ ग्रोथ' पहल के माध्यम से 3 तरह के प्रयासों के साथ बच्चों में कुपोषण की स्थिति को हल करने का प्रयास करता है। क्वेकर के तीन प्रमुख प्रयासों में 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को पोषण प्रदान करना, माता-पिता/ देखभाल करने वालों में पोषण की समझ विकसित करना और समुदाय में जागरूकता फैलाना शामिल है। महाराष्ट्र उन राज्यों में शामिल है जहां कुपोषण की स्थिति बेहद चिंताजनक है। इसे देखते हुए पुणे के ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से चुने गए ब्लॉकों में एक खास पोषण-केंद्रित कार्यक्रम शुरू किया है। सामुदाय के बीच कुपोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए, ब्रांड ने अपनी पहली लॉन्ग-फॉर्मेट वाली एड फिल्म 'दोहले जेवन पोशांची वाटी' लॉन्च की है। इस एड फिल्म की कहानी भावनात्मक रूप से बेहद प्रेरक है। यह कहानी न केवल बच्चों में कुपोषण संबंधी समस्या पर ध्यान देने के लिए जरूरी पोषण की आवश्यकता पर बल देती है, बल्कि दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाने के लिए स्थानीय रहन सहन और संस्कृति के तत्वों को भी शामिल करती है।

# छत्तीसगढ़ के बाजार में कामधेनु लिमिटेड का मजबूत प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने पिछले एक वर्ष में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने सफलतापूर्वक अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को एक वर्ष में 3.5 लाख मीट्रिक टन से बढ़ा कर 5 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। चैनल पार्टनर नेटवर्क भी जो 2023 में 1200 डीलर था, वो बढ़कर 1350 तक विस्तारित हो गया है। राज्य में इंफ्रा और स्टील की बढ़ती मांग को देखते हुए कामधेनु लिमिटेड ने अगले साल के अंत तक कामधेनु नेक्स्ट टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 6 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बनाई है। इस संशोधित क्षमता का समर्थन करने के लिए, कंपनी अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी विस्तारित कर, 100 और डीलरों और वितरकों को जोड़ेगी। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है। कामधेनु नेक्स्ट' कामधेनु में प्रचलित विश्व स्तरीय अनुसंधान एवं विकास और अभिनव उत्पाद विकास का एक उत्पाद है। 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ, कामधेनु नेक्स्ट ऐसी विशेषताएं प्रदान करता है जो इंजीनियर मजबूत संरचनाओं और स्मार्ट आर्किटेक्चरल अवधारणाओं में नए युग की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं। उन्होंने आगे कहा की, कामधेनु इस क्षेत्र में उभरती जरूरतों को पूरा करने और बाजार में तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए विश्व स्तर के उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा। कामधेनु नेक्स्ट को डबल रिब वाले अनोखे डिजाइन, अधिक मजबूती और लचीलापन, सामान्य स्टील टीएमटी बार से अधिक बेहतर बनाते हैं। 'कामधेनु नेक्स्ट'ने विशिष्ट डिजाइन की बदौलत कंक्रीट के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ने (इंटरलॉकिंग) में एक नया मानक गढ़ा है जो ढांचे को अधिक मजबूती देता है। स्टील टीएमटी बार पर डबल रिब डिजाइन कंक्रीट और लोहे को जोड़ने की क्षमता को बढ़ाती है जो भूकंप और अन्य अप्रत्याशित तेज झटके की स्थिति में ढांचे को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करती है।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने शत् प्रतिशत मतदान के लिए लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज ने शांति विहार कॉलोनी डगनिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। समाज के पदाधिकारियो ने डगनिया स्थित सुनंदा सदन में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि मतदान हमारा प्रजातांत्रिक अधिकार है, इसका सम्मान करना गर्व की बात है। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर देश व समाज को गौरवान्वित करें, इसी में प्रजातंत्र की रक्षा निहित है। आयोजन में मुख्य रूप से ललित मिश्रा, रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, सुधा शर्मा, शशि पांडे, सुनंदा दुबे, पुष्प पांडे, निशा दुबे, शिवम शर्मा, तृप्ति दुबे, धर्मासी दुबे सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल हुए।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग में 3डी-सीएफडी सिमुलेशन पर व्याख्यान



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सदस्यों ने 10 अप्रैल, 2024 को सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग में 3डी-सीएफडी (कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स) सिमुलेशन के परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों पर फ्लुइडिन ग्रुप के निदेशक प्रोफेसर चंदन घोष द्वारा दिए गए अतिथि व्याख्यान में भाग लिया। मैकेनिकल, सिविल, प्राणी विज्ञान और कंप्यूटर साइंस सहित विभिन्न विषयों के 30 से अधिक शिक्षकों के एक दिलचस्प सत्र में, प्रोफेसर घोष ने 3डी सिमुलेशन और फ्लुइडिन द्वारा विकसित अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर की जटिलताओं पर प्रकाश डाला। फ्लुइडिन संख्यात्मक सॉल्वरों की अद्वितीय क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रोफेसर घोष ने विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनकी अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित किया, जिनमें शामिल हैं। वायु प्रदूषण घटना और मात्रात्मक जोखिम मूल्यांकन (क्यूआरए), वायुमंडलीय विषाक्त गैस रिसाव और कण फैलाव (ईआईए), आग और गर्मी विकिरण, जैसेः शहरी ताप द्वीप, सीमित स्थानों में प्रदूषक फैलाव, ज्वलनशील गैस/एयरोसोल फैलाव और विस्फोट, तेल टैंक फटना और ओवरटॉपिंग, हवा और पानी में रेडियोधर्मी उत्पादों का फैलाव, सतह और भूजल प्रदूषण, वास्तविक समय रिसाव स्रोत का पता लगाना और फैलाव और इनडोर /बाहरी वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर प्रभाव। औद्योगिक पर्यावरणीय प्रभाव (ईआईए) और जोखिम विश्लेषण (क्यूआरए) के साथ-साथ द्रव गतिशीलता (सीएफडी), द्रव-संरचना संपर्क, गर्मी हस्तांतरण और विद्युत चुंबकत्व में कम्प्यूटेशनल तकनीकों और प्रक्रिया मॉडल में कठोर अकादमिक सहयोग से विकसित फ्लुइडिन सॉफ्टवेयर, सटीकता और विश्वसनीयता का प्रतीक है। 3डी संरचनात्मक और तरल गतिशीलता की विशेषता, सावधानीपूर्वक परीक्षण के माध्यम से मान्य अनुभवजन्य और सांख्यिकीय फॉर्मूलेशन द्वारा पूरक, फ्लुइडिन सॉफ्टवेयर विश्वसनीय मॉडलिंग परिणाम सुनिश्चित करता है, प्रक्रिया मापदंडों में एक ठोस वृद्धि और दुर्घटनाओं में संभावित परिणामों के विश्लेषण की सुविधा प्रदान करता है। 1987 से चली आ रही विरासत के साथ, फ्लुइडिन परामर्श सेवाओं और वैज्ञानिक सॉफ़्टवेयर में सबसे आगे रहा है, जो जटिल द्रव और बहु-भौतिकी अनुप्रयोगों के लिए उच्च-परिशुद्धता संख्यात्मक मॉडलिंग समाधानों को शामिल करता है। शिक्षकों को संबोधित करते हुए, प्रोफेसर घोष ने सॉफ्टवेयर के शैक्षिक संस्करण के साथ व्यावहारिक अनुभव के लिए निमंत्रण दिया, जिसमें इंजीनियरिंग, गणित और मल्टीफ़िज़िक्स क्षेत्र में वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला गया। सत्र का संचालन कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने किया और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर और महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन तथा अन्य वरिष्ठ प्रोफेसर भी व्याख्यान में उपस्थित रहे।

# चंद्रा बाई कोचर का निधन



**रायपुर।** सदर बाज़ार स्थित मानस ज्वैलर्स के संचालक, कांग्रेस नेता विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, विनय मित्र मंडल के संस्थापक अध्यक्ष - महेंद्र कोचर व तरुण कोचर की माता चंद्रा बाई कोचर (धर्मपत्नी- स्व भंवर लाल कोचर) का 84 वर्ष की उम्र में 12 अप्रैल को दोपहर 3.00 बजे निधन हो गया है। वे मानस, गौरव व कल्प की दादी थी एवं गर्वित की पड़दादी थी। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना।**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 20 अप्रैल 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 09.04.2024 तक कुल बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX5233 | बाल कृष्णा यादव | 55,603.20 | 12-अप्रैल-24 |
| 2 | XXXX0304 | रंगीन लाल देवांगन | 2,14,500.87 | 12-अप्रैल-24 |
| 3 | XXXX0060 | गौरव सिन्हा | 2,27,547.01 | 12-अप्रैल-24 |

दिनांकः 13.04.2024
स्थानः छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# गांधी परिवार ने देश में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की नींव डाली : संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे ने अपने जनसम्पर्क दौरे में कहा कि कांग्रेस को वोट देना मतलब लोकतंत्र को कमजोर करना होगा, क्योंकि कांग्रेस की सोनिया और राहुल गांधी का परिवार देश को तोड़ने व बाटने में लगे हुए हैं। जो लोग कांग्रेस में रहकर देश के लिए कुछ करना चाहते हैं उन्हें सुनियोजित षड्यंत्र के तहत रास्ते से हटा दिया जाता है।

जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि - गांधी परिवार ने लोकतंत्र की पहली हत्या तब की जब सरदार वल्लभभाई पटेल और नेहरू के सार्वजनिक चयन में नेहरू को एकमात्र वोट मिला था, परंतु देश का दुर्भाग्य की नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद कांग्रेस मुख्यालय का गेट नहीं खोला गया था। अहमद पटेल,सोनिया गांधी ने यह कहते हुए गेट नहीं खोला कि चाबी गुम हो गई है। तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को विदेश में साजिश के तहत मारा गया था और उनके शव का बगैर पोस्टमॉर्टम किए अंतिम संस्कार कर दिया गया। आखिर, पोस्टमॉर्टम से किसे डर लग रहा था। देश को सच्चाई जानने से क्यों रोका गया।


पांडे ने आरोप लगाया की गांधी परिवार ने देश में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की नींव डाली और उसे सिंचित किया। देश के पहले घोटाला- जीप घोटाला के आरोपी को नेहरू ने रक्षा मंत्री बना दिया। इसका नतीजा चीन से बुरी हार मिली। नेहरू के भ्रष्टाचार के पौधे को इंदिरा ने खूब सिंचित किया और इसे सरकारी मुहर लगा दी। राजीव गांधी ने भोपाल गैस कांड के आरोपी वारेन एंडरसन को सुरक्षित देश से भगा दिया तो बोफोर्स कांड के आरोपी ओट्टावियो क्वात्रोच्चि को प्रत्यार्पण से लेकर सजा से न सिर्फ बचाया, बल्कि ब्रिटेन के बैंक में जब्त रकम भी निकालने की छूट दे दी।

संतोष पांडे ने कहा कि जो कांग्रेसी एवं तथाकथित ऐसी मानसिकता के लोग यह सोचते हैं कि मेरे एक वोट देने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा तो उन्हें यह भ्रम नहीं पालना चाहिए। कांग्रेस को दिया गया एक वोट ऐसे गांधी परिवार को मजबूत करेगा जिन्होंने देश को तोड़ने का लगातार षड्यंत्र किया है।

पांडे ने लालबहादुर नगर मण्डल के अंतर्गत मुँदगाँव, रेंगाकठेरा, डुंडेरा, खल्लारी, बड़े मुड़पार, जामरी, छोटे मुड़पार, मुरमुन्दा, राका, चिददो, कल्याणपुर, गाजमर्रा, भोथली, बिच्छीटोला, सेंदरी, ठाकुरटोला, मड़ियान, झिंझारी, खुबाटोला, मक्काटोला, गोविन्दपुर व झंडातालाब आदि ग्रामों में जनसम्पर्क कर चुनावी सभाओं को संबोधित किया इस दौरान श्री पांडे का ग्रामों में अभूतपूर्व स्वागत हुआ आम लोग उन्हे सुनने पहले से मौजूद रहें। पांडे ने महतारी सम्मान कार्यक्रम के तहत सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं को श्रीफल भेट कर नारी शक्ति को नमन कर उनका सम्मान किया।

# गृह मंत्री अमित शाह की सभा को लेकर खैरागढ़ में तैयारियां

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा प्रारंभ हो गया हैं। वैसे तो प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संसदीय क्षेत्र में निरंतर प्रवास हो रहा हैं, पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे स्वयं प्रतिदिन दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों में जनसम्पर्क कर रहें हैं। बावजूद इसके चुनाव अभियान को और अधिक धारदार और मारक बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेता केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की महती जनसभा 14 अप्रैल को खैरागढ़ में आयोजित की जा रही हैं। जिसकी तैयारी पार्टी द्वारा जोरशोर से प्रारंभ कर दी गई हैं। तैयारियों को लेकर पार्टी के बड़े नेताओं संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी, नीलू शर्मा, जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल, खैरागढ़ भाजपाध्यक्ष खम्मन ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, व गिरिराज सिंह की उपस्थिति में बड़ी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नीलू शर्मा ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में चुनाव अभियान पार्टी की रणनीति के तहत पूरी गति के साथ सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा हैं पार्टी के सभी विंग महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व अन्य मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता पूरी गति से अबकी बार-400 पर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन रात परिश्रम कर रहें हैं। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह की सभा खैरागढ़ में होने जा रही हैं। यह सभा सफल हो, इसका लाभ क्षेत्र की जनता व पार्टी को मिले, अधिकाधिक लोग सभा में पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सभा के लिए समर्थन मांगे। विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में सभा को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिउषा निर्देश देकर जिम्मेदारीयाँ सौपी गई।

# सफाई में लापरवाही, 3 फीसद राशि में कटौती के आदेश

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने ठेका वार्डो में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं के लिए संबंधितों को नोटिस जारी कर राशि कटौती के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को दिए थे। निर्देश के अनुक्रम में संबंधितों को देयक से राशि कौटोती करने नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त गुप्ता के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड नं. 1, 22, व 40 के सफाई ठेकेदारों को अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर देयक से राशि कटौती करने नोटिस जारी किया गया। वार्ड नं. 1 व वार्ड नं. 40 के सफाई ठेकेदार अध्यक्ष श्री सरस्वती सेवा महिला स्व सहायता समूह एवं वार्ड नं. 22 के अध्यक्ष गुरूकुल शिक्षण सेवा संस्थान को नोटिस जारी किया गया। इनके चलित देयक से 3 प्रतिशत राशि कटौति की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने निर्देशित किया है कि सफाई में गुणात्मक सुधार लाएं अन्यथा ठेका निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार की कार्रवाई मलमा मंडप के तहत मटेरियल रखने व कचरा फैलाने पर भी संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज क्षेत्र के दौरे पर

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के प्रचार अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आ रहें हैं वे खैरागढ़, राजनांदगाँव तथा डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे हिस्सा लेंगे व अनेक स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

जानकारी के अनुसार गृह मंत्री शर्मा सुबह 11:00 बजे खैरागढ़ में भाजपा के राष्ट्रीय नेता तथा देश के गृह मंत्री अमित शाह की 14 अप्रैल को प्रस्तावित महती जनसभा की तैयारियों का जायजा लेंगे। पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वे दोपहर 12:00 बजे राजनांदगाँव आ कर वेसलियन आडिटोरियम में आयोजित चाय पर चर्चा के कार्यक्रम में भाग लेंगे इस आयोजन की जिम्मेदारी युवा मोर्चा के आलोक श्रोती, गोलू सूर्यवंशी, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह व जितेंद्र साहू को दी गई है। इसी प्रकार वे शाम 04:00 बजे डोंगरगाँव विधानसभा के ग्राम बाकल में, शाम 05:00 बजे ग्राम मचानपार में, शाम 06:00 बजे ग्राम मारगाँव में तथा रात्री 07:00 बजे ग्राम रामपुर में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

# कांग्रेस की 5 न्याय 25 गारंटी देश को बर्बादी के गर्त से निकालने में सहायक : शाहिद

- 70 साल में 55 लाख तो मोदी के 10 साल में 215 लाख करोड़ के कर्ज में डूबी जनता

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई ने राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल का दावा करते हुए भाजपा द्वारा लगातार जुमले और झूठ को जनता के बीच चुनावी समर में परोस रहे हैं। शाहिद ने कहा कि - 10 वर्षो में भाजपा ने देश को महंगाई बेरोजगारी के साथ-साथ धार्मिक वैमनस्यता के साथ 215 लाख करोड़ के कर्ज लाकर खड़ा कर दिया है। इससे देश को बचाने के लिए कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन प्रयासरत हैं और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पांच और 25 गारंटी की जो बात की है उससे देश का हर वर्ग खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि-कांग्रेस के घोषणापत्र में शामिल किसान न्याय योजना से किसानों को उनके फसल का वाजिब हक एवं



एमएसपी की गारंटी, कर्ज माफ और कृषि यंत्रों पर लगी जीएसटी को हटाने बात की है। वही नारी न्याय के लिए महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार के एक महिला को 1लाख सालाना देने की बात कांग्रेस ने की है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण की बात के साथ-साथ कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए हॉस्टल सुविधा देने की बात की है। इसी प्रकार युवा न्याय से युवाओं के लिए वर्तमान समय में 30 लाख से अधिक सरकारी विभागों में पद रिक्त होने के बाद भी भाजपा ने भर्ती नहीं की है। इसलिए 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तत्काल देने एवं 4 साल में अग्निवीर बनाकर उन्हें रिटायर करने के भाजपा की योजना को निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया अपनाने की बात के साथ-साथ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए अप्रेंटिसशिप एक्ट के तहत 25 वर्ष से कम आयु वाले स्नातक एवं डिप्लोमा धारी युवकों को 1लाख देने के साथ-साथ पेपर लीक जैसे मामले में कठोर कानून बनाने की बात कांग्रेस ने की है। श्रमिक न्याय योजना में मनरेगा श्रमिकों को 400 रु प्रतिदिन मजदूरी देने के साथ-साथ जिगि वर्कर्स को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने की बात की है हिस्सेदारी न्याय योजना में जल जंगल जमीन का कानूनी हक एवं वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना की बात भी कांग्रेस ने की है जिससे भाजपा अंधेरे की कोप भवन में चली गई है।

# युवाओं ने विशाल रंगोली एवं दीप जलाकर मतदान की अपील की

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

# भाजपा के सारे चक्रव्यूह तोड़कर दिल्ली पहुंचेंगे भूपेश बघेल : भागवत साहू

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने का कहा कि नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार 10 साल के शासनकाल में अहंकार और अत्याचार की सारी सीमा लांघ चुकी है। वह सरकारी मशनरी ईडी, सीबीआई औऱ आईटी डिपार्मेंट आदि सबका गलत इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक संगठनों विशेष कर अपने विरोधी राजनीतिक दलों के नेताओं को टारगेट कर रहे हैं। राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल की बढ़ती लोकप्रियता को भाजपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं उन पर तरह-तरह के आरोप लगाकर चक्रव्यूह में फंसाना चाहती है। लेकिन बघेल भी कच्चे खिलाड़ी नहीं है सारे चक्रव्यूह को तोड़कर संसद भवन पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद के बारे में यह जग जाहिर है कि उन्होंने अपने 5 साल के कार्यकाल में कुछ विशेष नहीं किया है। शुरू के 2 साल कोरोना कल में बिता उसके बाद 3 साल उन्हें क्षेत्र विकास में पूरी ताकत झोंक देनी चाहिए थी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अंतिम वर्ष आते-आते थोड़ा बहुत रेलवे के क्षेत्र में विकास के लिए ध्यान दिया तो विकास निर्माण के नाम पर रेल यात्रियों को भारी परेशानियों में डाला गया। माल गाड़ियों को आने जाने दिया गया। लेकिन यात्री गाड़ी को विकास के नाम पर कटौती किया। बहुत सारी गाड़ियां अक्सर रद्द होती गई। क्या इसी का नाम विकास है। दूसरा यह की भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। तब योजनाओं की तारीफ मोदी सरकार ने की है। इसके प्रमाण भी मिल जाएंगे। वहीं सांसद संतोष पांडे के किस कार्य की मोदी सरकार ने तारीफ की है। यह भाजपा के बड़बोले नेता बता दें।

## डाकमत पत्र द्वारा मतदान के लिए 4 सुविधा केंद्र स्थापित

**खैरागढ़।** कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए 4 केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान कर्मियो के लिए 14 एवम 15 अप्रैल को केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ और आदर्श शास. कन्या उ.मा.शा. खैरागढ़ तथा 25 अप्रैल को छ.ग. स्टेट वेयर हाउस पिपरिया में प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इसी प्रकार पुलिसकर्मी, होमगार्ड, वन विभाग के सुरक्षाकर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी के लिए 19, 20 एवम 21 अप्रैल को कलेक्टर परिसर के कक्ष क्रमांक-19, आवक-जावक शाखा में प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदाता मतदान कर सकते हैं।

## प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया धुंआधार जनसम्पर्क

# मंत्री लखन लाल बोले - यह लोकसभा चुनाव देश की दशा व दिशा तय करेगा

पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन अपने एकदिवसीय दौरे पर खैरागढ़ ग्रामीण मण्डल भाजपा के अंतर्गत ग्राम भोथी, करमतरा, रेंगाकठेरा, सलौनी, सोनभट्ठा एवं मदराकुही पहुँचे जहां भाजपाइयों ने प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया।

जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने उक्त ग्रामो में पहुँचकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओ से निवेदन किया। पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल झूठ बोलकर छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल के कार्यकाल में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। महादेव एप्प घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला यहां तक कि गौमाता के चारे पैरा में भी घोटाला करने में भी पीछे नही रहे जिसके चलते इनके कार्यकाल के कई अधिकारी आज जेल में बंद है।जनता ने केंद्र में बैठी मोदी सरकार के गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार को छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी है।

खैरागढ़ विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 10 वर्षो में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने पिछले पांच साल जनता की सेवा किया है व उन्हें भाजपा ने पुनः कार्य करने के लिए प्रत्याशी बनाया है। इसी कड़ी में दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा पुनः केन्द्र की सत्ता में आएगी व देशवासियो के हित के लिए काम करेगी।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, विधानसभा सहप्रभारी खम्मन ताम्रकार, टीके चन्देल, विकेश गुप्ता, प्रकाश सिंह, हरप्रसाद वर्मा, केशव चन्देल, अनिल अग्रवाल, कृष्ना वर्मा, नरेंद्र श्रीवास, देवकुमार सेन, भरत वर्मा, दीनदयाल सिन्हा, दिलेश्वर यदु, जयप्रकाश वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, उत्तम सिन्हा, रविन्द्र वर्मा, हेमचन्द वर्मा, मिनेश साहू, तेजेश्वर साहू, त्रिभुवन साहू, प्रद्युमन साहू, गणेश वर्मा, प्रताप वर्मा, परस वर्मा, चतुर वर्मा, मन्थीर वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा, अवध वर्मा, मुकेश वर्मा सहित भाजपाई बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छुरिया व फाफामार में भाजपा महिला मोर्चा महतारी वंदन सम्मेलन



पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com


छुरिया ब्लॉक के ग्राम फाफामार व नगर पंचायत छुरिया में में महतारी वंदन योजना का सम्मेलन आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण साहू शामिल हुई।संबोधित करते हुए कहा कि हमको नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए आप सब का भरपूर आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे जी को मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद सारे वादेपूरे किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव संबोधित करते हुए कहा कि विष्णु देव साय की सरकार ने महतरी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी कर दी गई। सरकार अपने वादो के साथ सत्ता में आने के साथ 100 दिन के भीतर इन्हें पूरा किया। भाजपा सरकार में सभी काम सांय-सांय हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास का काम चालू हो गया है। गरीबों के आवास को छीनने वाले भूपेश बघेल को इस बार जनता सबक सिखायेगी। इस अवसर में सीमा सिन्हा नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष, मालती उईके महिला मोर्चा अध्यक्ष, संगीता यादव, द्रौपदी मांडवी, भारती रजक,त्रिवेणी कुंभकार, लक्ष्मी यादवसहित भाजपा कार्यकर्ता महिला उपस्थित हुए।

# भारत शिक्षा रत्न अवार्ड फॉर बेस्ट प्रिंसीपल के राष्ट्रीय पुरस्कार से दिलीप अम्ब्रेला सम्मानित

## दिल्ली में हुआ सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवा एवं विशेष सहयोग के लिए दिया जाता है यह सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव से प्राचार्य के रूप में दायित्व निर्वहन कर सेवा निवृत दिलीप अम्बेला को आठ अप्रैल को भारत शिक्षा रत्न अवार्ड फॉर बेस्ट प्रिंसीपल के राष्ट्रीय पुरस्कार से दिल्ली में सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवा एवं विशेष सहयोग के लिए यह सम्मान दिया जाता है। सत्र 2022-23 के लिए यह सम्मान उन्हें दिया गया। 1984 पत्थलगांव महाविद्यालय के स्थापना वर्ष से अब तक शैक्षिक सुविधाओं के अभाव और अधोसरंचना के लिए तरसते महाविद्यालय का इन्होंने काया कल्प कर दिया। पांच विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाएँ प्रारंभ कर जीर्णशीर्ण हो रहे महाविद्यालय भवन का जीर्णोद्वार कर भवन को एक नया स्वरूप प्रदान किया।

### कॉलेज को मिला बी ग्रेड, बनी उपलब्धि

इनके कार्यकाल में अध्येता विद्यार्थियों की अब तक की सर्वाधिक संख्या रही है। इनके प्रयास से भवन के सामने दो गार्डन का निर्माण महाविद्यालय की सुन्दरता में चार चांद लगा रहे हैं। महाविद्यालय में कैन्टीन का निर्माण एवं शुरुआत इनके प्रयासों का प्रतिफल है। इनके ही कार्यकाल में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन नैक संस्था द्वारा महाविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त होना सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### केजी कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे

इन्होंने अपनी जन्मस्थली जामझोर से प्राथमिक शिक्षा प्रारम्भ कर जिले की सबसे बड़ी शिक्षण संस्था किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ से उच्च शिक्षा पूरी की। वे ऐसे विद्यार्थी रहें हैं जो खेल और पढ़ाई दोनों में गहरी अभिरूचि थी। वे व्हालीवाल और बैडमिन्टन के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं और एमए अन्तिम की पढ़ाई रवि शंकर विश्वविद्यालय रायपुर से प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कर पूरी की। वर्ष 1980 में अध्ययन के दौरान किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में चुनाव जीत कर छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे।

### सात विभिन्न महाविद्यालयों में दी सेवाएं

1981 में किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से तदर्थ सहायक प्राध्यापक के रूप में उन्होंने अपनी शासकीय सेवा प्रारम्भ की। अपने जीवन काल में उन्होंने सात विभिन्न महाविद्यालयों में अपनी सेवाएं दी है। लोगों से सहजता के साथ मुस्कुरा कर मिलना उनका विशिष्ट गुण है। अध्यापन कार्य के अतिरिक्त अध्येता छात्र-छात्राओं को सहयोग के लिए वे हमेशा तत्पर रहते रहें हैं। अब तक उन्होंने अनगिनत विद्यार्थियों को गोद लेकर उनकी पढ़ाई पूरी कराई है। जिनमें से कई नौकरी प्राप्त कर एक अच्छा जीवन यापन कर रहे हैं।

### सामाजिक कार्यों में भी आगे रहे

सामाजिक कार्यों के संपादन और सहयोग में आगे रहते हुए प्रति वर्ष अपने गांव के बुजुर्गों को सम्मानित करना, जरूरत मन्द लोगों को कंबल, स्कूल के बच्चों में गरम कपड़े बांटना, सार्वजनिक कार्यों के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराना उनके स्वभाव का हिस्सा है। वर्तमान में उन्होंने गांव में पीने के पानी की उपलब्धता के लिए तीन बोरिंग खुदवाने का निर्णय लिया है। भारत शिक्षा र अवार्ड से सम्मानित किये जाने के पश्चात उनसे मिल कर उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी के उद्देश्य से जब उनके घर पहुंचे तो एक सुखद अनुभूति हुई।

### आर्गेनिक खेती के प्रति जागरूक

उनके सात एकड़ में फैले फार्म हाउस में उन्होंने अपने हाथों से एक हजार से अधिक पेड़ लगाए हैं जिसमें सभी प्रकार के फल उपलब्ध हैं। आम की तो इक्कीस प्रकार की किस्में हैं। छोटे-बड़े मिलाकर अस्सी गायें हैं। जिनमें अड़तालीस गिर नस्ल की गायें हैं। दूध, दही, घी, पनीर, मट्ठा की उपलब्धता हमेशा रहती है। उनकी 25 एकड़ की पैतृक खेती है। उनके पास प्रतिवर्ष 80 ट्राली गोबर खाद होता है जिसके कारण पूरी तरह आर्गेनिक खेती करते हैं। उनके यहाँ उत्पादित काला जीरा, जीरा फूल और ओमश्री चावल की विशेष मांग है। उनके यहाँ के घी रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, पत्थलगाँव भेजे जाते हैं। मांग इतनी है कि पूर्ति नहीं कर पाते हैं।

# इनोवा कार चालक ने बाईक सवार दो युवकों को मारी टक्कर

## उपचार के दौरान एक युवक की मौत, दूसरे का उपचार जारी

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रफ्तार कार चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दो युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य का उपचार जारी है। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र जितेन्द्र सिदार गांव के मोहन सिदार के साथ डिसकव्हर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमए 5838 से ग्राम ढाप से बगुडेगा जा रहे थे। इस बीच शाम करीब 04 बजे पतरापारा पहुंचे ही थे कि पत्थलगांव की तरफसे आ रहे इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 04 केएक्स 5695 के चालक चालक सूरज राव के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते मोटर सायकल को सामने से जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे जितेन्द्र सिदार के सिर पीछे, दाहिने पैर में एवं मोहन सिदार के दाहिने पैर जांघ एवं सिर में चोंट आई। साथ ही मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। जितेन्द्र सिदार एवं मोहन सिदार को इनोवा वाहन चालक द्वारा उठाकर ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल लैलूंगा में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान जितेन्द्र सिदार की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल मोहन सिदार का उपचार जारी है। बहरहाल लैलूंगा पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# स्क्रैप के अवैध परिवहन पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई

## ट्रक में लोड लोहे का 10 टन स्क्रैप किया गया जप्त




पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना पर ग्राम जामडबरी स्कूल के सामने सरायपाली मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी 12 सी 3416 को चेक किया गया। जिसमें लोहे के स्क्रैप लोड था। पुलिस ने एक ट्रक से दस टन लोहे का स्कैप जब्त किया है। पूछताछ में ट्रक चालक अर्जुन चैधरी पिता इंद्रदेव चैधरी उम्र 44 साल निवासी देवकली थाना मकदूमपुर जिला जोहानाबाद बिहार ने ट्रक में लोड स्क्रैप के कोई कागजात नहीं होना बताया। ट्रक चालक द्वारा अवैध तरीके से स्क्रैप परिवहन करना पाये जाने पर ट्रक को कब्जे में लेकर वजन कराया गया। ट्रक में करीब 10 टन लोहे का स्कैप कीमती 2,50,000 रुपए का पाया गया जिसे गवाहों के समक्ष जप्ती की गई है। आरोपी वाहन चालक अर्जुन चैधरी पर थाना पूंजीपथरा में धारा 41(1)4) 379 के तहत कार्यवाही की गई है।

# जंगल में हाथी देख बाईक छोड़कर भागे ग्रामीण

## हाथियों के भय से मुख्य मार्ग हुआ जाम

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



वनमंडल धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत सरिया नाला के ऊपर मुख्यमार्ग किनारे गुरूवार की शाम करीब 5 बजे हाथियों की हलचल से मुख्य मार्ग बंद सा हो गया सड़क के दोनों छोर में जाम की स्थिति बन गई। मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमार्ग सरियानाला के ऊपर 368 कक्ष क्रमांक के जंगल किनारे सड़क में भागमभाग की स्थिति देखी गई उसी बीच दो बाईक सवार अपनी मोटरसाइकल उसी जंगल के अंदर छोड़कर जैसे तैसे जान बचाकर भागने में कामयाब हो गए। जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो माहौल और गड़बड़ा गया और लोग डरने लगे इसी बीच सूचना पर मौके पर पहुंची वन अमला की टीम व हाथी मित्रदल और संबंधित चैकीदार सड़क में तैनात गए होकर और लोगो को समझाइस देने लगे। ताकि हाथी से किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो और लोग सुरक्षित मार्ग से आवाजाही कर सकें। धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत मुख्य मार्ग 368 कक्ष क्रमांक जंगल मे क्रोन्धा निवासी दो बाईक सवार बड़ी मुश्किल से जान बचाकर जंगल से निकले हैं उनका कहना है, क्रोन्धा चौक में मौजूद चेक पोस्ट की वजह से डरकर हम जंगल रास्ता अपना रहे थे तभी हाथियों के दल से सामना हो गया जैसे ही यह खबर सड़क में आई उसके बाद वहां जबरदस्त भय का माहौल बन गया सड़क के दोनों छोर में लोग थम से गए वहीं चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर बनाए गए चेक पोस्ट में मौजूद हाथी मित्रदल व निरीक्षण में तैनात पुलिस कर्मी और कर्मचारी भी सख्ते में आ गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी ही गई जिन्हें मौजूद कर्मचारी व चैकीदारों द्वारा समझाइस दिया जाने लगा ताकि हाथी से किसी भी तरह की अनहोनी घटना न हो। बहरहाल देर शाम बाद हाथियो के लोकेशन से संतुष्ट होने के बाद सड़क में रुके राहगीरों को शांतिपूर्ण ढंग से रवाना किया गया। बताया जा रहा है अभी भी हाथियों का दल उसी जंगल के आस पास विचरण कर रहे हैं जो कह सकते हैं कहीं न कहीं प्रभावित क्षेत्रवासियों के लिए खतरे की घंटी है।

# भोथली गांव की गलियों का भ्रमण कर लोगों को किया जागरूक

*स्वयंसेवकों ने भोथली में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान*




**धमतरी।** ग्राम भोथली में स्काउट गाइड व राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के विद्यार्थियों व प्राचार्य सयोगिनी रामटेके, संकुल समन्वयक कुंदन ढालेन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ गणेश प्रसाद साहू ने मतदाता मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया। तथा 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन क्या-क्या कार्य करना है, पानी पिलाना, लाइन में खड़ा करना, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल से बूथ तक ले जाना, बुजुर्ग व गर्भवती माताओ व चुनाव अधिकारियों की आवश्यकता अनुसार मदद करना है व पीठासीन अधिकारी के निर्देशों का पालन करना। सेवा प्रदान करने वाले स्वयंसेवकों को कलेक्टर के द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जावेगा। शुक्रवार को सभी छात्र-छात्राएं हाथों में बैनर व तख्ती लेकर नारा लगाते हुए भोथली के सभी गलियों व चौक चौराहों का भ्रमण किया गया तथा मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया नारा जन-जन की यही पुकार है वोट देना अधिकार है। नशे से ना नोट से, किस्मत बदलेगी वोट से, जागरूक देश की पहचान, हो शत-प्रतिशत मतदान। इस महारैली में दीप्ति शुक्ला, गोपेश साहू, राकेश साहू, डिकेश, तेजेंद्र हमीद, मोहनीश, देवेंद्र, मयंक भूपेश, लाकेश, मनीष, प्रेमसागर, लोमीन, वीना, प्रेमलता, युक्ति मानसी, साक्षी, नेहा, प्रियंका, तनुजा, देविका, टिकेश्वरी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com





विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला धमतरी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की बैठक ली जिसमें मुख्य मुद्दा धर्मांतरण के प्रति प्रशासन के क्रियाकलापों में उदासीनता का दिखाई देना था। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यक्रम संचालक मोहन साहू द्वारा सभी प्रार्थना सभा के दस्तावेजों की जांच करवाने की बात कही गई। जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल द्वारा उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर कर चर्चा करने की बात कही गई कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के युवाओं को जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन एवं गौरव जैन द्वारा विशेष प्रशिक्षण देने की तैयारी के विषय में समझाया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को बताया की हमारे संविधान में अनुच्छेद 25 से 28 तक धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमे अनुच्छेद 25 में प्रत्येक व्यक्ति को अन्तः करण की और किसी भी धर्म को मानने की, आचरण करने की तथा प्रचार प्रसार की इजाजत देता है,परन्तु किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति के धर्मांतरण की इजाजत नहीं देता है। इसी प्रकार अनुच्छेद 26 में धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता है जिसमें व्यक्ति अपने धर्म के लिए संस्थाओं की स्थापना, पोषण, प्रबन्ध, जंगम और स्थावर सम्पत्ति अर्जन और स्वामित्व का एवम विधि के अनुसार प्रशासन करने का अधिकार दिया गया है,पर किसी और धर्म के व्यक्ति पर यह आरोपित नहीं किया जा सकता इस पर राज्य सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। अनुच्छेद 27 में किसी विशेष धर्म के लिए करों के भुगतान की स्वतंत्रता, राज्य कभी भी कर नहीं ले सकती उस राशि पर जिसकी आय सीधे धर्म विशेष के प्रचार या प्रबन्ध में होती हो। अनुच्छेद 28 में शैक्षणिक संस्थानों में धर्म विशेष की पूजा और आराधना के सम्बंध में है, इसके अंतर्गत शासन द्वारा संचालित, मान्यता प्राप्त, अनुदान प्राप्त किसी भी संस्था में धार्मिक शिक्षा की इजाजत नहीं दी गई है, परन्तु यदि कोई धर्म विशेष या ट्रस्ट, धार्मिक समूह, धार्मिक शिक्षा हेतु कोई संस्थान चलाता है तो उसमें छूट की पात्रता है।

नाबालिग के विषय में उनके अभिभावकों की अनुमति विशेष रूप से आवश्यक होगी। कार्यक्रम में दीपक ठाकुरजी द्वारा धर्मनिरपेक्षता को भी समझाया गया कि इसे 42वे संविधान संशोधन में जोडा गया है, इसके अंतर्गत भारत में सभी धार्मिक समुहों को बिना भेदभाव के समान शक्तियां प्राप्त हैए फिर भी लोभ, लालच, बहलाना, फुसलाकर या बल पूर्वक दूसरे धर्म के लोगों के अंतरण की इजाजत किसी भी कीमत पर नहीं देता है, ऐसा करना किसी भी धार्मिक संस्था द्वारा संविधान में दी गई शक्तियों का उल्लंघन माना जाएगा। जो कि आपराधिक एवं दाण्डिक मामलों में आएगा।

यहां पर धर्म पूरी तरह से निजी मामला है, इसमे अंतरण किया जाना सर्वथा अनुचित है। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के दायित्व वान कार्यकर्ताओं को कार्य अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों की कार्यशाला प्रत्येक गांव और वार्डों में लगाई जाए ताकि सभी को अपने संवैधानिक अधिकारों की जानकारी हो सके। देश में बहुत से राज्यों में धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं जिसमे 2 से 3लाख रुप, का जुर्माना और 3 से10 साल तक की कैद का भी प्रावधान है, ओडिसा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, कर्नाटक आदि राज्यों में कठोर कानून लागू हैए इसी तरह की व्यवस्था की आवश्यकता छत्तीसगढ राज्य में भी है।

# झगड़ा विवाद के बीच महिला ने अपनी मौसी पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीते शाम जूटमिल के बजरंगपारा में रहने वाली महिला फूलो बाई चौहान (उम्र 64 वर्ष) के ऊपर उसकी भतीजी शकुंतला चौहान (50 वर्ष) द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा देने की घटना सामने आई जिसमें अहिता फूलो बाई को ईलाज के लिये केजीएच में भर्ती किया गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा डॉक्टर से सलाह लेकर घायल महिला फूलो बाई से पूछताछ कर बयान लिया गया जिसमें फूलो बाई चौहान बताई कि इसकी भतीजी शकुंतला चौहान इसके घर आई जिसके हाथ में एक थैला था।

शकुंतला कहने लगी की घर परिवार के लोग कोई रिश्ता नहीं रखे हैं जिससे अकेले किराए मकान में रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है काफी परेशान हो गई हूं, पेट्रोल लेकर आई हूं यहीं स्वयं को आग लगाकर आत्महत्या करूंगी जिसे फूलो बाई और उसकी बहू सुमित्रा चौहान यह सब मत करो कहकर समझाएं जिस पर शकुंतला नहीं मानी और आत्महत्या करने की जीद करने लगी। तब सुमित्रा चौहान पड़ोस में रहने वाले शकुंतला के लड़के हेमंत चौहान को बुलाने के लिए दौड़ी जिससे शकुंतला चौहान गुस्से में आ गई और मेरे बेटे को बुला रहे हो कहकर थैले अंदर बोतल में रखे पेट्रोल को निकाली और उसकी मौसी फूलो बाई चौहान के ऊपर डालकर आग लगा दी। घटना के संबंध में फूलो बाई चौहान के रिपोर्ट पर आरोपिया शकुंतला चौहान पति स्वर्गीय रोहित चौहान उम्र 50 साल निवासी बजरंगपारा थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## एसडीएम सहित अन्य लोगों ने किया रक्तदान, 30 यूनिट संग्रह हुआ रक्त



**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्त दान का शिविर अयोजित किया गया। शिविर में कुनकुरी एसडीएम नन्दजी पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें कुल 30 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जरूरतमंद लोगों को समय में ब्लड की उपलब्धता हो सके। इस उददेश्य से सार्थक पहल करते हुए जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान करने के निर्देश दिए हैं। उनकी पहल सार्थक हो रही है। जिले के सभी विकासखण्डों में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आम लोगों द्वारा भी उत्साह के साथ रक्तदान किया जा रहा है और ब्लड बैंक में स्टोरेज ब्लड जरूरतमंदों को तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है।

# वर्ष 2022,23,24 में थाना अर्जुनी, भखारा तथा धमतरी क्षेत्रान्तर्गत लगातार हुए 6 चोरियों का हुआ खुलासा

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले के देहात क्षेत्रों में रात्रि में सुने मकानो में हो रही चोरी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा अज्ञात आरोपी को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक सुशील नायक, अभिषेक सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नेहा पवार के मार्गदशन में अज्ञात चोरो को पकड़ने के लिए सायबर सेल, थाना अर्जुनी, थाना भखारा को निर्देशित किया गया था। प्रकरण की पतासाजी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सदर बाजार धमतरी में 02 व्यक्ति सोना-चांदी बेचने ग्राहक तलाश कर रहा है। इस सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर दोना व्यक्तियो को पकड़ा गया। जिन्होने अपना नाम कमलेश साहू पिता ललित साहू उम्र 19 वर्ष निवासी कुर्रा, साहिल यादव पिता सुभाष यादव उम्र 22 वर्ष निवासी कुर्रा का होना बताया, जिनके पास रखे सोने.चांदी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि 3-4 अप्रेल 2024 की दरम्यानी रात्रि को अपने अन्य दो साथी कुशल यादव पिता अनुज यादव उम्र 22 वर्ष निवासी कुर्रा एवं 01 विधि से संघर्षरत् बालक के साथ ग्राम तरसीवा के एक सुने मकान से एक सोने का गुलबंद, एक जोड़ी सोने का झुमका, दो जोड़ी सोने का आईरिंग, एक जोड़ी सोने का बाली, दो नग सोने का नथनी, एक नग सोने का लॉकेट, तीन जोड़ी चांदी का पायल, पीतल का हनुमान जी, कुबेरजी का मुर्ति एवं नगदी रकम 20,000 रूपये को चोरी करना बताया गया। इसी प्रकार देहात क्षेत्रों में हुए चोरियो के बारे मे कड़ाई से पुछताछ करने पर बताया कि 27 जुलाई 2023 के दिन में प्रार्थी दुलेश्वर साहू ग्राम गातापार थाना भखारा के सुने मकान में आरोपी कमलेश साहू, राहुल यादव एवं साहिल यादव के साथ सुने मकान के दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर दो सोने का मंगलसूत्र 14 नग सोने का गेहूँ दाना लगा हुआ, तीन नग सोने का लॉकेट, दो जोड़ी सोने का टॉप्स, तीन नग चांदी का पायल, एक चांदी का करधन, एक नग चांदी का चाबी गुच्छा एवं नगदी रकम 5,000 रूपये को चोरी करना बताया। 17-18 फरवरी 2024 प्रार्थी-रूपराम साहू निवासी ग्राम भेण्ड्रा के सुने मकान में आरोपी कमलेश साहू, राहुल यादव दोनो ग्राम पंचायत भवन का तोड़कर भवन में रखे 01 नग लेपटॉप एवं नगदी रकम 1500 रूपये को चोरी करना बताये। 23-24/09/2023 की दरम्यानी में ग्राम रीवागहन के शासकीय उचित मुल्य की दुकान से आरोपी कमलेश साहू एवं साहिल के दोनो दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे 11 कट्टा चावल को चोरी करना बताये। 06-07/04/2023 की दरम्यानी रात्रि में राज्य ग्रामीण बैंक शाखा तरवीसा धमतरी में आरोपी राहुल यादव, कुशल यादव, लेमन कुमार यादव, देवनारायण साहू के साथ सभी बैंक में चोरी करने के नियत से बैंक का तालातोड़ तिजोरी को उखाड़ने का प्रयास करना स्वीकार किये है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम | धारा 13(2) नोटिस दिनांक | धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 40289483 | सम्पत्ति समक्ष ऋण | 1. लीलाम्बर कर्श 2. धीरज कर्श | 23.03.2024 | रु. 9,78,639.43/- | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 1556/1, क्षेत्रफल 0.020 हैक्ट., खसरा नं. 1556/4, क्षेत्रफल 0.012 हैक्ट. और एवं खसरा नंबर 1556/6 क्षेत्रफल 0.020 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.052 हेक्टेयर, ग्रामरू कोटमी, पी.एच. नं. 15, आर.एन.एम.- चंद्रपुर, तहसील डभरा, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़-495692, और, चौहद्दीः पूरब में - गिरीश पटेल का मकान, पश्चिम में - सेवक की भूमि, उत्तर में - बजरंग यादव का मकान, दक्षिण में - रोड़ |

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन आईडीएफसी फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांकः 13.04.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

# श्री बालाजी हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने महिला के पेट से निकाला 6 किलो का ट्यूमर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ विभाग की टीम ने 44 वर्षीय महिला मरीज के पेट से बच्चेदानी से 6 किलो का ट्यूमर निकाला है। मरीज को पिछले दो महीने से पेट में दर्द और सूजन की शिकायत थी और पेट फूलकर काफी बड़ा हो गया था। डॉक्टर ने जांच के बाद सोनोग्राफी की सलाह दी। सोनोग्राफी जांच से स्पष्ट हुआ कि मरीज के बच्चेदानी में एक बड़ी गठान (फाईब्रोइड) है, जिसमें कैंसर के लक्षण पाए गए, जो अत्यंत दुर्लभ होता है। जोकि लगभग एक लाख लोगों में किसी एक में पाया जाता है। जिसके बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन का फैसला किया। श्री बालाजी हॉस्पिटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा अग्रवाल, डॉ. रूही जैन और एनस्थेटिस्ट डॉ. सादिया शकील और पूरी ओटी और नर्सिंग टीम की मदद से ये ऑपरेशन सफल रहा। ऑपरेशन के बाद जब ट्यूमर का वजन किया गया तो वो 6 किलो का था। मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई है और आगे इन्हें कीमोथेरेपी करने की सलाह दी गयी है। बता दें कि श्री बालाजी हॉस्पिटल में इससे पहले भी ट्यूमर के सफल ऑपरेशन किए गए है और अस्पताल में एक बड़ी स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम मौजूद है। ये प्रदेश का एक मात्र ऐसा हॉस्पिटल है, जहां डिलीवरी का कोई भी चार्ज नहीं लगता है।

# विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सभी वर्गों का प्रयास जरूरी : साय

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ईद मिलन कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में मुस्लिम समाज के बीच पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी और उनसे छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने हेतु आशीर्वाद मांगा। राजधानी के संजय नगर स्थित गरीब नवाज हॉल संजय नगर में गुरूवार को आयोजित ईद मिलन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री साय सम्मिलित हुए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग द्वारा संजय नगर में आयोजित ईद मिलन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री छ.ग शासन, संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री भाजपा, रामप्रताप सिंह, सच्चिदानंद उपासने, मोती लाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर, अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, सुभाष तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, शहर काजी आलीजनाब मौलाना मोहम्मद अली फारूकी साहब, जयंती पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा, मृत्युंजय दुबे, सलाम रिजवी, समीर अखूतर पार्षद, बद्री प्रसाद गुप्ता, मनीष कड़भुंजे, शंभू गुप्ता, मुतवल्ली साजिद अली, पूर्व मुतवल्ली हाजी अनवर रिजवी, पूर्व मुतवल्ली बदरूद्दीन खोखर, वकील अहमद रिजवी पूर्व मुतवल्ली, मुजाहिद अली, नईम रिजवी खादिमे आस्ताना मजार हजरत सै. शेर अली आगा., मखमूर इकबाल खान, नासिर खान अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, इमरान अशरफी, असगर अली, हाजी राजा संरक्षक गरीब नवाज कमेटी सहित अन्य अतिथिगण सम्मिलित हुए। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर उपस्थित मुस्लिम समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास इसको मूलमंत्र मानते हुए देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लिए बिना भेदभाव के वो काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने काफी विकास किया है। इकोनामी के क्षेत्र में भी मोदी जी ने प्रयास करके 11वें स्थान से 5 वें स्थान में लाकर खड़ा कर दिया है। आने वाले पांच वर्षों में उनका संकल्प है तीसरे स्थान स्थान पर लाने का। मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है। लेकिन ये सबके प्रयास से संभव होगा। इसमें छत्तीसगढ़ भी भागीदार होगा। छत्तीसगढ़ के विकास में एक-एक व्यक्ति का योगदान चाहिए। तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ की बात कर पाऐंगे। तभी मोदी की जो विकसित भारत की परिकल्पना वो साकार हो पाएगी। साय ने कहा कि आप लोगों ने आशीर्वाद देकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है। आप सबकी दुआओं और मार्गदर्शन की मुझे आवश्यकता होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा के महासचिव संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में एक महीने की कठिन इबादत और रोजा के बाद आप सब ईद का ये त्यौहार मना रहे हैं। इस अवसर पर हम सब छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दुआ करें। उन्होंने समस्त लोगों को ईद की शुभकामनाऐं दी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग ने ईद मिलन समारोह में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा प्रदेश के मुखिया साय के ईद मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने से ईद की खुशियाँ दुगनी हो गई हैं। बेग ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने ईद के अवसर पर हमारे मोहल्ले में उपस्थित होकर हमें मुबारकबाद पेश की है। गरीबनवाज मुस्लिम हॉल, संजय नगर में आयोजित इस ईद मिलन समारोह में मुस्लिम समाज के लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। समारोह में मौलाना मुजफ्फर हुसैन, कारी समद, मौलाना अशरफ अली, मास्टर इकबाल शरीफ, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी, मौलाना एहतेशाम अली फारूकी, नईम अख्तर, नदीम भाई, हाजी असलम, जीमल भाई, जावेद, मो. रियाज, वकील भारती, फिरोज मेमन, राहिल रऊफी, मौलाना जहीरूद्दीन रहबर, मौलाना अमीर बेग, साजिद पठान, मो. कासिम, आबिदा बेगम, साजिया, रेहाना बेगम बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों ने भी सम्मिलित होकर भाईचारा और सदभावना का संदेश दिया।

## राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के पोस्टर का हुआ विमोचन

रायपुर। 20 अप्रैल 2024 को कोरबा में आयोजित 11वीं राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता (चिल्ड्रन एवं कैडेट डिविजन) के पोस्टर का विमोचन आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं छग किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के 7 वर्ष से 15 वर्ष तक के लगभग 200 बालक बालिका एवं आफिशियल किकबॉक्सिंग खेल की विभिन्न विधाओं में हिस्सा लेंगे।

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर युवती से ठगी

- आरोपी महिला को पुलिस ने रायपुर से किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर के एम्स में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर युवती से ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को राजधानी रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में स्थित एम्स हास्पीटल में नौकरी दिलाने के नाम पर रायपुर में रहने वाली महिला को चक्रधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पकड़ी गई महिला राजधानी रायपुर स्थित न्यू राजेन्द्र नगर की रहने वाली है और पुलिस ने इस महिला के द्वारा ठगी के चार मामले भी और पकड़े हैं। साथ ही साथ इस महिला के उपर पूर्व में भी रायपुर स्थित खमतराई थाने में एक अपराध दर्ज होनें की पुष्टि भी की है। चक्रधर नगर थाने में हाल ही में पंजरी प्लांट में रहने वाली मीना पटेल ने रिपोर्ट लिखाई थी कि शोभना दास नाम की महिला ने उसे एम्स अस्पताल में नौकरी लगाने के नाम पर डेढ लाख रूपये मांगे थे जिसमें से उसने 25 हजार रूपये नगद महिला को दिये थे और पैसे लेने के बाद भी उक्त महिला उसे घुमा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने महिला को रायपुर जाकर पकड़ा। तब इस महिला द्वारा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जगहों में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के चार और मामलों का खुलासा हुआ। थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर के अनुसार पकड़ी गई महिला को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है और धारा 420 के तहत मामला दर्ज करके जांच की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि ठगी करने वाली महिला का बैंक एकाउंट भी होल्ड कर दिया गया है। चूंकि उसने नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली गई राशि के लाखों रूपये खाते में जमा है।

## विधवा महिला का हक दिलाये जाने के लिए पुलिस को किया गया निर्देशित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा विधवा महिला का हक दिलाये जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो कि 30अक्टूबर 2023 को विधवा महिला द्वारा इस आयोग को इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था, कि महिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ की निवासी है, उसके पति की मृत्यु के बाद ससुराल वालों ने न केवल उसे प्रताड़ित किया है, अपितु उसकी सम्पत्ति व स्त्रीधन पर कब्ज़ा कर उसे घर से निकाल दिया है, उसके पति की सेंट्रो कार भी आवेदिका से ससुराल वालों द्वारा उससे छीन ली गई है। ससुराल पक्ष द्वारा आवेदिका महिला को शारीरिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उसे घर से निकाल देने व उसके स्त्रीधन को वापस नहीं किये जाने की लिखित शिकायत थाने में की गई थी, परन्तु उक्त संज्ञेय अपराध में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, बल्कि उसके साथ घटित उक्त अपराध को दं.प्र.सं की धारा 155 के तहत अहस्तक्षेप योग्य मानकर थाने द्वारा फौती कार्यवाही की गई। जबकि प्रकरण में महिला द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार, भा.दं.सं. की धारा 403, 498(ए) की संज्ञेय धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 6 के अंतर्गत विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्यवाही किये जाने का दायित्व रहा है। प्रकरण में उक्त अपराध पंजीबद्ध किये जाने का दायित्व पुलिस पर होने के बावजूद थाना प्रभारी, कोतवाली, जिला रायगढ़ द्वारा आवेदिका की शिकायत पर विधिवत कार्यवाही नहीं की गई है, अतः उक्त प्रकरण में मानवाधिकारों को स्पष्ट अवेहेलना को ध्यान में रखते हुए आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ को विधिसम्मत कार्यवाही एवं पन्द्रह दिवसों में प्रतिवेदन से अवगत कराये जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, ताकि पीड़ित विधवा महिला के मानवाधिकारों की रक्षा हो सके, एवं उसे न्याय प्राप्त हो सके।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने लिया 7 मई को मतदान का संकल्प



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के सभी विभागों ने सामूहिक मतदान का संकल्प लिया। इसके अंतर्गत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय के सभाकक्ष में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान तिथि 07 मई को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं मतदान करने के साथ ही दूसरे मतदाताओं को भी लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शुक्रवार की सुबह सभी अधिकारी-कर्मचारी सभाकक्ष में एकत्रित हुए और मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती, उपमहाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, उपप्रबंधक संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर नेहा पटेल, शुभम तिवारी, योगेन्द्र साहू सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर भाजपा को मिलेगी पूर्ण बहुमत : अरुण साव

## दौरा कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मोदी की गारंटी व साय की गारंटी पर चुनाव मैदान में उतरने की कही बात

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव का दौरा कार्यक्रम था जहां भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता भी रखा गया था इस दौरान अरुण साव ने कहा कि लगातार चुनावी दौरा चल रहा है महासमुन्द के बाद कांकेर में भी सभा व बैठके आयोजित की गई है जिसके चलते आज कांकेर दौरे पर हूं आगे उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा को बहुत मिलेगी व नरेन्द्र मोदी की गारंटी व छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की 100 दिन की गारंटी पर भाजपा कार्य कर रही है। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में भगदड़ मची हुई है प्रत्याशियों का कांग्रेस के लोग ही विरोध कर रहे है। कांग्रेस आज नेतृत्वहिन हो गई। उन्होंने आग कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटे भारी बहुमत से जीतेगी व कांकेर लोकसभा चुनाव भी भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी।

### कांग्रेस चुनाव हारने के डर से लगा रही आरोप : साव

एक सवाल के जवाब में कि भानुप्रतापपुर के विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी पर दुष्कर्म के आरोप लगे थे व अभी भी भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी पर उनके परिजन आरोप लगा रहे है उससे भाजपा कितना नुकसान होगा इस पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव हारने वाली है हार दिख रहा है जिसके चलते कांग्रेस पार्टी बेबुनियाद व निराधार आरोप लगा रही है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403